*  ओड़िशा संस्करण

07 अगस्त, 2023
सावन, कृष्ण पक्ष, षष्ठी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 08, अंक 288

भारत में वर्ल्ड कप का मैच खेलने आयेगी पाकिस्तान क्रिकेट टीम








## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुरू की 'अमृत भारत स्टेशन योजना'

# झारखंड के 20 रेलवे स्टेशन बनेंगे वर्ल्ड क्लास

- 25 हजार करोड़ की परियोजना का मोदी ने किया शिलान्यास
- एयरपोर्ट की तर्ज पर विकसित होंगे देश भर के 508 स्टेशन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'अमृत भारत स्टेशन योजना' का शिलान्यास कर देश भर में पहले चरण में कुल 508 रेलवे स्टेशनों को एयरपोर्ट की तर्ज पर वर्ल्ड क्लास स्टेशन के रूप में विकसित करने की सौगात दी। इनमें झारखंड के 20 रेलवे स्टेशन भी शामिल हैं। करीब 25 हजार करोड़ रुपये की इस परियोजना का पीएम मोदी ने दिल्ली से ऑनलाइन शिलान्यास किया। झारखंड के जिन स्टेशनों का पुनर्विकास होगा, उनमें हटिया (355 करोड़), बोकारो (33.5 करोड़), बरकाकाना (32.6 करोड़), गोमो (32.4 करोड़), घाटशिला (31 करोड़), पारसनाथ (30.4 करोड़), कोडरमा (30.3 करोड़), राजखरसावां (30 करोड़), डालटनगंज (29.2 करोड़), साहिबगंज (29 करोड़), हजारीबाग रोड (28.1 करोड़), मनोहरपुर (27 करोड़), पिस्का (27 करोड़), कतरासगढ़ (26.9 करोड़), चंद्रपुरा (26.5 करोड़), नगरउंटारी (26.3 करोड़), गढ़वा टाउन (25.5 करोड़), लातेहार (24.5 करोड़), गढ़वा रोड (24.5 करोड़) और कुमारधुबी (17 करोड़) शामिल हैं। इनके अलावा उत्तर प्रदेश और राजस्थान में 55-55, बिहार में 49, महाराष्ट्र में 44, पश्चिम बंगाल में 37, मध्यप्रदेश में 34, असम में 32, ओडिशा में 25, पंजाब में 22, गुजरात और तेलंगाना में 21-21, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में 18-18, हरियाणा में 15 और कर्नाटक में 13 स्टेशन भी इस परियोजना में शामिल हैं।



## देश आज हर बुराई के लिए कह रहा, भारत छोड़ो : नरेंद्र मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को विपक्षी महागठबंधन पर परोक्ष रूप से निशाना साधा और भ्रष्टाचार, वंशवाद की राजनीति और तुष्टिकरण की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश इन बुरी ताकतों से भारत छोड़ने का आह्वान कर रहा है। पीएम मोदी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखने के बाद बोल रहे थे। भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यह महीना क्रांति का महीना है, कृतज्ञता का महीना है। यह कर्तव्य का महीना है। अगस्त में इतने ऐतिहासिक दिन आते हैं, जिन्होंने भारत के इतिहास को एक नयी दिशा दी और आज भी हमें प्रेरित करते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि भारत के लगभग 13 सौ प्रमुख रेलवे स्टेशनों को अब अमृत भारत रेलवे स्टेशन के रूप में विकसित किया जायेगा। इन्हें आधुनिक तरीके से फिर से विकसित किया जायेगा। इनमें से 508 अमृत भारत रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास का काम आज से शुरू हो रहा है।

## देश के सुदूर इलाकों की समस्या से पीएम अवगत: राज्यपाल

हटिया स्टेशन पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल डॉ सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। वह दूरस्थ इलाकों की समस्याओं से अवगत हैं और उन्हें दूर करने के लिए सतत प्रयत्नशील हैं। रांची के हटिया और पिस्का रेलवे स्टेशन सहित राज्य और देश के विभिन्न स्टेशनों को विकसित करने की योजना इसका ज्वलंत प्रमाण है। घरों तक कुकिंग गैस पहुंचाना, गरीबों को आवास का लाभ देना और किसान सम्मान निधि से किसानों को लाभान्वित होना इसके उदाहरण हैं। उन्होंने हटिया रेलवे स्टेशन मॉडल का अवलोकन किया। यहां आयोजित चित्रांकन, कविता, निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम/द्वितीय/तृतीय स्थान प्राप्त करनेवाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया।

## ज्ञानवापी की छत में एएसआइ को मिलीं कई डिजाइनें

# मंदिरों में दिखनेवाले 20 से ज्यादा आले मिले

- दीवारों की 3डी फोटोग्राफी और स्कैनिंग हुई

आजाद सिपाही संवाददाता



**वाराणसी।** ज्ञानवापी में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआइ) का चौथे दिन का सर्वे पूरा हो गया। एएसआइ ने रविवार सुबह सबसे पहले मुस्लिम पक्ष से चाबी लेकर व्यास तहखाने का ताला खुलवाया। सफाई करवायी और एग्जॉस्ट लगाये। इसके बाद सर्वे शुरू किया। टीम ने ज्ञानवापी के तीनों गुंबदों और परिसर का सर्वे किया। व्यास तहखाने में पैमाइश की। दीवारों की 3डी फोटोग्राफी, स्कैनिंग करवायी। चार्ट में दीवारों पर मिली कलाकृतियों के प्वाइंट नोट किये। कानपुर आइआइटी के दो जीपीआर एक्सपर्ट भी सर्वे टीम के साथ थे। बताया जा रहा है कि एक-दो दिन में जीपीआर मशीन से सर्वे शुरू हो सकता है। शाम पांच बजे तक सर्वे का काम हुआ। मुस्लिम पक्ष ने जल्द ही मुख्य तहखाने की चाबी देने की बात कही है। चौथे दिन एएसआइ टीम को गुंबदों के सर्वे के दौरान गोलाकार छत में कई डिजाइनें मिली हैं। हॉल में ही तीनों गुंबद सीलिंग में टीम को कई डिजाइनें दिखीं। इनकी एक-एक करके फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी करायी गयी। इस हॉल में अब तक मंदिरों में दिखनेवाले 20 से अधिक आले (दीवार में बनी अलमारी, इसे पूर्वांचल में ताखे कहते हैं) भी दिखे हैं। आलों की संरचना और उनके आसपास उभरे चिह्नों की 3डी मैपिंग भी हुई। हिंदू पक्ष ने कहा कि हम आगे बढ़ रहे हैं। गुंबद के पूरे सर्वे में अभी समय लगेगा, मगर सीलिंग की डिजाइन ने हमारा उत्साह बढ़ा दिया है।

पूरी ज्ञानवापी इमारत को एक बार में देखने के लिए उपग्रह के जरिये 3डी इमेजिनेशन तैयार किया जा रहा है। इसमें टीम दीवारों की 3डी इमेजिंग, मैपिंग और स्क्रीनिंग भी करेगी। रविवार को एएसआइ से 58 लोग, हिंदू पक्ष से आठ लोग और मुस्लिम पक्ष से तीन लोग मौजूद थे।

## न्यूज रील्स

### नूंह में एक्शन में प्रशासन, 45 अवैध निर्माण गिराये गये

चंडीगढ़। हरियाणा के नूंह में हिंसा के बाद प्रशासन एक्शन मोड में है। नूंह में ब्रजमंडल जलाभिषेक यात्रा पर पथराव मामले के बाद अवैध निर्माणों पर बुलडोजर एक्शन शुरू हो गया है। प्रशासन की ओर से हिंसा के बाद अब तक 45 से ज्यादा अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया है। इस मामले में पुलिस ने 55 एफआइआर दर्ज की है। साथ ही 145 लोगों को गिरफ्तार किया है। हिंसा के बाद से ही इलाके में भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात है। नूंह के डिप्टी कमिश्नर प्रशांत पंवार ने कहा है कि इलाके में स्थिति अब सामान्य है। अवैध निर्माण के खिलाफ प्रशासन का तोड़फोड़ अभियान आने वाले समय में भी जारी रहेगा।

### उत्तराखंड के गौरीकुंड में भूस्खलन, तीन की मौत, 20 लापता

नयी दिल्ली। उत्तराखंड के गौरीकुंड में भूस्खलन की वजह से तीन लोगों की मौत हो गयी, जबकि 20 लोग लापता हो गये। उत्तराखंड के डीजीपी अशोक कुमार ने बताया कि रुद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ धाम यात्रा रूट पर यह हादसा हुआ। रेस्क्यू टीम सर्च ऑपरेशन चला रही है। लापता लोगों में से 17 नेपाली नागरिक हैं। टिहरी गढ़वाल जिले में शनिवार रात को बारिश के चलते एक घर की दीवार गिर गयी। दीवार के नीचे दबने से दो बच्चों की मौत हो गयी। उधर, नैनीताल में पुल के ऊपर से गुजर रही बस पलट गयी। बस में सवार 35 लोगों को जेसीबी से बचाया गया।

### पाकिस्तान में रेल हादसा, 25 लोगों की मौत

कराची। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के नवाबशाह जिले में रविवार दोपहर एक रेल हादसे में 25 लोगों की मौत हो गयी। 163 लोग घायल हैं। इनमें से 31 की हालत गंभीर बतायी गयी है। जानकारी के मुताबिक रावलपिंडी से चलने वाली हजारा एक्सप्रेस सहारा स्टेशन के पास पटरी से उतर गयी। कुछ बोगियां पलट भी गयी हैं और ये पास के एक तालाब में गिर गयीं। अब तक 22 लोगों के शव बरामद किये गये हैं। 31 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। अफसरों के मुताबिक भारी बारिश की वजह से ट्रैक खराब हो गया था और इसी वजह से यह हादसा हुआ। पाकिस्तानी जियो न्यूज के मुताबिक हादसा रविवार दोपहर करीब दो बजे हुआ, लेकिन काफी देर तक कोई जिम्मेदार अफसर मौके पर मौजूद नहीं था। पुलिस ने कुछ लोगों के साथ मिल कर घायलों को निकाला और उन्हें करीब के अस्पताल पहुंचाया। जिस जगह हादसा हुआ, वहां से कराची 275 किलोमीटर दूर है।

## सीएम हेमंत आज बोकारो में डुमरी उपचुनाव को लेकर भरेंगे हुंकार

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को बोकारो में रहेंगे। कार्यक्रम जिले के चंद्रपुरा प्रखंड के तारानारी शनिचर बाजार स्थित मैदान में होना है। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के साथ राज्य की मद्य निषेध और उत्पाद विभाग की मंत्री बेबी देवी भी होंगी। यह कार्यक्रम डुमरी उपचुनाव के मद्देनजर बेहद महत्वपूर्ण है। सीएम डुमरी उपचुनाव को लेकर जगह-जगह हुंकार भर रहे हैं, क्योंकि सत्ता पक्ष हर हाल में यह सीट जीतना चाहता है। सीएम के आगमन को लेकर बोकारो डीसी कुलदीप चौधरी और एसपी प्रियदर्शी आलोक द्वारा कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया गया। विधि व्यवस्था का मुआयना किया गया। कार्यक्रम स्थल पर हेलीपैड के साथ-साथ सभास्थल और वाहनों के पार्किंग स्थल सहित आसपास की जगहों का भी अच्छी तरह से निरीक्षण किया गया।

**कई योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन :** सीएम हेमंत द्वारा चंद्रपुरा प्रखंड में विभिन्न विभागों की योजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और परिसंपत्ति वितरण भी किया जायेगा।

### रामगढ़ में राधाकृष्ण मठ की 11.5 एकड़ जमीन के अवैध हस्तातंरण और शिकायतकर्ता की गिरफ्तारी का मामला

## हाइकोर्ट ने राज्य सरकार, सीबीआइ और इडी से मांगा जवाब

- मामले की अगली सुनवाई 28 अगस्त को होगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने रामगढ़ के कुंदरू खुर्द में राधाकृष्ण मठ की 11.5 एकड़ जमीन के अवैध हस्तातंरण और उसकी शिकायत करनेवाले की गिरफ्तारी के मामले में झारखंड सरकार, इडी और सीबीआइ से तीन सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 28 अगस्त को होगी। न्यायमूर्ति संजय कुमार द्विवेदी की अदालत ने इस मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि वादी के पति को रामगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में रखा है। उनकी गिरफ्तारी का सीसीटीवी फुटेज पेन ड्राइव में सुरक्षित है। अदालत ने पेन ड्राइव को भी सुरक्षित रखने का आदेश दिया।

**क्या है मामला :** वादी कुमारी प्रीति ने याचिका में आरोप लगाया है कि रामगढ़ के कुंदरू खुर्द में राधाकृष्ण मठ की 11.5 एकड़ जमीन का अवैध हस्तांतरण रामगढ़ की तत्कालीन डीसी के आदेश पर जमीन माफियाओं को कर दिया गया। वह इस मठ की एक अनुयायी हैं। इस हस्तांतरण की शिकायत उनके पति ने मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव समेत अन्य उच्चाधिकारियों को की। इन शिकायतों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस साल 13 मई को इस मामले की एक रिपोर्ट समाचार पत्रों में भी प्रकाशित हुई। याचिका के अनुसार प्रकाशित रिपोर्ट में कहा गया था कि सीओ की आपत्ति के बावजूद डीसी के आदेश पर उक्त जमीन का म्यूटेशन कर दिया गया। रिपोर्ट प्रकाशन के बाद वादी के पति के खिलाफ एक झूठा मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। अदालत ने वादी के अधिवक्ता नवीन कुमार सिंह और प्रतिवादी पक्ष के अधिवक्ताओं, दीपांकर राय, अनिल कुमार, चंदना कुमारी और नीतीश पार्थ सारथी की दलीलें सुनने के बाद प्रतिवादियों को नोटिस जारी किया।

### झारखंड आदिवासी महोत्सव की तैयारियां उफान पर


## 9-10 को जीवंत होगी आदिवासी संस्कृति

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची स्थित भगवान बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान सह स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय एक ऐतिहासिक स्थल है। इस ऐतिहासिक स्थल की पावन धरा पर झारखंड आदिवासी महोत्सव 2023 का वृहत और भव्य आयोजन किया जा रहा है। कला, संस्कृति के अनुपम संगम स्थल पर आदिवासी आन,बान और शान का गौरवशाली इतिहास और आदिवासी भव्यता को प्रदर्शित करता स्मृति उद्यान स्थल पल-पल प्रतिपल आकार ले रहा है। नौ और 10 अगस्त को झारखंड आदिवासी महोत्सव 2023 में झारखंडी खान-पान, परिधान फैशन शो, आदिवासी व्यंजन के स्टॉल एवं विविध जनजातीय सांस्कृतिक संध्या आदि कार्यक्रमों की बानगी छटा बिखेरती नजर आयेगी। सावन मास की रिमझिम फुहारों के बीच इस अलौकिक कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए सभी एक उद्देश्य के साथ आयोजन को दिन-रात अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आयोजित किये जाने वाले झारखंड आदिवासी महोत्सव-2023 में भगवान बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान सह स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय इतिहास रचने जा रहा है।

#RememberingBauji

93RD BIRTH ANNIVERSARY



श्री ओ.पी. जिन्दल
7 अगस्त 1930 – 31 मार्च 2005
संस्थापक एवं दूरदर्शी, ओ.पी. जिन्दल ग्रुप

महान व्यक्तित्व एवं प्रेरणा स्रोत

"दुनिया ने जहां दीवार देखी, बाऊजी ने वहां दरवाजे"

सफल उद्योगपति, जिन्होंने अपनी मेहनत और प्रतिबद्धता से औद्योगिक समूह की स्थापना की
जननायक, जिन्होंने आजीवन दलितों-पिछड़ों और किसानों के हितों के लिए संघर्ष किया
समाज सेवी, जिन्होंने अपना जीवन समाज सेवा के लिए समर्पित कर दिया
दूरदर्शी व्यक्तित्व, जिन्होंने 50 साल पहले आत्मनिर्भर भारत का सपना देखा और देश का भाग्य बदलने में अग्रणी भूमिका निभाई

बाऊजी को शत् शत् नमन

JINDAL SAW LTD. TOTAL PIPE SOLUTIONS
JSW Better Everyday
JSL JINDAL STAINLESS
JINDAL STEEL & POWER

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 56,400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 75,000 रु./प्रति किलो |



# मंडल पार्ट-2 की सियासत की तरफ आगे बढ़ता देश

## ■ 2024 में फिर बाहर निकलेगा आरक्षण का जिन्न और भिड़ेंगी पार्टियां

## ■ जातीय जनगणना के सहारे इस रास्ते पर चलने की बन रही रणनीति

**देश में अगले साल की पहली छमाही में होनेवाले आम चुनाव से पहले जिस तरह जातीय जनगणना का मुद्दा उछला है और पटना हाइकोर्ट द्वारा बिहार में इसे हरी झंडी दिखाये जाने के बाद, उससे एक बात तो साफ हो गयी है कि देश अब मंडल पार्ट-2 के रास्ते पर आगे बढ़ने की तैयारी कर चुका है। पटना हाइकोर्ट के आदेश और लगभग उसी समय रोहिणी आयोग द्वारा केंद्र सरकार को सौंपी गयी रिपोर्ट ने आरक्षण के मुद्दे को एक बार फिर केंद्र में लाकर खड़ा कर दिया है। कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी गठबंधन ने इसे बड़ा मुद्दा बनाने का मन बनाया है, तो भाजपा भी इस राह पर चल कर अपनी सोशल इंजीनियरिंग की मदद से लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल करने की रणनीति बना रही है। जाति आधारित जनगणना के फैसले के बाद यूपी-बिहार के साथ दूसरे राज्यों में जाति आधारित राजनीति का बड़ा स्वरूप उभर कर सामने आया था और अब सभी दल इस गंगा में डुबकी लगाना चाह रहे हैं। आम चुनावों के ठीक पहले जिस तरह से इस मुद्दे ने जोर पकड़ा है और कांग्रेस ने जहां जातीय आंकड़ों को लेकर भाजपा को कठघरे में खड़ा करने की कोशिश की है, तो वहीं भाजपा ने पलटवार किया है कि कांग्रेस देश को धर्म और जाति में बांटना चाहती है। सत्ता के दो प्रमुख दावेदारों के स्टैंड से अब यह लगने लगा है कि 2024 में आरक्षण जैसे संवेदनशील मुद्दे पर दोनों दल खूब जोर-आजमाइश करेंगे। लेकिन सच यही है कि जातीय राजनीति के लाभ हैं, तो नुकसान भी हैं। जातीय राजनीति से तात्कालिक लाभ की उम्मीद की जा सकती है, लेकिन लंबी अवधि में यह देश और समाज के लिए नुकसानदेह ही साबित होगी। इसलिए बोतल में बंद इस जिन्न को बाहर निकालने में हड़बड़ी नहीं दिखानी चाहिए। जातीय जनगणना की पृष्ठभूमि में आरक्षण की राजनीति के नफा-नुकसान समेत इसके विभिन्न पहलुओं के बारे में बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

आगामी लोकसभा चुनाव के लिए विपक्षी गठबंधन और सत्तारूढ़ एनडीए को ऐसा मुद्दा मिल गया है, जो गेम चेंजर साबित हो सकता है। यह मुद्दा ओबीसी से जुड़ा हुआ है। पटना हाइकोर्ट ने बिहार में जातिगत सर्वे करने की मंजूरी दे दी है। उधर मोदी सरकार को रोहिणी आयोग ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है, जिसमें ओबीसी आरक्षण में कोटा की श्रेणियां करने का प्रस्ताव है। यानी मंडल पार्ट-2 का सियासी रास्ता तैयार है। विपक्षी गठबंधन तो अब तेजी से ओबीसी सर्वे की दिशा में चलेगा, लेकिन बड़ा सवाल यह उठता है कि क्या मोदी विपक्षी गठबंधन की रणनीति पर लंबी लकीर खींचने का जोखिम उठा पायेंगे और क्या रोहिणी आयोग की सिफारिशें लागू करने की दिशा में कोई पहल करेंगे।

इसके अलावा देश में जाति आधारित राजनीति भी जोर पकड़ने लगी है। कांग्रेस और क्षेत्रीय दल इस तरह की राजनीति की शुरुआत कर चुके हैं। भाजपा को इससे हिचक इसलिए है, क्योंकि इससे जाति आधारित राजनीति को बल मिलने के साथ आरक्षण की नयी मांगें सामने आने का अंदेशा है। सच जो भी हो, यह अच्छा है कि बिहार सरकार जातीय गणना के साथ लोगों की आर्थिक स्थिति का भी आकलन करने जा रही है। लोगों की आर्थिक स्थिति जानना इसलिए आवश्यक है, क्योंकि उसे जान कर ही क्षेत्र विशेष के लिए आर्थिक उत्थान की कारगर योजनाएं शुरू की जा सकती हैं। आर्थिक स्थिति का आकलन निर्धनता निवारण की योजनाओं के क्रियान्वयन में भी सहायक होता है, लेकिन यही बात जातीय जनगणना के बारे में नहीं कही जा सकती। सैद्धांतिक रूप से तो देश के सामने यह स्पष्ट होना ही चाहिए कि किस जाति के कितने लोग हैं, क्योंकि सामाजिक विकास की कई योजनाएं इसी आधार पर संचालित होती हैं कि कहां, किस जाति की कितनी संख्या है। जाति भारतीय समाज की एक सच्चाई है और उसकी अनदेखी नहीं की जा सकती। जाति का सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक दृष्टि से भी महत्व है, लेकिन जातीय जनगणना के खतरे भी हैं। सबसे बड़ा खतरा यह है कि विभिन्न राज्यों में जातियों का आकलन करने के नाम पर जातिवाद की राजनीति को नये सिरे से धार दी जा सकती है। इस बात की अनदेखी नहीं की जा सकती कि अपने देश में जातियों को गोलबंद करके किस तरह वोट बैंक की राजनीति की जाती है। देश में कई दल ऐसे हैं, जो जाति विशेष की राजनीति करते हैं। इन दलों ने विभिन्न जातीय समूहों को गोलबंद करके तरह-तरह के समीकरण बना रखे हैं। क्षेत्रीय राजनीतिक दल ऐसे समीकरण बनाने में माहिर हैं। भले ही जातियों के आधार पर राजनीति करनेवाले दल सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ने का दावा करते हों, लेकिन सच यह है कि वे जातिगत आधार पर लोगों का ध्रुवीकरण करते हैं और चुनावों के समय उसका लाभ उठाते हैं। इस तरह की राजनीति न केवल समाज को बांटने का काम करती है, बल्कि कई बार विभिन्न जातियों के बीच वैमनस्य भी पैदा करती है।

### क्या है रोहिणी आयोग की रिपोर्ट

रोहिणी आयोग का गठन दिल्ली हाइकोर्ट की रिटायर्ड जज जस्टिस जी रोहिणी की अध्यक्षता में 2017 में किया गया था। अब तक 13 बार इसके कार्यकाल को आगे बढ़ाया गया है। ऐसा कहा जा रहा था कि मोदी सरकार इसे और लंबा खींचना चाहती थी, पर अचानक ही आयोग ने अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंप दी। आयोग का कहना है कि देश की 2633 ओबीसी जातियों-उपजातियों में से 983 जातियों को ओबीसी आरक्षण का शून्य लाभ मिला है, बात चाहे नौकरी की हो या पढ़ाई की। इसी तरह 994 जातियों की हिस्सेदारी नौकरी और पढ़ाई में मात्र 2.68 फीसदी की रही है।

ऐसे में सवाल यह है कि क्या मोदी सरकार इन पिछड़ी 1977 जातियों के साथ सामाजिक न्याय करने और बदले में वोट हासिल करने की चुनावी चाल चलेगी? मोदी सरकार ऐसा करती है, तो उसे पिछड़ी ओबीसी जातियों के वोट से अपने वोट बैंक का विस्तार करने में मदद मिलेगी। इस समय एनडीए के पास 25 करोड़ वोटर हैं और करीब इतने ही 2019 के लोकसभा चुनाव के हिसाब से विपक्षी गठबंधन के पास हैं। अब सवाल उठता है कि इसके लिए मोदी सरकार को क्या करना होगा।

बताया जाता है कि रोहिणी आयोग 2633 ओबीसी जातियों की चार श्रेणियां बनाने के पक्ष में है। इस समय कुल आरक्षण 27 फीसदी है। इसमें से पहली श्रेणी को 10 फीसदी आरक्षण देने की बात है। दूसरी श्रेणी को नौ फीसदी, तीसरी श्रेणी को छह फीसदी और चौथी श्रेणी को दो फीसदी आरक्षण देने की बात है। सबसे नीचे की श्रेणी में सबसे पिछड़ी 1674 जातियां रखी गयी हैं, जो अब तक आरक्षण के लाभ से लगभग वंचित रही हैं। जानकारों का कहना है कि रोहिणी आयोग की सिफारिशें पर अमल करते हुए भाजपा ओबीसी के बड़े वर्ग को अपने साथ ले सकती है, पर यहां दो पेच हैं- एक, पिछड़ों में अगड़े-जाट और यादव नाराज हो जायेंगे, क्योंकि उनका कोटा 27 फीसदी की जगह 10 फीसदी ही रह जायेगा। दूसरा, अति पिछड़ी जातियों को भले ही अभी न के बराबर लाभ मिल रहा हो, पर उन्हें दो फीसदी आरक्षण देने का फैसला ज्यादा खुश करनेवाला नहीं होगा। अगर इन अति पिछड़ों को मोदी समझाने में कामयाब हुए, तो खेल बदल सकते हैं।

उधर विपक्षी गठबंधन को लगता है कि बिहार की जातीय जनगणना के साथ ही उसकी ओबीसी राजनीति मोदी पर भारी पड़ सकती है। मंडल आयोग ने 1911 की जनगणना के हिसाब से देश में 52 फीसदी ओबीसी होना माना था और 27 फीसदी आरक्षण दिया गया था। देश में कितने ओबीसी हैं, यह संख्या किसी को पता नहीं है। एक अध्ययन के अनुसार, देश में ओबीसी आबादी करीब 45 फीसदी है। इसमें तमिलनाडु में 71, कर्नाटक में 62, बिहार में 61, उत्तरप्रदेश में 54, हरियाणा में 47, तो राजस्थान में 48 फीसदी ओबीसी हैं। ऐसे में यदि ओबीसी आबादी 45 फीसदी निकलती है, तो मोदी सरकार पर ओबीसी आरक्षण 27 फीसदी से बढ़ा कर 45 फीसदी करने का दबाव डाला जायेगा।

वहीं कुछ लोगों का कहना है कि बेरोजगारी और महंगाई के दौर में आरक्षण का मुद्दा बेहद संवेदनशील है, जो बड़ी आबादी को प्रभावित करता है। ऐसे में आरक्षण के कोटे में जरा-सा भी फेरबदल कुछ के लिए खुशी लायेगा और कुछ के लिए संकट। बीच का रास्ता कोई है नहीं। इसलिए केंद्र सरकार जातीय जनगणना करवाना नहीं चाहती। इस हिसाब से रोहिणी कमीशन की रिपोर्ट फिलहाल ठंडे बस्ते में डाली जा सकती है। हालांकि कुछ लोगों का कहना है कि अगर भाजपा को लगा कि 2024 का आम चुनाव जीतना मुश्किल होगा, तो जनवरी में कमंडल यानी राम मंदिर के उद्घाटन के साथ ही मंडल-2 (वर्गीकरण) को लागू करने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।



---

# डोभा में डूबने से भाई-बहन की मौत

**पुलिस जांच में जुटी, दो बच्चों की मौत से गांव में पसरा मातम**

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** झारखंड के देवघर जिले में दर्दनाक हादसा हुई है। जिले के मोहनपुर प्रखंड के रिखिया थाना क्षेत्र के जियापानी गांव में रविवार को एक ही परिवार के दो बच्चों की डोभा में डूबने से मौत हो गयी है। मृतकों की पहचान राजेंद्र यादव की पुत्री नौ वर्ष की प्रियंका कुमारी और छह वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार के रूप में हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार राजेंद्र यादव के घर से महज 300 मीटर की दूरी पर डोभा है। यहां पर गांव के सभी बच्चे खेलने के लिए जाते थे। रविवार को भी दोनों भाई-बहन खेलने गये थे। जानकारी के अनुसार डोभा के किनारे खेल रहे दोनों बच्चों का पैर फिसल गया और दोनों डोभा में गिर गये। परिजनों को मामले की सूचना दी गयी। परिजनों ने पहुंच कर दोनों बच्चों को डोभा से निकाला, लेकिन तब तक दोनों बच्चों की मौत हो गयी थी। वहीं बच्चों की मौत से माता-पिता सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी मिलने के बाद रिखिया थाना प्रभारी शुभम गोप दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन की।

# अश्लील हरकत करनेवाले हेडमास्टर पर लगा आरोप पाया गया सही, जा सकती है नौकरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरहेट।** बीते 20 जुलाई को बरहेट प्रखंड के एक सरकारी स्कूल के प्रिंसिपल द्वारा छात्रा के साथ छेड़खानी का मामला सामने आया था। उसके बाद प्रिंसिपल मोहम्मद शमशाद अली को गिरफ्तार कर लिया गया था। उपायुक्त ने हेड मास्टर को सस्पेंड कर दिया था। मामले में जांच के लिए झारखंड सरकार ने दो सदस्यीय टीम स्कूल भेजी। शनिवार को जांच टीम ने भौतिक सत्यापन के आधार पर जांच कर प्रिंसिपल पर लगे आरोपों को सही पाया है। सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी सीमा प्रसाद और अवर सचिव स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग किरण कुमारी ने बताया कि बच्चियों और अभिभावकों से पूछताछ पर यही पता चला कि आरोपी हेडमास्टर छेड़छाड़ की।

### हरकतों से बाज नहीं आया हेडमास्टर

**बता दें कि इस मामले में अगर विभागीय कार्रवाई हुई तो प्रधानाध्यापक की नौकरी भी जा सकती है। बता दें कि तीन दिन पहले ही हेडमास्टर को शोकॉज किया गया था। आगे की कार्रवाई के लिए विभाग को रिपोर्ट भेजी गयी है। बच्चियों का कहना है कि यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी स्कूल की दर्जनों बच्चियों के साथ प्रिंसिपल मोहम्मद शमशाद अली गंदी हरकत कर चुका है।**

# आपसी विवाद में महिला की चाकू मार कर हत्या, पति भी गंभीर

**जरमुंडी थाना क्षेत्र के विराजपुर गांव में पत्नी की मौत, पति गंभीर रूप से घायल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**दुमका।** दुमका जिला के जरमुंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत विराजपुर गांव निवासी 50 वर्षीय जयकांत दास ने अपनी 45 वर्षीय पत्नी लीला दास की गले में चाकू मार कर हत्या कर दी। बाद में उसने खुद को भी चाकू मार कर गंभीर रूप से घायल कर लिया। घटना की वजह पति-पत्नी में आपसी कलह बतायी जा रही है। बजरंगबली मोड़ स्थित आम बगान के समीप से गंभीर रूप से घायल जयकांत दास को रविवार की सुबह ग्रामीणों ने देखा और इसकी सूचना जरमुंडी थाना पुलिस को दी। जरमुंडी थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर घायल को उठा कर बासुकीनाथ नंदी चौक स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। यहां जयकांत दास की प्राथमिक चिकित्सा के बाद उसे बेहतर चिकित्सा के लिए दुमका रेफर कर दिया गया है। इस घटना के संदर्भ में जरमुंडी थाना के पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी दयानंद साह ने बताया कि पुलिस घटना को लेकर हर बिंदु पर जांच-पड़ताल कर रही है। इस कांड के उद्भेदन को लेकर एएसआइ राजकुमार सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

घटना को लेकर तरह-तरह की बातें की जा रही हैं। एक ओर जहां घायल जयकांत दास ने पत्नी की हत्या और खुद पर हुए हमले को लेकर गांव के ही अपने गोतिया हरिश्चंद्र दास, कटकी दास, देविया देवी द्वारा चाकू मार कर पत्नी को जान से मार देने औरबीच बचाव करने आये जयकांत दास को भी चाकू से मार कर घायल कर देने का आरोप लगाया है।

**पिता और पुत्र ने क्या बताया**

इस घटना को लेकर मृतक महिला लीला देवी के पिता जरमुंडी थाना क्षेत्र के मदनपुर गांव निवासी मोहन दास और लीला देवी के पुत्र हरिशंकर दास ने जयकांत दास पर ही अपनी पुत्री की हत्या करने का आरोप लगाया। पत्र ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व उसने एक मोबाइल खरीदा था, जो बाद में घर से ही कहीं गायब हो गया। इसको लेकर उसकी मां लीला देवी ओझा गुनी से मोबाइल के संदर्भ में पता करने के लिए जाती थी। यह बात जयकांत दास को नागवार गुजरती थी। इसी बात को लेकर बीती रात पति-पत्नी में जम कर विवाद हुआ था, जिसके बाद जयकांत दास ने देर रात्रि अपनी पत्नी लीला देवी के गले में चाकू मार कर हत्या कर दी और किसी का उस पर शक नहीं हो, इसलिए खुद को भी चाकू मार कर घायल कर लिया।

## पहल : झारखंड के सभी सरकारी स्कूलों में होंगे कई महत्वपूर्ण बदलाव

# विभागीय अधिकारियों के संपर्क के साथ मिलेंगे इमरजेंसी नंबर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में कई चीजें बदलने जा रही हैं। इस बदलाव को लेकर राज्य परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी ने सभी जिले के शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश भेजा है। भेजे गये निर्देश के अनुसार अब सरकारी स्कूलों में तीन बदलाव देखने को मिलेंगे। यह बदलाव स्कूल में लगे नोटिस बोर्ड से जुड़ा हुआ है। जल्दी ही यह बदलाव सभी स्कूलों में नजर आने लगेगा। जिन स्कूलों में नोटिस बोर्ड है, उन्हें दुरुस्त करने और जहां नहीं है, वहां लगाने को कहा गया है। सभी स्कूलों को 30 सितंबर तक यह काम पूरा कर लेने को कहा गया है।

**स्कूल के नोटिस बोर्ड में होंगी स्टूडेंट्स की उपलब्धियां**

### नोटिस बोर्ड पर लगेंगे फोटोग्राफ और लिखे रहेंगे नाम

जिले के सभी शिक्षा प्रमुखों को भेजे गये निर्देश में कहा गया है कि अब नोटिस बोर्ड में स्कूलों के शिक्षक, बाल संसद और प्रबंधन समिति के सदस्यों के फोटोग्राफ भी नाम के साथ लगायें। इसमें ध्यान देनेवाली बात है कि इसके लिए कैटेगरी भी बनायी गयी है। इसमें बताया गया है कि किस तरह के बच्चों के नाम लगाये जायेंगे।




इस फोटो और नाम लगाने के पीछे का मकसद है कि जब भी निरीक्षण होगा या स्कूल में जो भी लोग आयेंगे, वे इसे देख सकेंगे।

### इन बच्चों के नाम के साथ लगेंगी फोटो

स्कूल के नोटिस बोर्ड पर हर कक्षा में प्रथम स्थान लानेवाले छात्र-छात्राओं, खेलकूद या स्कूलों की अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले छात्र-छात्राओं के नाम के साथ-साथ उनकी फोटो भी लगेगी। वहीं, स्कूलों में अच्छी उपस्थिति और सुंदर हैंडराइटिंग वाले छात्र-छात्राओं के नाम और उनकी लिखी हुई चीजें भी सार्वजनिक की जायेंगी। इसके लिए स्कूलों के नोटिस बोर्ड या स्कूल की दीवारों का उपयोग किया जा सकता है।

### स्कूल में लिखे मिलेंगे महत्वपूर्ण नंबर

**सरकारी स्कूलों में होनेवाले दूसरे और तीसरे बदलाव की बात करें, तो अब यहां महत्वपूर्ण नंबर भी लिखे मिलेंगे। गाइडलाइन में कहा गया है कि शिक्षा विभाग से संबंधित अधिकारियों के नंबर और मिड-डे मील के नंबर भी अंकित रहेंगे। किसी प्रकार की परेशानी होने पर बच्चे उक्त नंबरों पर शिकायत कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त स्कूलों की दीवारों पर पुलिस, एबुलेंस और फायर ब्रिगेड के हेल्पलाइन नंबर भी अंकित होंगे। इसे दीवारों पर अंकित कर बच्चों को इसकी उपयोगिता के बारे में बताया जायेगा। अपराध होने, आपातकालीन स्थिति, स्वास्थ्य संबंधी या अगजनी की घटना होने पर इन नंबरों से संपर्क कर सूचना दी जा सकती है और मदद ली जा सकती है। ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में प्रखंड, थाना के अधिकारियों के मोबाइल नंबर भी अंकित रहेंगे।**

### क्यों किये जा रहे यह बदलाव

शिक्षा विभाग के मुताबिक स्कूलों में उपलब्धियों के साथ-साथ प्रतिभावान बच्चों की तस्वीरें लगाने पर दूसरे बच्चों में प्रतियोगिता की भावना जागृत होगी। प्रथम स्थान पर आनेवाले छात्र-छात्राओं, खेलकूद, उपस्थिति, हैंडराइटिंग समेत अन्य गतिविधियों में बेहतर करनेवाले छात्रों की फोटो और नाम देखने पर दूसरे बच्चे भी इसके लिए प्रेरित होंगे। वे भी चाहेंगे कि कड़ी मेहनत करें, ताकि उनकी तस्वीर और उपलब्धियां लोग देख कर तारीफ करें।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 26.8 °c | 23.5 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.29 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.22 बजे | |



## मधुबन में प्रदेश भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न

# परिवारवाद को हराना है, राष्ट्रवाद को जिताना है: बाबूलाल

**भाजपा प्रदेश प्रशिक्षण विभाग की ओर से आयोजित शिविर में जिला परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्य हुए शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** भाजपा प्रदेश प्रशिक्षण विभाग द्वारा जिला परिषद अध्यक्षों, उपाध्यक्षों और सदस्यों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर रविवार को मधुबन में संपन्न हुआ। समापन सत्र को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जनता भगवान है। भगवान के दरबार में अच्छे संकल्प की सिद्धि के लिए बार-बार गुहार लगानी पड़ती है। हम भी जनता के दरवाजे पर पार्टी की नीतियों, कार्यक्रमों को लेकर बार- बार जायें। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में श्रेष्ठ भारत की नींव रखी है। तीसरी बार मोदी सरकार बना कर हमें आत्मनिर्भर भारत निर्माण के संकल्प को पूरा करना है। उन्होंने झारखंड की 14 लोकसभा सीटों पर जीत सुनिश्चित कराने का आह्वान किया।

मरांडी ने कहा कि आगामी लड़ाई परिवारवाद और राष्ट्रवाद के बीच है। मायावी शक्तियां भेष बदल कर भ्रष्टाचार पर पर्दा डालना चाहती हैं। इस मंसूबे को नाकाम करते हुए उन्हें कठोर सजा दिलानी है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने अंत्योदय और ग्रामीण विकास की योजनाओं पर अटल जी के नेतृत्व में कार्य प्रारंभ किया, जिसे पिछले नौ वर्षों में मोदी सरकार ने मजबूती से आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, आवास योजना, शौचालय योजना, गरीब कल्याण अन्न योजना, किसान समृद्धि योजना, आयुष्मान भारत योजना जैसी योजनाओं ने गांव, गरीब और किसानों को आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूती प्रदान की है। उन्होंने कहा कि आज गरीबी घटी है, साथ ही गांव और शहर की दूरी समाप्त हुई है।

### सबका साथ सबका विकास के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे : नागेंद्र त्रिपाठी




शिविर में भाजपा के इतिहास, विकास और पंच निष्ठा विषय पर क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भाजपा का इतिहास 1951 से जनसंघ की स्थापना से शुरू होता है। जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के कश्मीर में राष्ट्र की एकता के लिए दिये गये बलिदान से हमारा संघर्ष आगे बढ़ता है। गोवा मुक्ति आंदोलन, पांडिचेरी, दमन दीव की लड़ाई लड़ते हुए पार्टी ने लोकतंत्र की रक्षा के लिए आपातकाल में संघर्ष किया। भाजपा ने कांग्रेस की राष्ट्र विरोधी नीतियों और राष्ट्र के प्रति उनकी अवधारणा के खिलाफ जनमत खड़ा कर एक मजबूत विपक्षी गठबंधन खड़ा किया। आज संघर्ष के बल पर और जनता के सहयोग से पार्टी पूर्ण बहुमत से केंद्र सरकार चला रही है। हम सबका साथ सबका विकास के संकल्प और अंत्योदय के कार्यक्रम को तेजी से धरातल पर उतार रहे हैं।

### कार्यकर्ता ही पार्टी की पूंजी हैं : कर्मवीर सिंह

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा में प्रशिक्षण कार्यकर्ता निर्माण की पद्धति है, जिससे एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक कार्यकर्ता का भी निर्माण होता है। कार्यकर्ता ही पार्टी की पूंजी हैं।

### उम्मीदों पर खरा उतरें : आशा लकड़ा

पंचायती राज में प्रतिनिधियों की भूमिका पर बोलते हुए राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा ने कहा कि जनता ने जैसे आप सभी पर भरोसा किया है, वैसे आप सभी उनकी आशाओं, उम्मीदों पर खरा उतरें। अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव ने जनसंघ काल से पार्टी को सींचने वाले स्व ललित उरांव के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्व उरांव जैसे प्रेरणा पुरुषों ने अभाव में भी पार्टी की नीतियों कार्यक्रमों को जनता के बीच पहुंचाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अभयकांत प्रसाद, डॉ रविंद्र राय, बालमुकुंद सहाय और महादेव दुबे ने की। प्रशिक्षण शिविर को सफल बनाने में प्रदेश महामंत्री औरा सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, शशि भूषण भगत सहित गिरिडीह और पीरटांड़ मंडल के सभी सक्रिय कार्यकर्ताओं ने महती भूमिका निभायी।

## डीजीपी ने हजारीबाग में की समीक्षा बैठक, कहा

# अवैध उत्खनन पर पूर्णतः रोक लगायें

**अपराध नियंत्रण और आपराधिक गिरोह पर लगाम लगाने का दिया निर्देश**

दीपक सिंह




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित सभागार में झारखंड के डीजीपी अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में हजारीबाग रेंज के डीआइजी, रेंज के जिलों (हजारीबाग, चतरा, रामगढ, कोडरमा एवं गिरिडीह) के एसपी तथा अन्य पदाधिकारियों के साथ हजारीबाग रेंज में अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था संधारण हेतु तथा नक्सलियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियानों पर समीक्षा बैठक हुई। पुलिस महानिदेशक ने संगठित रूप से किये जाने वाले अवैध उत्खनन (यथा--कोयला, आयरन और बालू एवं पत्थर) पर पूर्णतः रोक लगाने एवं उसपर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होने एनटीपीसी के क्षेत्रों में लाइट एवं सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापित करने की बात कही।

बैठक में डीजीपी अजय कुमार सिंह द्वारा महत्वपूर्ण अपराध शीर्ष यथा-हत्या, डकैती, लूट, चोरी, गृहभेदन, स्नेचिंग, आर्म्स एक्ट, फिरौती के लिए अपहरण, संगठित अपराधिक गिरोह द्वारा रंगदारी, बलात्कार, पोक्सो एक्ट एवं अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्रतिवेदित कांडों तथा उसके निष्पादन पर चर्चा की गयी। इस बैठक में अपराध नियंत्रण हेतु संगठित आपराधिक गिरोहों के सरगना एवं उसमें शामिल सदस्यों को चिह्नित करते हुए सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जमानत पर छूटे अपराधकर्मियों के वर्तमान गतिविधि पर लगातार निगरानी रखते हुये सीसीए के प्रावधानों के तहत कार्रवाई करने पर बल दिया। संगठित आपराधिक गिरोह के फरार सदस्यों को हर हाल में गिरफ्तारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

### टॉप 10 अपराधकर्मियों को गिरफ्तार करें

जिला में सक्रिय टॉप 10 अपराधकर्मियों को टीम गठित कर उसे अविलंब गिफ्तार कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने सक्रिय अपराध कर्मियों के विरुद्ध सीसीए के तहत किस जिले से कितने प्रस्ताव भेजे गये, कितने अप्रूव हुए एवं कितने पेंडिंग हैं की जानकारी ली। संगठित आपराधिक गिरोहों पर लगाम लगाने के लिए हजारीबाग क्षेत्राधीन सभी जिलों में अपराधिक गिरोहों एवं उनके सदस्यों की सूची तैयार कर फरार अपराधकर्मियों को यथाशीघ्र गिरफ्तार करने एवं जेल में बंद अपराधकर्मियों पर निगरानी रखने का निर्देश दिया। जेल से छूटे अपराधकमियों का बेल कैंसिलेशन कराने तथा स्पीडी ट्रायल कर अपराधियों को सजा दिलाने एवं फरार अपराधकर्मियों के विरुद्ध नियमानुसार पुरस्कार की घोषणा करने का निर्देश दिया।

इसके अतिरिक्त इस बैठक में उग्रवादियों की चल-अचल संपत्तियों की जब्ती के प्रस्तावों की स्थिति फरार नक्सली कमांडरों के खिलाफ इनाम घोषणा के प्रस्तावों की स्थिति, पांच वर्ष और दस वर्ष से अधिक अवधि से लंबित मामलों की समीक्षा की गयी।

हाल के दिनों में असामाजिक तत्वों के द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से राज्य में अराजकता फैलाने का कार्य करने का प्रयास किया जाता रहा है सोशल मीडिया के सभी साधनों पर निगरानी रखने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में डीजीपी अजय कुमार सिंह के अलावा मुरारीलाल मीना अपर पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय, संजय आनंदराव लाटकर, अपर पुलिस महानिदेशक, अभियान, मनोज कौशिक, पुलिस महानिरीक्षक, मुख्यालय, अखिलेश झा, पुलिस महानिरीक्षक मानवाधिकार, अमोल वेणुकांत होमकर, पुलिस महानिरीक्षक, अभियान, प्रभात कुमार, पुलिस महानिरीक्षक विशेष शाखा, असीम विक्रांत मिंज, पुलिस महानिरीक्षक, अपअनुवि, ए विजया लक्ष्मी, पुलिस उप महानिरीक्षक, कार्मिक, नरेंद्र कुमार, डीआइजी, हजारीबाग, डॉ शम्स तबरेज, डीआइजी, बजट, मनोज रतन चोथे एसपी हजारीबाग, राकेश रंजन, एसपी चतरा, पियुष पांडेय एसपी रामगढ़, कुमार गौरव एसपी कोडरमा एवं दीपक कुमार शर्मा एसपी गिरिडीह तथा क्षेत्र के अन्य पुलिस पदाधिकारियों ने भाग लिया।

# मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति योजना के तहत स्कॉलरशिप परीक्षा 18 को

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति योजना के तहत मिलनेवाली स्कॉलरशिप चयन परीक्षा 18 अगस्त को होगी। यह परीक्षा जैक की ओर से ली जायेगी। इसकी तैयारी शुरू हो चुकी है। इस परीक्षा के आधार पर राज्यभर में 5000 विद्यार्थियों का चयन किया जायेगा। सभी जिलों के विद्यार्थियों को इस योजना का लाभ मिले, इस उद्देश्य से शिक्षा विभाग ने प्रत्येक जिले से चार-चार सौ विद्यार्थियों को चयनित करने का प्रावधान किया है।

स्कॉलरशिप के लिए परीक्षा आयोजित की जायेगी, जो 90-90 मिनट की होगी और इसमें दो खंड में प्रश्न पूछे जायेंगे। खंड एक में 90 प्रश्न होंगे, जिनमें रिजनिंग इंग्लिश और प्रोफिशिएंसी से संबंधित प्रश्न होंगे। खंड-2 में एप्टिट्यूड टेस्ट होगा। इस परीक्षा में बच्चों को 60 प्रतिशत अंक लाना अनिवार्य किया गया है। हालांकि, एससी-एसटी छात्रों को सरकार ने राहत देते हुए 40 प्रतिशत अंक लाना अनिवार्य किया है।

इस योजना के तहत 9वीं से 12वीं तक के चयनित बच्चों को साल में 12,000 रुपये मिलेंगे। विडंबना यह है कि शिक्षा विभाग के द्वारा शुरू की गयी इस स्कॉलरशिप प्रोग्राम का लाभ लेने में झारखंड के बच्चे उदासीन हैं। शिक्षा विभाग ने इस साल की चयन परीक्षा में राज्यभर के सरकारी स्कूलों के एक लाख बच्चों को शामिल कराने के लिए रजिस्ट्रेशन का लक्ष्य रखा था, लेकिन जैक के द्वारा तीन-तीन बार आवेदन भरने की तारीख बढ़ाये जाने के बावजूद जागरूकता के अभाव में लक्ष्य के अनुरूप रजिस्ट्रेशन नहीं हो सका। तीन बार आवेदन की तारीख बढ़ाने के बावजूद 60,000 विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन ही हुआ है।

## पहले खनिजों की ढुलाई के लिए रेलवे पर खर्च होता था

# अब यात्रियों की सुविधा पर हो रहा खर्च: दीपक प्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना को वर्चुअली लॉन्च किया। इसे लेकर भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा है कि केंद्र की मोदी सरकार ने देशभर में रेलवे स्टेशनों का कायकल्प करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। पूरे देश में 508 रेलवे स्टेशनों का पुनरुद्धार और उन्नयन 24,470 करोड़ रुपये से किया जाना है। इसमें द. पूर्व रेलवे के 69 स्टेशन तथा रांची मंडल के 17 स्टेशन इसमें शामिल हैं। श्री प्रकाश ने कहा कि सरकार का उद्देश्य रेलवे स्टेशन को स्मार्ट बना कर शहर को विकास के पथ पर आगे लाना है।

दीपक प्रकाश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई देते हुए कहा कि राज्य की जनता ने एक सपना देखा था। उसे धरातल पर उतारने का काम नरेंद्र मोदी कर रहे हैं, इसलिए वे बधाई के पात्र हैं।

### आम यात्रियों का ख्याल रखा जा रहा

उन्होंने कहा कि झारखंड खनिज संपदा वाला राज्य है, 2014 से पहले कभी भी रेलवे यात्रियों की सुविधा पर ध्यान नहीं दिया जाता था। सिर्फ खनिज की ढुलाई पर ध्यान रख कर रेलवे पर खर्च किया जाता था लेकिन आज मोदी सरकार में रेलवे के आम यात्रियों की सुविधा का ख्याल जा रहा है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | महत्वपूर्ण काम पूरा होगा, आर्थिक समस्याओं का समाधान, व्यापार वृद्धि। |
| वृष | संकल्पित काम पूरे होंगे, भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी, उद्योग-धंधे में सफलता. |
| मिथुन | रुके हुए काम पूरे होंगे, आर्थिक स्थिति सुदृढ़, निर्माण कार्य में प्रगति। |
| कर्क | नये लोगों से संपर्क, शुभ समाचार मिलेगा। सुख सम्मान की रक्षा होगी। |
| सिंह | सामयिक-सामाजिक विकास, शत्रुओं पर विजय मिलेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा |
| कन्या | धनागम के अवसर बढ़ेंगे, अवसरों का फायदा उठावें, सगे-संबंधियों का आवागमन बना रहेगा |
| तुला | कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा, नये वाहन खरीदने का संयोग बनेगा। |
| वृश्चिक | नवीन व्यापारिक योजना सफल, आर्थिक लाभ होगा। धार्मिक कार्य में रुचि। |
| धनु | निराशा दूर होगी, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास, प्रतिष्ठित व्यक्तियों से मिलन होगा। |
| मकर | थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे, वाहन सुख, संतान की उन्नति से उत्साह में वृद्धि होगी |
| कुंभ | अव्यवस्थित दिनचर्या, किसी प्रकार की कोई नवीन समस्या आ सकती है। |
| मीन | घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा, दुष्ट लोगों की संगति कलहकारी सिद्ध होगी। |

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# मॉल ऑफ रांची ने इंडियन आइडल स्टार पवनदीप रंजन और अरुणिता के साथ ग्रैंड ओपनिंग उत्सव की घोषणा की




**मॉल ऑफ रांची की 13 अगस्त को होगी ग्रैंड ओपनिंग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मॉल ऑफ रांची, रांची के दिल में स्थित उत्कृष्ट खरीदारी और मनोरंजन स्थल का बेताबी से इंतजार किया गया है। जो 13 अगस्त को अपने ग्रैंड ओपनिंग उत्सव की घोषणा करता है। इस खुशी की अवसर पर मॉल ऑफ रांची ने प्रसिद्ध इंडियन आइडल स्टार्स, पवनदीप रंजन और अरुनिता को आमंत्रित किया है। जो इस इवेंट को अपने मोहक प्रस्तुतियों के साथ सजायेंगे।



मॉल ऑफ रांची की ग्रैंड ओपनिंग होगी और यह एक शानदार अयोजन होगा, जो विभिन्न खरीदारी, भोजन और मनोरंजन अनुभवों को प्रदर्शित करेगा। मॉल ऑफ रांची में कई प्रमुख राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ब्रांडों के साथ, यह शहर की खरीदारी की भूमि को परिभाषित करने का उद्देश्य रखता है। जो फैशन, लाइफस्टाइल, प्रौद्योगिकी और मनोरंजन के लिए एक स्टॉप गंतव्य सुप्रसिद्धि प्रदान करता है।

पवनदीप रंजन इंडियन आइडल टेलीविजन शो पर एक अंतिम प्रतियोगी के रूप में प्रसिद्धि हासिल कर चुके हैं। अरुनिता इंडियन आइडल की प्रतियोगी हैं। मंच पर उनकी मोहक प्रतिभा के साथ ही, उनकी दर्शकों के साथ सहज संवाद स्थापित करने की क्षमता ने उन्हें संगीत उद्यम में एक प्रियजन व्यक्ति बना दिया है। मॉल ऑफ रांची के निर्देशक नीतिश अग्रवाल ने कहा कि हमें खुशी है कि पवनदीप रंजन और अरुनिता को हमारे साथ मॉल ऑफ रांची के ग्रैंड ओपनिंग उत्सव के लिए जुड़ने पर। उनकी अद्भुत प्रतिभा और संगीत प्रेमियों में लोकप्रियता हमारे इवेंट को सजाने के लिए एक उत्कृष्ट विकल्प बनाती है।

# फर्जी सिम बेचने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी

**सिमडेगा: साइबर क्राइम और रंगदारी मामले में रोक को लेकर सिम विक्रेताओं के साथ बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिला में फर्जी सिम की खरीद-बिक्री पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से सिम विक्रेताओं के साथ पुलिस ने बैठक की। सिमडेगा एसपी सौरव के निर्देश पर रविवार को सभी सिम विक्रेताओं के साथ संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारी ने बैठक की। बैठक में सभी सिम विक्रेताओं को विभिन्न प्रकार के अपराधों जैसे साइबर ठगी, रंगदारी मांगना आदि में फर्जी सिम के प्रयोग को लेकर पुलिस सुरक्षा के दृष्टिकोण से सिम कार्ड विक्रय के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश देते कई बिंदुओं पर चर्चा की गयी। सिम बिक्री के लिए दिये गये सभी मानकों का पालन करने, किसी भी परिस्थिति में बिना सही दस्तावेज के सिम कार्ड निर्गत नहीं करने, दस्तावेजों की सही से जांच के बाद सिम निर्गत करने, किसी दूसरे के पहचान पत्र पर अन्य किसी व्यक्ति को सिम कार्ड निर्गत नहीं करने और नजदीकी पुलिस थाना को सूचना देने, सिम विक्रेता निर्गत होनेवाले सिम की विवरणी क्रेता का नाम-पता एवं क्रेता का वैकल्पिक मोबाइल नंबर तिथिवार एक पंजी में रिकॉर्ड रखने सहित अन्य बिंदु पर चर्चा की गयी। इसके अलावे विक्रेताओं को यह हिदायत दी गयी कि सिम विक्रेता द्वारा फर्जीवाड़ा कर यदि सिम की बिक्री की शिकायत प्राप्त होगी, तो उक्त सिम विक्रेता के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



पीएम मोदी ने रेलवे से देश के लोगों की भावनाओं को जोड़ने का काम किया है

# 4 दशक के राजनीतिक जीवन में रेलवे का ऐसा कायाकल्प नहीं देखा : संजय सेठ

**लाल बहादुर शास्त्री के बाद अश्वनी वैष्णव के जैसा रेलमंत्री देश ने नहीं देखा : सांसद**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** अमृत स्टेशन योजना के तहत रविवार को हटिया स्टेशन पर शिलान्यास का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद संजय सेठ ने कहा कि पहले रेलवे सिर्फ आम लोगों की सवारी समझी जाती थी। इसका कायाकल्प हो, इस क्षेत्र का भी विकास हो, यात्रियों को सुविधा मिले, इस पर पूर्व की सरकारों का बिल्कुल भी ध्यान नहीं रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे भावनात्मक रूप से जोड़ा। प्रधानमंत्री का स्पष्ट मानना है कि रेल स्टेशन ऐसा हो जहां लोगों को आने में सुखद अनुभूति हो। भले ही यहां आने वाले यात्री कुछ देर के लिए आयें।

अपने 9 वर्षों के कार्यकाल में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जो कार्य हुए, रेलवे के विकास के लिए अश्विनी वैष्णव के नेतृत्व में जो कार्य हुए, यह ऐतिहासिक है। अभूतपूर्व है। ऐसे निर्णय लेने वाली सरकार, ऐसा कायाकल्प करने वाली सरकार मैंने अपने चार दशक के राजनीतिक जीवन में नहीं देखा था। यह भारत के लिए भी एक अविश्वसनीय समय है, जब 508 स्टेशन के पुनर्विकास का शिलान्यास एक साथ हो रहा है। यह विश्व रिकॉर्ड है। यह नये भारत में संभव हो रहा है। यह मोदी के दृढ़ इच्छाशक्ति से संपन्न हो रहा है। इसलिए हम कहते हैं कि मोदी है तो मुमकिन है। सांसद संजय सेठ ने कहा कि यह अमृत स्टेशन सिर्फ अमृत स्टेशन नहीं होगा। रेलवे के विकास की मजबूत बुनियाद साबित होगा। वंदे भारत एक्सप्रेस ने दुनिया भर में भारत के विकास के प्रतीक के रूप में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज करायी है। वहीं सभी अमृत स्टेशन उसे एक कदम और आगे बढ़कर वैश्विक स्तर पर अपनी प्रस्तुति दिखायेंगे। सांसद ने कहा कि विश्व स्तरीय रेल सुविधा देश भर के लोगों को मिले देश के नागरिक सिर्फ यह नहीं सोचें कि सरकार उन्हें सुविधा नहीं देती। इसी सोच के साथ नरेंद्र मोदी काम कर रहे हैं। सांसद श्री सेठ ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री जी के बाद आज तक ऐसा रेल मंत्री इस देश ने नहीं देखा। इतनी दूरदर्शिता, इतनी स्पष्टवादीता और काम के प्रति समर्पण। यह अश्विनी वैष्णव के व्यक्तित्व में है।

कार्यक्रम के प्रारंभ में महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व रेलवे अनिल कुमार मिश्रा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा स्वागत संबोधन करते हुए कार्य योजना पर प्रकाश डाला। हटिया में आयोजित समारोह में परिवहन मंत्री झारखंड चंपई सोरेन, सांसद दीपक प्रकाश, पूर्व केंद्रीय मंत्री कड़िया मुंडा, मुकुंद नायक एवं दीपिका कुमारी, क्षेत्रीय रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति तथा मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य, केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के विभिन्न कार्यालयों / विभागों के प्रतिनिधि, विभिन्न बैंकों एवं संस्थानों के प्रतिनिधि, स्कूली बच्चे तथा बड़ी संख्या में रांची के गणमान्य नागरिक एवं यात्री उपस्थित थे। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक प्रदीप गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन किया। पिसका स्टेशन पर विधायक नवीन जायसवाल, जिला परिषद के सदस्य, नारो पंचायत के मुखिया, अपर मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार सहित अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही।

झारखंड जदयू कमेटी का विस्तार, प्रदेश पदाधिकारियों की पहली सूची जारी

# श्रवण कुमार बने प्रदेश महासचिव

**पांचवीं बार पार्टी के प्रवक्ता बने सागर कुमार**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड प्रदेश जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने कमेटी का विस्तार किया है। पार्टी ने प्रदेश पदाधिकारियों की पहली लिस्ट जारी की है। इस सूची में चार उपाध्यक्ष, 15 महासचिव, 20 सचिव, तीन प्रवक्ता और विभिन्न प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किये गये हैं। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरु महतो ने कहा कि आगे चल कर और भी लोगों को संगठन में जोड़ कर कमिटी का विस्तार किया जायेगा। झारखंड को तीन प्रभारी मिले हैं और सभी संगठन को मजबूत करने में जुटे हैं। पदाधिकारियों को अपने दायित्व का निर्वहन करने का निर्देश दिया गया है। सूची जारी करने के दौरान बिहार के विधान पार्षद और झारखंड जदयू के सह प्रभारी विजय कुमार सिंह और प्रवक्ता सागर कुमार मौजूद रहे।

## प्रदेश उपाध्यक्ष

कामेश्वर नाथ दास
डॉ आफताब जमील (रांची)
त्रिवेणी वर्मा (देवघर)
कुमेश्वर महतो (रामगढ़)

## प्रदेश महासचिव

श्रवण कुमार (रांची), भगवान सिंह (रांची), संजय कुमार सिंह (रांची), रामाकांत मंडल (रामगढ़), संजय ठाकुर (जमशेदपुर), मुन्ना मलिक (हजारीबाग), रुद्रकांत लाल दास (गिरिडीह), कौशल कुमार (जमशेदपुर), दीपनारायण सिंह (धनबाद), अंजली सिंह (जमशेदपुर), रंजीत जयसवाल (दुमका), उपेंद्र नारायण सिंह (रांची), अभय महतो (लोहरदगा), जगदीश महतो (रामगढ़) और राजू महतो (रामगढ़)।

## प्रदेश प्रवक्ता

रेणु गोपीनाथ पणिकर, डॉ विनय भरत, सागर कुमार।

## प्रदेश सचिव

लालचन महतो (रांची), जनकधारी मेहता (डालटेनगंज), डिंपल मुंडा (पश्चिमी सिंहभूम), वैद्यनाथ पासवान (रांची), राजेंद्र प्रसाद (साहिबगंज), राजू सिंह (धनबाद), मोहम्मद रकीब अंसारी (देवघर), बेनी माधव झा (देवघर), सरयू गोप (गिरिडीह), मिथलेश सिंह (हजारीबाग), लकेश्वर मेहता (गिरिडीह), नंद कुमार निराला (चतरा), डॉ राज नारायण पटेल (पलामू), मनोज सिंह (बोकारो), प्रकाश महतो (लोहरदगा), रंजीत सिंह (धनबाद), सत्यप्रकाश (सरायकेला खरसावां), सुभाष राय (धनबाद), नागमणि सिन्हा (रांची) और अर्जुन कुमार मेहता (हजारीबाग)

## अखिलेश कुमार राय को बनाया गया महानगर अध्यक्ष

छात्र जदयू प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मोहम्मद आसिफ इकबाल और प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार को बनाया गया है। अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जदयू के प्रदेश अध्यक्ष अख्तर हुसैन खान, रांची महानगर जदयू के महानगर अध्यक्ष अखिलेश कुमार राय और अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ जदयू के प्रदेश अध्यक्ष बीरेंद्र पासवान को चुना गया है।

# भाजमो: कोर कमेटी में 10 लोग शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा ने अपनी कोर कमेटी का गठन कर दिया है। कोर कमेटी में कुल 10 लोग शामिल किये गये हैं। कोर कमेटी की पहली बैठक आगामी 12 अगस्त को जमशेदपुर में आयोजित की जायेगी। यह जानकारी मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने दी। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, कोर कमेटी में धर्मेंद्र तिवारी, राम नारायण शर्मा, सुयश पांडेय, सुबोध श्रीवास्तव, राकेश शर्मा, उदय कुमार सिंह, शिव शंकर मुंडा, शिवाजी सिंह, पी.एन. सिंह, एवं आशीष शीतल मुंडा शामिल हैं। धर्मेंद्र तिवारी ने बताया कि कोर कमेटी की पहली बैठक जमशेदपुर में 12 अगस्त को होगी। इस बैठक में पार्टी के विस्तार, संगठनात्मक ढांचे का विकास, लोकसभा और विधानसभा में योग्य प्रत्याशियों की खोज जैसे मुद्दों पर गहन चर्चा होगी।

# मुक्ति संस्था ने 21 अज्ञात शवों का किया सामूहिक दाह-संस्कार



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुक्ति संस्था ने रविवार को जुमार नदी के तट पर 21 अज्ञात शवों का विधि-विधान से अंतिम संस्कार किया।

मुक्ति संस्था के सदस्यों ने रिम्स के मोर्चरी गृह से अज्ञात शवों को निकाल कर पैक कर जुमार नदी तट लेकर गये। संस्था के वरीय सदस्य सीताराम कौशिक ने शवों को मुखाग्नि दी।

संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने बताया कि मुक्ति संस्था ने अब तक कुल 1588 अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार किया है। इस मौके पर संस्था के रवि अग्रवाल, सौरभ बथवाल, उज्ज्वल जैन, रतन अग्रवाल, आरके गांधी, संदीप पपनेजा, संदीप कुमार, कमल चौधरी, हरीश नागपाल, सुनील अग्रवाल और आशीष भाटिया मौजूद थे।

# हिंदू युवाओं में समाजसेवा, देशभक्ति, स्वावलंबी, कर्तव्यनिष्ठ बनाकर देश सेवा का भाव जगाना ही बजरंग दल का है लक्ष्य : मिलिंद परांडे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद के युवा शाखा बजरंग दल का राष्ट्रीय बैठक रांची के हरमू रोड, गौशाला के सम्मुख स्थित दिगंबर जैन भवन में रविवार को अपराह्न 2:45 बजे संपन्न हुई। समापन सत्र में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय महामंत्री मिलिंद परांडे ने कहा विश्व हिंदू परिषद के शष्ठीपूर्ति वर्ष (60वर्ष पूर्ण होने) का प्रारंभ आगामी 7 सितंबर को कृष्ण जन्माष्टमी के पावन दिवस पर होने वाला है। आगामी 1 वर्ष में विश्व हिंदू परिषद 1 लाख गांव तक संगठन विस्तार करने का लक्ष्य है। बजरंग दल का सेवा, सुरक्षा एवं संस्कार को ध्येय वाक्य मानकर हिंदू युवकों में समाज सेवक, देशभक्त, स्वावलंबी, कर्तव्यनिष्ठ बनाकर देश सेवा करने की भाव जगाता है।

बजरंग दल राष्ट्रीय संयोजक नीरज दोनेरिया ने कहा वर्तमान परिपेक्ष में ईसाइयत एवं मुस्लिम जेहादी मानसिकता का प्रतिकार करने के लिए समाज को संगठित होना ही एक विकल्प है। बजरंग दल कार्यकताओं के द्वारा 30 सितंबर से 14 अक्टूबर तक संपूर्ण देश में बजरंग दल शौर्य जागरण यात्रा निकालेगी। उन्होंने कहा संपूर्ण देश में एक लाख बजरंग दल संयोजक बनाने की योजना है। समापन सत्र में केंद्रीय सहसंयोजक सूर्य नारायण राव, क्षेत्र संगठन मंत्री आनंद पांडेय, क्षेत्र अध्यक्ष रामस्वरूप रुंगटा, क्षेत्र संयोजक जनमेजय कुमार, प्रांत कार्याध्यक्ष तिलक राज मंगलम, विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री डॉ बिरेन्द्र साहु, प्रांत संगठनमंत्री देवी सिंह, प्रांत उपाध्यक्ष सुनील गुप्ता,प्रांत सहमंत्री रंगनाथ महतो, बजरंग दल प्रांत संयोजक दीपक ठाकुर, बजरंग दल मिलन केंद्र प्रांत प्रमुख संजय चौबे, प्रांत विद्यार्थी प्रमुख अमित पासवान, समाजसेवी प्रिंस अजमानी, प्रचार प्रसार प्रांत सहप्रमुख प्रकाश रंजन, समाजिक समरसता प्रांत प्रमुख मिथिलेश्वर मिश्र मौजूद थे।

देर रात सड़क पर शराब पीकर वाहनों से घूमनेवालों की खैर नहीं

# लापरवाही बरतनेवाले चार पुलिसकर्मी सस्पेंड

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची की सड़कों पर रात में रांची पुलिस का अब कानून का डंडा चलने लगा है। चाहे लापरवाही से ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मी हों, अपराधी हों या शराब पीकर बाइक और कार से देर रात सड़कों पर घूमनेवाले हों। अब उनकी खैर नहीं। एसएसपी के निर्देश पर शनिवार की रात शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में डीएसपी के नेतृत्व में देर रात तक अभियान चलाया गया। शराब पीकर वाहन चलाने वाले, देर रात बार खुला होने की जांच के अलावे शहर के बस अड्डों, ऑटो अड्डों, रेलवे स्टेशन के आसपास सघन जांच अभियान चलाया गया।

## चार पुलिसकर्मी सोते पाये गये, एसएसपी ने किया सस्पेंड

विधि व्यवस्था ठीक रहे इसके लिए एसएसपी किशोर कौशल ने शहर में डीएसपी से लेकर थाना प्रभारी को सख्त हिदायतें दी हैं। जांच के क्रम में राजधानी रांची की पुलिस के हाइवे पेट्रोलिंग वाहन-1 में पुलिस वाले ड्यूटी करने तो निकले, लेकिन वाहन में ही सोते पकड़े गये। इस मामले में एएसआइ सहित चार पुलिसकर्मियों को एसएसपी किशोर कौशल ने निलंबित कर दिया है। बताया जाता है कि 2 अगस्त को नामकुम थाना क्षेत्र के रामपुर से जमशेदपुर जानेवाली रोड में जाना-पहचाना नामक होटल के गेट के पीछे पुलिस की गाड़ी (हाइवे वाहन) खड़ी थी। इसी दौरान पुलिस नियंत्रण कक्ष की डीएसपी अंकिता राय जांच के लिए निकलीं। उन्होंने रात 12:48 बजे होटल के पास लगे हाइवा वाहन की जांच की, तो उन्होंने देखा कि एएसआइ विजय कुमार चौधरी, हवलदार महेंद्र प्रसाद (437), आरक्षी कृष्णा किस्कू (2952), चालक आरक्षी शशि भूषण सिंह (779) सोये हुए हैं, जबकि हाइवे वाहन में इनकी प्रतिनियुक्ति ग्रामीण और राष्ट्रीय मार्ग पर विधि-व्यवस्था संधारण में लगायी गयी थी।

## पीटीसी प्रशिक्षण के दौरान परीक्षा पास कराने के नाम पर पैसा वसूली मामले में पुलिसकर्मी का दर्ज होगा बयान

रांची (आजाद सिपाही)। पीटीसी प्रशिक्षण के दौरान परीक्षा पास कराने के नाम पर पैसा वसूली मामले में पुलिसकर्मी का बयान दर्ज किया जायेगा। धुर्वा स्थित विस्थापित भवन में साक्षर आरक्षी से एएसआइ कोटि में प्रोन्नति के लिए पीटीसी प्रशिक्षण के दौरान पैसा वसूली का मामला सामने आया था। मामले को लेकर पुलिस मुख्यालय में लिखित शिकायत की गयी थी। डीजीपी ने निष्पक्ष जांच का भरोसा दिया था। वहीं मामले की जांच कर रहे डीएसपी ने सीआइडी एसपी को पत्र लिख प्रशिक्षण केंद्र के नौ पुलिसकर्मियों को बयान दर्ज कराने के लिए उपस्थित कराने का आग्रह किया है। पत्र के माध्यम से कहा है कि विस्थापित भवन में पीटीसी प्रशिक्षण के दौरान परीक्षा पास कराने के नाम पर पैसा वसूली करने से संबंधित परिवाद पत्र की जांच प्रतिवेदन समर्पित करने के लिए निर्देशित किया गया है। आपके संस्थान से प्रशिक्षणरत रहे प्रशिक्षुओं की गवाही आवश्यक है। 7 अगस्त को पुलिसकर्मी का बयान दर्ज किया जायेगा।

# महामृत्युंजय के जाप से सभी कष्टों का निवारण: स्वामी परिपूर्णानंद

**श्री श्याम मंडल के महाशिवपुराण यज्ञ का छठा दिन**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर के सुसज्जित प्रांगण में श्री श्याम मंडल द्वारा आयोजित महाशिवपुराण यज्ञ के छठवें दिन श्रावण के फुहारों के बीच भक्तों का उत्साह एवं उमंग चरम पर था। अपराह्न 4 बजे स्वामी परिपूर्णानंद व्यास पीठ पर विराजमान होने के पश्चात पारंपरिक पूजन वंदन के साथ स्वामी जी के श्रीमुख से महाशिवपुराण व्याख्यान का अमृत रस की वर्षा प्रारंभ हुई। स्वामी जी ने कहा कि महादेव हर जीव के जीवन में अनुग्रह करने वाले देव हैं। साथ ही शिव पूजन से लोक एवं परलोक दोनों सुधरता है। इस जगत में हर मनुष्य को सदेव मयार्दा का पालन करना चाहिए - मर्यादा रहित जीवन, जीवन को धिक्कार है-परमात्मा के साथ वात्सल्य रूप से तारतम्य स्थापित करने से जीवन सुखमय एवं मंगलमय हो जाता है-सदाशिव कृपा सिंधु हैं, धीनबंधु हैं और दया के अथाह सागर हैं-व्यास रचित महाभारत महाग्रंथ का महिमा का वर्णन करते हुए स्वामी जी ने कहा की जिस घर में यह ग्रंथ रहता है, वह घर पवित्र हो जाता है। महाभारत ग्रंथ पंचम वेद है, जो भी संसार में घटित होता ही अथवा होगा इस ग्रंथ में समाहित है। साथ ही कहा की शिव मृत्युंजय हैं - महामृत्युंजय के जाप से जीव पर आने वाले सब प्रकार के कष्टों का निवारण हो जाता है। परहित के समान दूसरी पूजाधर्म नहीं है - परपीड़ा को दूर करना अत्यंत शुभ है। गणपति उत्पति का अतिसुंदर वर्णन करते हुए स्वामी जी ने सामूहिक गणेश वंदना की। आगे स्वामी जी कहते हैं अहिंसा परमो धर्म है - इस सूक्त वाक्य का विस्तृत व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा की धर्म की रक्षा के लिए की गयी हिंसा क्षमा योग्य है। साथ ही विश्वकर्मा द्वारा निर्मित रथ जिसके सारथी स्वम ब्रम्हा हैं और बाण स्वम भगवान विष्णु हैं उसपर सवार होकर शिव जी ने त्रिपुर राक्षस का संहार कर त्रिपुरारी नाम पाया।

स्वामी जी ने महाशिवपुराण में राधा प्रसंग का वर्णन करते हुए अति सुंदर भजन प्रबल प्रेम के पाले पड़कर - प्रभु को नियम बदलते देखा , भक्तगण इस भजन की तान पर प्रेम रस में गोता लगाने लगे साथ ही स्वामी जी ने कहा कि सत्य ही परब्रह्म हैं - सत्य ही परम तप हैं - सत्य ही श्रेष्ठ यज्ञ है और सत्य ही उत्कृष्ट ज्ञान शास्त्र है - एक सहस्त्र अश्वमेघ और लाखों यज्ञ तराजू के एक पलड़े पर रखें और दूसरे पलड़े पर सत्य रखें तो सत्य का पलड़ा ही सदेव भारी रहेगा।

व्याख्यान समाप्ति के बाद गंगाधर जाजोदिया एवं उनके परिवार के द्वारा आज के समापन महाआरती के पश्चात प्रसाद वितरण के साथ आज के कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुदर्शन चितलांगिया, बालकिशन परसरामपुरिया, प्रदीप अग्रवाल, विकाश पाड़िया, अशोक लाठ, महेश शर्मा, अमित जलान, मनोज ढांढनियां, अनुराग पोद्दार, नितेश लाखोटिया का सहयोग रहा।

# डीपीएस रांची में इंडियाज इंटरनेशनल मूवमेंट टू यूनाइट नेशंस झारखंड कांफ्रेंस 2023 आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**सम्मेलन में 11 समितियों और कार्यसूचियों का गठन किया गया था**

**रांची।** दिल्ली पब्लिक स्कूल रांची और इंडियाज इंटरनेशनल मूवमेंट टू यूनाइट नेशंस द्वारा 04 से 06 अगस्त, 2023 तक आइआइएमयूएन झारखंड 2023 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को तीन मुख्य वर्गों में विभाजित किया गया था- पहले दिन, उद्घाटन समारोह विवेकानंद सभागार में आयोजित किया गया, जिसमें डॉ आशा लाकड़ा, कर्नल रंजीत सिंह (सेवानिवृत्त), भारतीय सेना के मेजर जनरल मनोज कुमार (सेवानिवृत्त), डॉ पवन द्विवेदी (कैरियर कोच और मोटिवेशनल स्पीकर) और डॉ राम सिंह, प्राचार्य, डीपीएस रांची मुख्य अतिथियों के रूप में उपस्थित थे। आइआइएमयूएन झारखंड 2023 में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के 300 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। समारोह के मुख्य अतिथियों ने डीपीएस रांची द्वारा अपने परिसर में इस प्रकार का सम्मेलन शुरू करने के लिए किये गये प्रयासों की सराहना की और प्राचार्य डॉ राम सिंह को ऐसे नवाचारों को आगे बढ़ाने के लिए बधाई दी। सत्र के दूसरे दिन सभी प्रतिनिधि विविध वैश्विक मुद्दों और वर्तमान रुझानों पर वाद-विवाद करने के लिए एकत्र हुए। सम्मेलन के दौरान कुल 11 समितियों और कार्यसूचियों का गठन किया गया था, जिसमे प्रतिभागी प्रतिनिधियों ने लोकसभा - भारत में शहर आधारित 'शिक्षा केंद्रों' के उदय पर सवाल उठाना, एआइपीपीएम - राष्ट्रीय भाषा का प्रश्न, जेएलए- राज्य में आर्थिक असमानता को संतुलित के लिए एक रूपरेखा बनाना, जेपीसी- बढ़ती बेरोजगारी से निपटने के लिए रूपरेखा तैयार करना, यूनेस्को- एक समान सार्वभौमिक शिक्षा की व्यवहार्यता पर चर्चा, यूएनइपी- वैश्विक अपशिष्ट प्रबंधन से निपटना, यूएनडब्ल्यू- 'पिंक टैक्स' का सवाल, डीआईएसईसी- एंटी-बैलिस्टिक मिसाइल संधि 1972 पर विशेष जोर देने वाली हाइपरसोनिक मिसाइल तकनीक, इन्फ्लुएंसर शिखर सम्मेलन - मानसिक स्वास्थ्य पर सोशल मीडिया के प्रभाव पर चर्चा, आईपीएल- मेगा ऑक्शन और आइसीआइजे- प्रेस और मीडिया जैसे विभिन्न विषयों पर अपने विचार प्रकट किये। कार्यक्रम के दूसरे दिन दयामनी बारला, मनोज कुमार सिंह, प्रेमलता अग्रवाल (पर्वतारोही) की उपस्थिति ने इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ायी। आइआइएमयूएन झारखंड 2023 का अंतिम दिन, एक आध्यात्मिक दिन था जिसकी शुरुआत योग के साथ शुरू हुई एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों और पुरस्कार समारोह के साथ इस दिन का समापन हुआ। इस अवसर पर बोलते हुए, डॉ राम सिंह, प्राचार्य, डीपीएस, रांची ने इस तरह के एक अभिनव कार्यक्रम की शुरुआत करने के लिए आयोजन परिषद के सदस्यों को धन्यवाद दिया और कहा कि इस तरह के आयोजन में भाग लेने से छात्र नेतृत्व कौशल, संगठन कौशल सीखते हैं और जीवन की वास्तविकता से अवगत होते हैं।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 07 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in



## बाइक पर आये तीन अपराधियों ने होटल मालिक रोशन साहू को भूना

# पतरातू में होटल मालिक की गोली मार कर हत्या

आजाद सिपाही ससंवाददाता

**भुरकुंडा/पतरातू।** बासल थाना क्षेत्र के गेगदा में रविवार की देर शाम तीन अपराधियों ने माही रेस्टोरेंट के मालिक रोशन साहू को तीन गोली मारकर हत्या कर दिया है। वही आज उत्तरी छोटानागपुर मुख्यालय हजारीबाग में राज्य के पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह ने उत्तरी छोटानागपुर क्षेत्र में संगठित गिरोह पर नकेल लगाने के लिए बैठक किया था। पतरातू क्षेत्र में अपराधियों के बड़े मनोबल ने झारखंड पुलिस को सोचने पर मजबूर कर दिया है। जानकारी के अनुसार वासल ओपी क्षेत्र स्थित होटल माही रेस्टोरेंट के मालिक





रोशन कुमार साहू को शाम 6:30 बजे के लगभग 3 अपराधियों ने तीन गोलियां मारी।जिससे उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि पतरातू पुलिस तत्काल घायल रोशन कुमार को सदर अस्पताल भेजा। लेकिन अस्पताल पहुंचने तक रोशन कुमार की मौत हो चुकी थी। सदर अस्पताल में चिकित्सकों ने तुरंत मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस ने बताया कि शाम 6:30 बजे के लगभग 1 बाइक से 3 अपराधी रोशन कुमार के माही होटल पहुंचे । अपराधियों ने रोशन कुमार पर दनादन फायर कर दिया। वही इस संबंध में पतरातू के एसडीपीओ डॉ वीरेंद्र चौधरी ने बताया कि तीन अपराधियों ने माही होटल के मालिक को गोलियां मारी है। उन्हें गंभीर अवस्था में रामगढ़ सदर अस्पताल भेजा गया है। वहीं सदर अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार रोशन कुमार को अस्पताल में पहुंचते ही चिकित्सकों ने मृत बताया। गोली बारी के बाद क्षेत्र में लोगों में दहशत देखा जा रहा है। मौके पर भुरकुंडा ओपी प्रभारी अमित कुमार, भदानीनगर ओपी प्रभारी राजदीप कुमार दल बाल मौजूद थे।

## टेंडर हार्ट में मिशन 5000 प्लस का शुभारंभ

# राज्यपाल के हाथों टेंडर हार्ट के छात्र हुए पुरस्कृत



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** टेंडर हार्ट में मिशन 5000 प्लस का शुभारंभ किया गया। पर्यावरण सरंक्षण को समर्पित मिशन 5000 प्लस के अंतर्गत अगले एक सप्ताह तक टेंडर हार्ट में सभी बच्चों और उनके अभिवावकों के बीच 5000 से ज्यादा पौधों का वितरण किया जायेगा। रविवार को टेंडर हार्ट में आयोजित पैरेंट टीचर मीटिंग में सभी छात्रों, अभिवावकों और शिक्षकों की उपस्थिति में मिशन 5000 प्लस की शुरुआत हुई। मिशन 5000 प्लस के साथ ही अमृत भारत स्टेशन योजना के अवसर पर आयोजित अनेक प्रतियोगिताओं में सफलता हासिल करनेवाले टेंडर हार्ट के विद्यार्थियों को झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के हाथों पुरस्कृत किया गया। टेंडर हार्ट के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विद्यालय को राज्यपाल द्वारा सहभागिता सम्मान से भी सम्मानित किया गया। टेंडर हार्ट के निदेशक सुधीर तिवारी और प्राचार्या उषा किरण झा ने बताया कि प्रतिवर्ष आयोजित होनेवाले मिशन 5000 प्लस का उद्देश्य सभी विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ पर्यावरण सरंक्षण के प्रति जागरूक करना है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### चाला आयो पेट्रोल पंप का शुभारंभ



**रांची (आजाद सिपाही)।** रविवार को करम टोली स्थित चाला आयो पेट्रोल पम्प का शुभारंभ हुआ। इसके मुख्य अतिथि वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने रिबन काटकर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज कल कंपटीशन के दौर में बहुत मेहनत करने के बाद भी लोग अपना गुजारा बहुत मुश्किल से चलते हैं। ऐसे में अपना बिजनेस करना औरों को भी रोजगार देना पुण्य की बात है। इस कार्यक्रम में पूर्व जेपीसी मेंबर ज्योतिलाल उरांव, सेवानिवृत्त अभियंता प्रमुख अजित मनाहेर सललो, सिटी डीएसपी दीपक, डॉ नारायण भगत, यस कुमार, अधिवक्ता बबलू कुमार शिंदे, श्याम मच्छेर, मोइन खलखो, अभिषेक कुमार, पूर्व आइजी शीतल उरांव सहित अन्य मौजूद थे।

### यूनाइटेड स्टेप फॉउंडेशन ने लगाया रक्त दान शिविर




**रांची (आजाद सिपाही)।** यूनाइटेड स्टेप फॉउंडेशन एनजीओ की ओर से रविवार को सुरेंद्र मोहिनी पब्लिक स्कूल के प्रागण में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सैकडो लोगों ने रक्तदान वालों किया। ये रक्तदान शिविर जरूरतमंद एवं कैंसर पीडित मरीजों की सहायता के लिये रखा गया था। फॉउंडेशन के चेयरमैन सौमेन दत्ता ने कहा कि संस्था मूलतः कैंसर पीड़ित, विकलांग और मानसिक रोगों से ग्रसित मरीजों के लिए कार्य करता हैं। उन्होने कहा कि संस्था इस वर्ष विभिन्न जगहों पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया। संस्था विभिन्न प्रकार के मेडिकल कैंपस का भी आयोजन करेगा। उन्होने लोगों से अनुरोध कर कहा कि इसी तरह हमेशा संस्था का सहयोग और मनोबल बढाते रहें। मौके पर संस्था के कार्यकर्ता मीर असरार हुसैन, सुरभि सिंह, अर्चना कुमारी, सयाम हुसैन सहित अन्य मौजूद थे।

### बिहार की तर्ज पर झारखंड में हो शीघ्र जातीय जनगणना : राजेश गुप्ता



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार ने जातीय जनगणना करने की मंशा जाहिर की है। इसके लिए मुख्यमंत्री को आभार। राज्य सरकार बिहार की तर्ज पर शीघ्र ही राज्य में जातीय जनगणना करायें तथा केंद्र सरकार पर देश में राष्ट्रीय स्तर पर जातीय जनगणना कराने की भी दबाव बनायें। उक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने प्रदेश कार्यालय में कहीं। उन्होंने मुख्यमंत्री से यह भी मांग की है कि सात जिले में ओबीसी आरक्षण शून्य है। वहां पर तत्काल आरक्षण बढ़ाई जायें तथा राज्य में ओबीसी का लागू 14% आरक्षण को राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अनुशंसा के अनुसार 50% करने की अनुशंसा महामहिम राज्यपाल को भेजी जाये। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा का यह मांग इसलिए है कि राज्य में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और इडब्ल्यूएस की आरक्षण उनके जनसंख्या के बराबर है।

### समाजसेवी स्व. राकेश महेंद्रु बिल्लू बाबू का जन्मदिन मनाया गया



**रांची (आजाद सिपाही)।** विनैक्स क्लब के संस्थापक एवं सामाजिक धार्मिक कार्यकर्ता स्वर्गीय राकेश महेंद्र उर्फ बिल्लू बाबू का जन्मदिवस बारियातू हाउसिंग हाउसिंग कॉलोनी में मनाया गया इस अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर बारियातू हाउसिंग कॉलोनी के अलग-अलग क्षेत्रों में पौधारोपण भी किया गया इस अवसर पर क्लब के सैकड़ों सदस्य एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित थे इस अवसर पर उन्हें याद करते हुए उनके द्वारा किए गए सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों की चर्चा भी की गई स्वर्गीय राकेश महेंद्र उर्फ बिल्लू बाबू के जन्म दिवस के अवसर पर बरियातू स्थित गुरुनानक होम में रहने वाले दिव्यांग लोगों के लिए नाश्ते का पैकेट का वितरण भी किया गया इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष राजकिशोर, जितेंद्र महेंद्रु, सुनील कुमार बॉबी, राजेश महेंद्रु, राणा रणधीर महेंद्रु, कुलदीप राज, प्रकाश चंद्र सिन्हा, विक्की कुमार, ध्रुव कुशवाहा, गुंजन कुमार, शमशेर जंग बहादुर, विनोद चौधरी, सरलादेवी, गिन्नी अरोड़ा, दिव्या महेंद्रु, रिद्धिमा महेंद्रु, दिव्या सिंह, निपादास, सुषमा खनिजो, बहादुर शार्दुल, सागर मेहता, हिमांशु सोनू, चिंटू पंडित, उदय पंडित, देबू दुबे, राजेश शावीर साहू, कुमार, राज कुमार, वैभव सिंह, उज्जवल वर्मन, कुमार रवि, भूषण कुमार, सचिन राम, श्याम कुमार, वकील कुमार, सचिन कुमार, सूरज सक्सेना, अतुल कुमार, प्रत्यूष राय, कल्याण दास, राज साहूलियार, ऋषि राज आदि उपस्थित थे।

### धुर्वा क्षेत्र के वार्ड 40 अंतर्गत सेक्टर 3 ए गड्ढे के बीच लोग चलने को मजबूर हैं



**रांची (आजाद सिपाही)।** खिजरी विधानसभा क्षेत्र में पड़नेवाले धुर्वा क्षेत्र के वार्ड 40 अंतर्गत सेक्टर 3 ए सड़कों के बीच-बीच में बड़े गड्ढे हो गये हैं। इससे लोगों को चलने में काफी परेशानी हो रही है। इस मोहल्ले में रहनेवाले बताते हैं कि हल्की सी बारिश होते ही और बुरा हाल हो जाता है। लोगों को संभल और बच कर चलना पड़ता है। बताया कि कुछ ही घंटों की बारिश में सड़क स्विमिंग पूल में तब्दील हो जाती है। इन रास्तों पर सड़क कम गड्ढे ज्यादा हैं। इस संबंध में स्थानीय लोग विधायक से लेकर अधिकारियों तक गुहार लगा चुके हैं, लेकिन इस पर किसी ने कोई संज्ञान नहीं लिया। बताया कि यहां के लोग बीते कई वर्षों से स्थानीय वार्ड जनप्रतिनिधि की उपेक्षा का शिकार हुए हैं।

# सीएम ने पथ निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता अनिल सिंह के खिलाफ पीइ दर्ज करने के प्रस्ताव को दी स्वीकृति

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस पॉलिसी पर अमल करते हुए भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर लगातार एक्शन में है। इसी सिलसिले में उन्होंने अनिल कुमार सिंह, अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, हजारीबाग के विरुद्ध आयकर विभाग द्वारा आय से अधिक धनार्जन करने से संबंधित जांच प्रतिवेदन के आधार पर पीइ दर्ज करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है।

**यह है मामला :** आयकर विभाग के द्वारा अनिल कुमार सिंह, अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, हजारीबाग के आवास पर 22 नवंबर 2022 को की गई तलाशी के दौरान कुल 406.28 लाख रुपये की चल-अचल संपत्ति मिली थी। इसमे 17.13 लाख रुपए नकद, 170.15 लाख रुपए का गहना एवं बहुमूल्य धातु, 64 लाख रुपये बैंक खातों में जमा राशि और 155 लाख रुपए परिवार के नाम पर अचल संपत्ति के रूप में मिले थे, जिसे जब्त कर लिया गया था। इस सिलसिले में प्रधान आयकर निदेशक (अन्वेषण) कार्यालय, पटना द्वारा तलाशी और जब्ती से संबंधित प्रारंभिक जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया था।

# अमरावती-कुसाई रोड निर्माण करने की मांग कांग्रेस नेता शशि भूषण राय ने किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि भूषण राय ने क्षेत्रवासियों एवं अधिकारियों के साथ अमरावती शिव मंदिर से लेके कुसाई बिजली सब स्टेशन के मार्ग का निरीक्षण किया एवं अविलंब इस रोड का निर्माण के मांग की। ओवर ब्रिज मुख्य मार्ग एवं नेपाल हाउस से होते हुए रांची रेलवे स्टेशन मार्ग पर भी काम चल रहा है, जिससे अमरावत, कृष्णापुरी, द्वारिका पुरी क्षेत्र की जनता इस रोड बतौर वैकल्पिक मार्ग इस्तेमाल कर रहे हैं, पर बरसात में रोड की स्थिति झज्जर हो जाने से उनको काफी कठिनाइयों हो रही। कांग्रेस नेता ने शशि भूषण राय ने मांग की लोकहित को देखते हुए अविलंब मार्ग को, जिसमें अमरावती पुल और अमरावती-कुसाई रोड सड़क निर्माण शामिल है। उसे पूरा किया जाये, जिससे क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा मिल सके।

## नाली में बह रही है शौचालय की गंदगी बीमार हो रहे हैं लोग



**रांची (आजाद सिपाही)।** स्वच्छता स्वस्थ्य रहने के लिये बेहद जरूरी है। मानसिक, शारीरिक, बौद्धिक और सामाजिक हर तरीके से स्वस्थ रहना जरूरी है, लेकिन आज समाज में लोग शहर का हालात नर्ग से भी गंदा कर दिये है। नया मामला कोकर चौक स्थित आदर्श नगर का है। आदर्श नगर निवासी करण सिंह अपने घर का शौचालय की गंदगी नाली में बहा रहा अब तक दस सालो से शौचालय का टंकी भी नही बनवाया। जिस कारण नालियों में जहरीले कीड़े पनप रहे हैं, जो लोगों के घरों में घुस रहे है, बारिश होने पर नाली उफन जाता है और पानी लोगों के घरों में घुस जाता है। बता दे कि यहां अधिकांश घरों में कोई न कोई बीमार रहता है। मच्छर और मक्खी का प्रकोप बारहमासी हो गया है। सड़क पर नाली का गंदा पानी बहने के कारण आती-जाती गाड़ियों से भी लोगों के कपड़े गंदे हो रहे हैं।

# शिवलिंग की पूजा से सुख, शांति और समृद्धि मिलती है : पं. रामदेव

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** शिवपुराण की कथा में पं रामदेव पांडेय ने कहा कि प्रतिष्ठित शिवलिंग की पूजा से आधि-व्याधि और सांसारिक सुख, शांति-समृद्धि मिलती है। पूजन का समय निश्चित हो, दिन या रात, जो भी हो, आधी रात को भी शिव की अराधना होती है। क्या चढ़ाने और हवन से क्या लाभ होता है। पीली सरसों, सरसों तेल, मिर्च, गोलकी से शत्रु का नाश होता है। मधु से भय की भागता है। ईख के रस, गुड़, शक्कर से आनंद, गंगा जल से मुक्ति और भुक्ति, कुश तथा घी से निरोगिता, दुब घास से आयु वृद्धि, धतुरा और गेहूं से संतान का सभी सुख, तुलसी मंजरी और शम्मी से मुक्ति, आम मंजर से वैभव, कनेर फूल से रोग निवारण और शत्रु उच्चाटन, चमेली से वाहन, पशु का लाभ, हरसिंगार से सुख, बेलपत्र से सभी कामनाओं की पूर्ति, तीसी से प्रसन्नता, निर्गुंडी आंवला से सुंदरता, अकवन से स्वयं की आयु सुंदरता मिलती है। इसी तरह कमल, बेलपत्र, कुश, शंखपुष्पी, कल्हार, सफेद उड़हुल, गुलाब, गेंदा, रातरानी, हरसिंगार, गजरा, कदम, द्रोण, ईख, नारियल, अरहर , सात तरह के अनाज, गांजा, भांग, खजूर, ऋतु फल-फूल, पंचमेवा, पंच पलल्व, पंचामृत, भष्म, आदि शिव को प्रिय है। केवड़ा फूल शिव पर नहीं चढ़ता है, पर साथ सज्या में लगता है। चंपा फूल केवल भादो में चढ़ता है। आरती चार बार चरण, दो बार नाभी, एक बार मुख और सात बार सभी अंगों पर करनी चाहिए। दीपक, कपूर, पानपता, कपड़ा, चंवर से लगाना चाहिए। सोमवार, प्रदोष, त्रयोदशी, उतम तिथि है। गायत्री मंत्र, रूद्रा अष्टअध्यायी से अभिषेक करें। मंगल ग्रह इनके पुत्र हैं और भैरव, हनुमान अंश के अवतार हैं। यह कथा राम जानकी मंदिर हाउसिंग कॉलोनी बरियातू में 26 जुलाई से चल रही है, जो 12 अगस्त तक चलेगी।

# दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक से चैंबर प्रतिनिधियों ने मुलाकात की

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत प्रधानमंत्री द्वारा रांची स्टेशन पर आयोजित ऑनलाइन शिलान्यास कार्यक्रम में झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स के डीआरयूसीसी प्रतिनिधि ने हिस्सा लिया। चैंबर के कार्यकारिणी सदस्य सह डीआरयूसीसी प्रतिनिधि नवजोत अलंग ने खुशी जताते हुए कहा कि इस योजना के तहत एक तरफ जहां रांची डिविजन के दो स्टेशनों को अमृत भारत योजना की सौगात मिल रही है। वहीं राज्यभर से 20 रेलवे स्टेशनों का जीर्णोद्धार किया जायेगा, जिससे यात्री सुविधा में बढ़ोत्तरी होगी। मौके पर ही चैंबर प्रतिनिधियों ने दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा से भी मुलाकात कर उनका अभिनंदन किया और अपनी पुरानी मांगों पर विचार का आग्रह किया। उन्होंने रांची से हावड़ा और रांची से बनारस वंदे भारत एक्सप्रेस के परिचालन को जरूरी बताते हुए इस पर जल्द विचार का आग्रह किया। कुछ अन्य मांगें भी रखी गयी, जिनमें मुख्यतः रांची बनारस एक्सप्रेस का विस्तार लखनऊ तक करने, रांची से योग नगरी ऋषिकेश के लिए साप्ताहिक ट्रेन का परिचालन शुरू करने, रांची कामाख्या को सप्ताह में 2 दिन करने, रांची चोपन एक्सप्रेस का विस्तार प्रयागराज तक करने और सप्ताह में 1 दिन झारखंड स्वर्ण जयंती का परिचालन बरकाकाना, हजारीबाग टाउन, कोडरमा होकर करना शामिल है। दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक ने चेंबर की सभी मांगों पर प्रमुखता से विचार के लिए आश्वस्त किया। प्रतिनिधिमंडल के आग्रह पर उन्होंने प्रदेश की रेल सुविधा पर चर्चा हेतु झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स के साथ एक बैठक के लिए भी आश्वस्त किया। मौके पर डीआरएम प्रदीप गुप्ता, सीनियर डीसीएम निशांत कुमार, डीसीएम देवराज बनर्जी, एडीआरएम उपस्थित थे।प्रतिनिधिमंडल में झारखंड चैंबर के डीआरयूसीसी प्रतिनिधि नवजोत अलंग के अलावा पूर्व अध्यक्ष कुणाल अजमानी, कार्यकारिणी सदस्य रोहित अग्रवाल, डीआरयूसीसी सदस्य महेंद्र जैन एवं सदस्य देवेश कुमार शामिल थे।

# रांची में शैल्बी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल्स का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** शैल्बी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल्स ने रांची के एक प्रमुख अस्पताल, डिवाइन सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के साथ साझेदारी में रांची में मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल का शुभारंभ किया है। इसका उद्घाटन छह अगस्त को रांची में शैल्बी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) डॉ विक्रम शाह ने किया। शैल्बी पश्चिमी और मध्य भारत के अस्पतालों की सबसे बड़ी श्रृंखला में से एक है, और पूर्वी भारत में यह इसका पहला अस्पताल है। रांची के इस अस्पताल की क्षमता 70 बिस्तरों की है और यह रणनीतिक रूप से सिरोम टोली में स्थित है। यह रुमेटोलॉजी, आर्थोपेडिक्स और ज्वाइंट रिप्लेसमेंट, हेमेटोलॉजी, किडनी रोग, यूरोलॉजी, न्यूरोलॉजी, क्रिटिकल केयर, कार्डियोलॉजी आदि जैसी 15 से अधिक स्पेशलिटीज में उपचार करने के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। शैल्बी लिमिटेड के सीएमडी और विश्व प्रसिद्ध ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. विक्रम शाह का कहना है, वर्तमान में छोटे शहरों से बड़ी संख्या में लोगों को गुणवत्तापूर्ण इलाज के लिए काफी दूरी तय करके बड़े शहरों में जाना पड़ता है। मल्टीस्पेशलिटी अस्पतालों की स्थापना के माध्यम से, हमारा उद्देश्य उन्नत स्वास्थ्य देखभाल और रोगी देखभाल के बीच अंतर को पाटना है, जो हमेशा हमारी ताकत रही है। हम अगले 3 से 4 वर्षों में पूरे भारत में कई और मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल स्थापित करने की योजना बना रहे हैं। इनमें से अधिकांश छोटे शहरों में स्थापित किए जायेंगे, ताकि सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा सुलभ हो सके।

रांची में शैल्बी डिवाइन सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल खुलने से इस क्षेत्र के लोगों को उनके घर पर ही सर्वोत्तम श्रेणी का इलाज मिलेगा। अस्पताल में सुपर स्पेशियलिस्ट और कंसलटेंट की एक बड़ी टीम है जो उत्कृष्ट चिकित्सा देखभाल प्रदान करती है। यह एक सुरक्षित सर्जिकल वातावरण भी प्रदान करता है जो अपने तीन मॉड्यूलर क्लास 100 ऑपरेशन थिएटरों के माध्यम से संक्रमण के जोखिम को नियंत्रित करता है। यह सर्जनों को जटिल सर्जरी के साथ-साथ न्यूनतम इनवेसिव और एंडोस्कोपिक प्रक्रियाओं को करने में सक्षम बनाता है। शैल्बी डिवाइन सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ देवनीस खेस का कहना है कि हम शैल्बी हॉस्पिटल्स के साथ जुड़कर बहुत खुश हैं, जो देश में सर्वोत्तम आर्थोपेडिक सेवाएं प्रदान करते हैं। इस साझेदारी से हम रांची और झारखंड क्षेत्र के लोगों को सर्वोत्तम गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर सकेंगे । इस अस्पताल के शामिल होने से, शैल्बी अब भारत के 7 राज्यों के 12 शहरों में 2200 बिस्तरों की कुल क्षमता वाले 15 अस्पताल संचालित करता है। ये अहमदाबाद, सूरत, जयपुर, लखनऊ, इंदौर, मुंबई, जबलपुर, ग्वालियर, उदयपुर, मोहाली और वापी में हैं। शैल्बी दुनिया भर में अपनी आर्थोपेडिक सेवाओं के लिए प्रसिद्ध है। इसने पिछले 29 वर्षों में 1,45,000 से अधिक ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी की हैं, जो दुनिया में सबसे अधिक हैं, और यह दुनिया का सबसे बड़ा ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सेंटर है।

# नूंह में हिंसा

हरियाणा के अंदर भाजपा के नेतृत्व वाली भाजपा-जजपा गठजोड़ आधारित सरकार नूंह सांप्रदायिक हिंसा को रोकने में नाकाम रही, जैसे कि 26 अगस्त 2017 को तत्कालीन भाजपा की मनोहर लाल खट्टर की सरकार रही थी। तब हरियाणा के मुख्यमंत्री ने माना था कि बलात्कार और हत्या के आरोपों में सीबीआइ की विशेष अदालत में पेश होने के लिए आए गुरमीत राम रहीम, जिन्हें कि अदालत ने सजा सुनायी थी, के समर्थकों ने व्यापक स्तर पर हिंसा, आगजनी और तोड़-फोड़ की थी जिसे रोकने में खट्टर सरकार नाकाम रही थी। इस हिंसा में करीब 36 लोग मारे गये और 300 से अधिक जख्मी हुए थे। करोड़ों की संपत्ति का भी नुकसान हुआ था। कई टेलीविजन एंकर और पत्रकार भी इस हिंसा का शिकार हुए थे। यह हिंसा पंचकुला, मोहाली, चंडीगढ़ तथा आसपास के क्षेत्रों में फैलती देखी गयी। पंजाब के तत्कालीन मुख्यमंत्री कैप्टन अमरेंद्र सिंह ने खट्टर सरकार की नाकामी को उजागर करते हुए कहा था कि यदि राम रहीम के अनुयायियों को बसों और ट्रेनों के माध्यम से पंचकुला, चंडीगढ़, मोहाली आने से रोक देते, तो बड़े स्तर पर भीड़ एकत्रित न होती, जो कि एक दिन पहले से ही वहां एकत्रित होनी शुरू हो गयी थी। नूंह जिले के अंदर हुई हिंसा में 2 होमगार्ड जवानों सहित 6 व्यक्ति अब तक मारे गये हैं। हिंसा, दंगा-फंसाद, आगजनी, गोलाबारी और पत्थरबाजी कर कई वाहनों, दुकानों, झुग्गी-झोंपड़ियों को जला दिया गया। हिंसा नूंह से शुरू होकर गुरुग्राम, पलवल, फरीदाबाद और राजस्थान के भरतपुर और अलवर जिलों तक फैल गयी। इस हिंसा से आहत होकर सर्वोच्च न्यायालय ने उत्तर प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली सरकारों को नोटिस जारी करते हुए केंद्र सरकार को कहा कि वह यह सुनिश्चित करे कि दिल्ली एनसीआर में कोई नफरती भाषण या हिंसा न हो। उसने पहले भी विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के मार्च को लेकर सीसीटीवी लगाने, अतिरिक्त पुलिस बल और अर्द्धसैनिक बल तैनात करने के लिए कहा था। हरियाणा सरकार ने इस हिंसा की जांच के लिए 3 सदस्यीय एसआइटी गठित की है। यह मोनू मानेसर नामक गऊरक्षक की भूमिका की भी जांच करेगी, लेकिन सच्चाई यह भी है कि जैसे हरियाणा की भाजपा-जजपा गठजोड़ वाली खट्टर सरकार और पुलिस प्रशासन शांति कायम होने का दावा ठोक रहे हैं, वास्तव में ऐसा नहीं है। दंगाई अभी भी हिंसाग्रस्त क्षेत्रों में खुलेआम घूम रहे हैं। इसके नतीजे में एसपी सिंगला को बदल कर नरेंद्र बजरानिया को लगाया गया है। वास्तव में नूंह मुस्लिम भाईचारे से संबंधित बहुगिनती वाला जिला है, जो कि मेवात क्षेत्र का हिस्सा है, जिसमें पलवल के कुछ हिस्से, पड़ोसी राज्य राजस्थान के भरतपुर और अलवर जिले भी शामिल हैं। इनमें मेवाती मुस्लिम भाईचारा रहता है। यह क्षेत्र उत्तरी भारत के केंद्र में होने के कारण राजनीतिक, सांप्रदायिक और युद्ध नीतिक पहचान रखता है। यही कारण है कि इसे टार्गेट किया गया।

**हरियाणा सरकार ने इस हिंसा की जांच के लिए 3 सदस्यीय एसआइटी गठित की है। यह मोनू मानेसर नामक गऊरक्षक की भूमिका की भी जांच करेगी, लेकिन सच्चाई यह भी है कि जैसे हरियाणा की भाजपा-जजपा गठजोड़ वाली खट्टर सरकार और पुलिस प्रशासन शांति कायम होने का दावा ठोक रहे हैं, वास्तव में ऐसा नहीं है।**

**हरियाणा के हिसार जिले स्थित नलवा गांव में 7 अगस्त 1930 को एक किसान परिवार में जन्मे ओपी जिंदल को बचपन से ही मशीनों से लगाव था। उनकी मौलिक सोच, बदलाव लाने का उनका जुनून और इन सबसे बढ़ कर भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए किये गये उनके प्रयास ने उन्हें मशीनों से बात करने वाले शख्सियत के रूप में विश्व विख्यात कर दिया। उनका जन्म भले ही हरियाणा में हुआ हो, लेकिन पूरा भारत उनकी कर्मभूमि था।**

# महान व्यक्तित्व और प्रेरणास्रोत थे ओपी जिंदल

महान व्यक्तित्व और प्रेरणास्रोत ओपी जिंदल, जिन्हें प्यार और सम्मान से बाऊजी पुकारा जाता है, एक महान दूरद्रष्टा थे। मातृभूमि के प्रति प्रेम से प्रेरित होकर उन्होंने भारत को आत्मनिर्भरता की राह दिखायी। उन्होंने अपनी मेहनत और प्रतिबद्धता से ओपी जिंदल ग्रुप जैसे विशाल औद्योगिक समूह की स्थापना की। जो आज राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मानवता को भी एक नयी दिशा दिखा रहा है। वे जननायक थे, जिन्होंने आजीवन दलितों-पिछड़ों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के हितों के लिए संघर्ष किया। बाऊजी की दूरदर्शिता का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि आज से 50 साल पहले ही उन्होंने आत्मनिर्भर भारत का सपना देखा और देश का भाग्य बदलने में अग्रणी भूमिका निभायी। बाऊजी की 93वीं जयंती पर शत शत नमन। हरियाणा के हिसार जिला स्थित नलवा गांव में 7 अगस्त 1930 को एक किसान परिवार में जन्मे ओपी जिंदल को बचपन से ही मशीनों से लगाव था। उनकी मौलिक सोच, बदलाव लाने का उनका जुनून और इन सबसे बढ़ कर भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए किये गये उनके प्रयास ने उन्हें मशीनों से बात करनेवाले शख्सियत के रूप में विश्व विख्यात कर दिया। उनका जन्म भले ही हरियाणा में हुआ हो, लेकिन पूरा भारत उनकी कर्मभूमि था। श्री जिंदल ने 1952 में कोलकाता के निकट लिलुआ में एक स्टील पाइप, बेंड और सॉकेट फैक्ट्री लगायी और जन्मभूमि की सेवा के लिए वह वापस हिसार लौट आये। 1960 में उन्होंने हिसार में एक फैक्टरी लगायी, जो आधुनिक भारत का एक गौरवपूर्ण मंदिर यानी ओपी जिंदल ग्रुप का आधार बनी। वह एक जन्मजात इंजीनियर थे। उन्होंने स्वदेशी तकनीक पर आधारित जिंदल इंडिया नामक एक पाइप मिल की स्थापना की, जिसे आज जिंदल इंडस्ट्रीज के नाम से जाना जाता है। 1970 में उन्होंने जिंदल स्ट्रिप्स लिमिटेड की स्थापना की और शुरू से ही अनुसंधान पर ध्यान दिया। इसके बाद जिंदल सॉ, जेएसडब्ल्यू, जिंदल स्टेनलेस और जिंदल स्टील एंड पावर के रूप में इस वटवृक्ष का विकास हुआ, जो आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्टील, पावर, माइनिंग, और इन्फ्रास्ट्रक्टर सेक्टर में उत्कृष्टता के उदाहरण हैं। हिसार में सफलता के बाद बाऊजी ने छत्तीसगढ़ (तत्कालीन मध्यप्रदेश) को अपनी कर्मभूमि बनाया। यहां से उन्होंने पूरे विश्व में समूह के विस्तार की योजना बनायी। रायगढ़ में जेएसपी का कोयला आधारित स्पंज आयरन प्लांट, जो दुनिया में अपनी तरह का सबसे बड़ा है, राष्ट्र निर्माण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का परिचायक है। 1990 के दशक में उन्होंने सीजीपी (कोयला से गैस बनाने का प्लांट) आधारित डीआरआइ (डायरेक्ट रिड्यूस्ड आयरन) यानी स्पांज आयरन प्लांट के बारे में सपना देखा, जिसे जेएसपी के ओड़िशा स्थित अंगुल प्लांट में स्थापित किया। उनके बेटे नवीन जिंदल को दुनिया में अपनी तरह के इस पहले प्लांट से बाऊजी की दूरदृष्टि का अनुमान लगा। एक अग्रणी उद्योगपति के रूप में बाऊजी ने सफलतापूर्वक सिर्फ उद्योग स्थापित नहीं किये, बल्कि अपने प्लांट के आसपास रहनेवाले समुदायों के कल्याण के लिए भी सदैव चिंतनशील रहे। आज भले ही सीएसआर (कंपनी सामाजिक दायित्व) आम बोलचाल में शामिल हो गया है, लेकिन बाऊजी शुरू से ही समुदायों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध रहे। उन्होंने जहां कहीं भी फैक्टरी लगायी, वहां के लोगों के कल्याण के लिए उन्होंने स्कूल, अस्पताल और अन्य सुविधाएं उपलब्ध करायीं। उनका दर्शन था, वह उद्योग सफल नहीं हो सकता, जिसके आसपास का समाज विफल हो। इस्पात जगत के पुरोधा, स्वच्छ राजनीति के शिखर पुरुष और सामाजिक विकास के जननायक ओपी जिंदल ने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अमिट छाप छोड़ी। उनके जीवन और उपलब्धियों को आधुनिक प्रबंध सिद्धांतों में शामिल कर पूरी मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है। ओपी जिंदल ग्रुप जैसे विशाल औद्योगिक समूह के संस्थापक और अग्रणी राजनेता होने के बावजूद बाऊजी ने कभी भी अपने कार्यालय का दरवाजा बंद नहीं रखा। आम हो या खास, सभी के लिए उनके दरवाजे 24 घंटे खुले रहे। उन्होंने कभी कोई सचिव नहीं रखा और वे लोगों से सीधे मिला करते थे। वे सभी के लिए सदैव सुलभ और उपलब्ध थे। अपने लोगों से वे हद से ज्यादा स्नेह करते थे और उनका ख्याल रखते थे। सुख-दुख में उनके अभिभावक थे। बाऊजी ने राजनीति में आकर जनसेवा की एक नयी परिभाषा प्रस्तुत की। शिक्षा, स्वास्थ्य और लोगों की संपन्नता के लिए उन्होंने आजीवन संघर्ष किया। वह तीन बार हिसार से विधायक रहे और 1996 में हरियाणा के कुरुक्षेत्र से लोकसभा सांसद बन कर राष्ट्र की नीतियों और कार्यक्रमों के निर्माण में बड़ा योगदान दिया। 2005 में वह हिसार से पुनः विधायक बने और उन्हें हरियाणा का ऊर्जा मंत्री बनाया गया। समाजसेवा के प्रति समर्पित रहते हुए बाऊजी ने यह सुनिश्चित किया कि गरीब जरूरतमंद, दलितों और पिछड़ों को आर्थिक और राजनीतिक गतिविधियों से लाभ मिले। उन्हें मुख्यधारा में शामिल होने के पर्याप्त अवसर पैदा हों। समाज के संतुलित और सौहार्द्रपूर्ण विकास की सकारात्मक सोच रखने वाले बाऊजी का राष्ट्र प्रथम लोग प्रथम का दर्शन आज ओपी जिंदल ग्रुप की नीतियों और कार्यक्रमों की आधारशिला है। संपूर्ण ओपी जिंदल ग्रुप राष्ट्र के प्रति बाऊजी की प्रतिबद्धता का एक बड़ा उदाहरण है। बाऊजी उम्मीद के दीपपुंज थे। जो कोई उनके पास आता, वो उनका मुरीद बन जाता था। देश ही नहीं, बल्कि विदेश में भी उनके लाखों प्रशंसक थे। ये उनके दिये हुए संस्कार ही हैं कि उनके चारों बेटे पृथ्वीराज जिंदल (जिंदल सॉ), सज्जन जिंदल (जेएसडब्ल्यू), रतन जिंदल (जिंदल स्टेनलेस) और नवीन जिन्दल (जेएसपीएल) आज उद्योग जगत के अग्रणी सितारों में गिने जाते हैं। ये सभी एक बेहतर कल के निर्माण के प्रति समर्पित हैं। इसी कड़ी में तीसरी पीढ़ी के स्मिनू जिंदल, पार्थ जिंदल, अभ्युदय जिंदल और वेंकटेश जिंदल बाऊजी की विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। बाऊजी के बारे में कहा जाता है कि जहां दूसरों ने दीवारें देखीं, वहां उन्होंने दरवाजे देखे। वे समस्या में भी समाधान देखते थे और यही वजह है कि आज करोड़ों लोग उनके दिखाये मार्ग पर चल कर सुख, शांति और समृद्धि की जोत प्रज्ज्वलित कर रहे हैं। बाऊजी ने देश और लोगों की सेवा में अपना जीवन बिताया। उनका यह दर्शन ओपी जिंदल ग्रुप का अनवरत मार्गदर्शन कर रहा है।



**दुनिया ने जहां दीवार देखी, बाऊजी ने वहां दरवाजे देखे**

## जमशेदपुर की खबरें

### स्वास्थ्य विभाग के कैंप में लोगों ने उठाया स्वास्थ्य लाभ

## घर-घर एंटी लार्वा का छिड़काव कर लोगों को किया जागरूक



आजाद सिपाही सवांददाता

**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा स्थित छोटा गोविंदपुर में डेंगू व मलेरिया से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग के द्वारा मेडिकल कैंप लगाया गया। रविवार को आयोजित कैम्प में सैकड़ो लोगो ने स्वास्थ्य लाभ उठाया। मौके पर जिला परिषद सदस्य डॉ परितोष सिंह व उनके टीम मुस्तैद रही। उन्होंने घर-घर जाकर लोगों को एंटी लारवा का छिड़काव के लिए जागरुक किया। श्री सिंह ने बताया जिला परिषद व पंचायत प्रतिनिधियों के द्वारा स्वस्थ गोविंदपुर व स्वच्छ गोविंदपुर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।हाट बाजार से चिन्हित 25 कूड़ेदान की सफाई,ब्लीचिंग का छिड़काव,एंटीलार्वा का छिड़काव किया गया। इस अवसर पर मुखिया रंजीत सरदार, सतवीर सिंह बग्गा, दिनेश कुमार, लक्ष्मी देवी, कलावती देवी, उदय सिंह, धर्मेंद्र सिंह, विजय कुमार, रंजीत यादव, चंद्रशेखर सिंह,प्रशांत चौधरी, उज्जवल कुमार सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सरायकेला के गम्हरिया में दिनदहाड़े हथियार के बल पर ज्वेलरी दुकान से 70 लाख की लूट

**पिस्तौल सटा कर थैले में गहने भर कर चलते बने।**

आजाद सिपाही सवांददाता



**सरायकेला।** सरायकेला-खरसावां जिले के आदित्यपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गम्हरिया के लाल बिल्डिंग चौक के समीप स्थित ईश्वर लाल ज्वेलरी दुकान में तीन नकाबपोश हथियारबंद अपराधियों ने रविवार पूर्वाह्न करीब 11 बजे 70 लाख के आभूषण लूट लिये। बताया जा रहा है कि शादी के गहने खरीदने के नाम पर अपराधी दुकान में घुसे और दुकानदार से आभूषण निकलवाया। इसके बाद पिस्तौल सटा कर थैले में गहने भर कर चलते बने। जाते-जाते बदमाशों ने दुकान का शटर गिरा दिया और सीसीटीवी का डीवीआर भी साथ ले गये। सीसीटीवी को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही आदित्यपुर और गम्हरिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घटना की सूचना मिलते ही एसपी डॉ विमल कुमार भी मौके पर पहुंचे और घटना का जायजा लिया। एसपी ने ज्वेलरी दुकान में मौजूद कर्मचारियों से पूछताछ की। साथ ही आसपास स्थित दुकानों में लगाये गये सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की। उन्होंने दावा किया कि अपराधियों को जल्द ही पकड़ लिया जायेगा। इसके लिए पड़ोसी जिला जमशेदपुर पुलिस से भी सहयोग लिया जा रहा है। दुकान में मौजूद कर्मचारियों ने बताया कि एक साथ तीन युवक आये, जिसमें दो युवक हेलमेट पहने हुए थे,। जबकि एक युवक मास्क लगाया हुआ था। एक युवक बाहर ही रुक कर रेकी करने लगा और दो युवक दुकान के अंदर आये। दोनों युवकों ने पिस्तौल के बल पर दुकान में रखे सभी गहनों को समेट कर अपने बैग में रख लिया और आराम से चलते बने। दुकान से निकलने के बाद उन्होंने बाहर से शटर बंद कर दिया था।

## सावन क्वीन प्रतियोगिता में शामिल हुईं महिलाएं




**जमशेदपुर।** एक तरफ सावन महीना में सभी मंदिरों में बाबा भोलेनाथ की पूजा अर्चना में श्रद्धालु लीन है। वहीं सावन के महीना आते ही महिलाएं हरा साड़ी पहन कर खुशियां मानने की तैयारी में रहती है। इस उपलक्ष में रविवार को पूजा सिंह के द्वारा बिष्टुपुर के एक होटल में सावन क्वीन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौके पर जमशेदपुर शहर के अलग-अलग क्षेत्र से सैकड़ों महिलाएं प्रतियोगिता में शामिल हुई। सावन का महीना मैं महिलाओं को एक प्लेटफार्म देने की प्रयास किया गया। जहां दूरदराज से महिलाएं एकत्रित होकर कई कार्यक्रम में भाग लिया। मौके पर मौजूद 4 महिला जज के द्वारा सभी महिलाओं को पुरस्कृत किया गया। उन्होंने बताया यह आयोजन प्रत्येक वर्ष की जाएगी। ताकि सावन के महीने में महिलाओं में उत्साह व मन मे खुसी बरकरार रह सके। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार अन्नी अमृता,भोजपुरी एक्टर अनु ओझा, सुनीता जायसवाल व तेजिंदर कौर बतौर अतिथि सह जज मौजूद रही।

### सुंदर कांड पाठ व रुद्राभिषेक में शामिल हुए विधायक

## राज्य और क्षेत्रवासियों के लिए की खुशहाली की कामना



आजाद सिपाही सवांददाता

**पोटका।** पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका विधानसभा स्थित जमशेदपुर प्रखंड के बागबेड़ा डी वी रोड में श्री पंच दशनाम जुना आखड़ा कैलाश धाम शंख बाबा शिव मन्दिर में सुंदर काण्ड पाठ व रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित पूजा अर्चना के दौरान क्षेत्र के विधायक संजीव सरदार शामिल हुए। विधायक में स्थानीय लोगों के साथ पूजा अर्चना कर राज्य में खुशहाली की कामना की। साथ ही श्री सरदार ने पोटका विधानसभा क्षेत्र के जनता के लिए सुख, शांति व समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर कांग्रेस नेता बिपिन ठाकुर, झामुमो नेता पिंटू तिर्की, संदीप सहित स्थानीय सैकड़ों श्रद्धालु शामिल रहे।

### शहर के 84 बैच पास आउट बंगाली समुदाय के सहपाठी ग्रुप का मिलन समारोह आयोजित

# फ्रेंड्स डे पर एक-दूसरे को दी बधाई

आजाद सिपाही सवांददाता



**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर के अलग-अलग स्कूल से 1984 बेच के पास आउट बंगाली समुदाय की छात्र छात्राओं ने हैप्पी फ्रेंड्स डे के अवसर पर मिलन समारोह का आयोजन किया। रविवार को सहपाठी ग्रुप के बैनर तले 84 बेच के मिलन समारोह में सैकड़ो छात्र छात्राएं शामिल होकर जमकर मौज मस्ती की। भालुवासा स्थित एक होटेल में शहर के अलग अलग बंगला मीडियम स्कूल से 1984 में पास आउट विद्यार्थियों ने एक दूसरे से मुलाकात कर एक दूसरे को बधाई दी। मिलन समारोह के दौरान छात्राओ ने बंगला गीत प्रस्तुत कर जमकर जुमे। इस संबंध में जानकारी देते हुए रीना दत्ता ने बताया हैप्पी फ्रेंड्स डे के उपलक्ष में सहपाठी ग्रुप के 84 बैच पास आउट सैकड़ो छात्र छात्राएं एकत्रित हुए हैं। बंगाली समुदाय के विद्यार्थियों ने सभी एक दूसरे से मुलाकात जमकर मौज मस्ती की। उसके बाद सभी एक साथ भोजन का आनंद उठाया। इस अवसर पर गीत,नित्य, बांसुरी, रेम्फवाक कर एक दूसरे को बधाई दी।

इस अवसर पर देवी, लीना, अजय, अचिन्ता, सौमित्रो, तापोसी, मिनोका, स्वाति, संजय, विजय, इंद्राणी, मानोस खासनोविस,चंद्रा, सोनाली, मौसूमी, टिंकू, सोमा, बॉबी, बिष्णु, सोमेन, सुरेंद्र, बीरेंद्र, डोली, आशीष, तृप्ति, शामोली, त्रिदेब, मिहिर, सुबाष, बरुन, तपन, विश्णु, भास्कर, डीप मित्रों, स्वपना, रिनाख्खी, राजा, नरेंद्र, सुशांतो, बंकिम सहित अन्य शामिल रहे।

**कार्यक्रम :** गढ़वा टाउन और नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन के विकास कार्यों का पीएम नरेंद्र मोदी ने किया ऑनलाइन शिलान्यास

# गढ़वा रेलवे स्टेशन का 25 करोड़ की लागत से होगा पुनर्विकास

**प्रधानमंत्री के बाद उपायुक्त एवं अन्य लोगों ने भी औपचारिक रूप से रेलवे स्टेशन पर शिलापट्ट हटाकर किया शिलान्यास**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** रविवार को गढ़वा रेलवे स्टेशन के आधुनिकीकरण एवं यात्री सुविधाओं के विकास कार्य का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑनलाईन किया। इस योजना के तहत गढ़वा रेलवे स्टेशन में 25 करोड़ लागत से रेलवे स्टेशन पर विकास के कार्य किये जायेंगे। गढ़वा रेलवे स्टेशन पर इस मौके पर आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम में डीसी शेखर जमुआर, एसडीओ राज महेश्वरम सहित भाजपा नेताओं एवं गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। पीएम मोदी द्वारा ऑनलाईन शिलान्यास किये जाने के पश्चात उपायुक्त एवं अन्य लोगों ने भी औपचारिक रूप से रेलवे स्टेशन पर शिलापट्ट हटाकर शिलान्यास किया। इस दौरान लोगों ने प्रधानमंत्री का ऑनलाईन उदबोधन भी एलईडी स्क्रीन पर सुना। इसके पूर्व कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त शेखर जमुआर ने कहा कि आज का दिन यात्रियों के साथ-साथ रेलवे के कर्मियों के लिये भी ऐतिहासिक है। पहले गढ़वा रेलवे स्टेशन में सिर्फ एक लाईन हुआ करता था। इससे यात्री ट्रेन एवं मालगाड़ियों को आवागमन करने में काफी समय लग जाता था। इससे वे अपने गंतव्य पर देर से आया करती थी। लेकिन अब यहां काफी बदलाव देखने को मिल रहा है। कई लाईनें हो जाने की वजह से ट्रेनों के देर से आने का समय काफी कम हो गया है। लोग अपने निर्धारित स्थल पर समय से पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज जो शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया है उसके बाद से आनेवाले दिनों में गढ़वा रेलवे स्टेशन पूरी तरह से बदला हुआ नजर आयेगा। उन्होंने कहा कि सफर करने के लिये रेल से बेहतर साधन दूसरा नहीं है।

इस मौके पर यातायात संकेत एवं दूरसंचार अभियंता शंभूनाथ सिंह, सहायक विद्युत अभियंता कुमार मयंक, स्टेशन प्रबंधक चंदूभूषण कुमार, उपेंद्र कुमार, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, भाजपा नेता ओमप्रकाश तिवारी, विजय कुमार केसरी, सुरज कुमार गुप्ता, जवाहर पासवान, विवेकानंद तिवारी, संतोष दूबे, चंदन जायसवाल, रविंद्र जायसवाल, अंजली गुप्ता, मीना देवी, गौरीशंकर बिंद, उदय मेहता, झामुमो नेता कंचन साहू आदि उपस्थित थे।




## साल 2014 के बाद से न सिर्फ रेलवे के क्षेत्र में, बल्कि अन्य सभी क्षेत्रों में बदलाव देखने को मिले हैं : ओम प्रकाश केशरी

शिलान्यास कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी ने कहा कि वे सभी आज इस ऐतिहासिक शिलान्यास कार्यक्रम के साक्षी बन रहे हैं। साल 2014 के बाद से न सिर्फ रेलवे के क्षेत्र में बल्कि अन्य सभी क्षेत्रों में बदलाव देखने को मिले हैं।

## नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन का 26 करोड़ 30 लाख रु. से होगा विकास

**नगर उंटारी स्टेशन के शिलान्यास कार्यक्रम को लेकर उत्साहित लोगों ने प्रधानमंत्री एवं रेलवे मंत्री का आभार जताया है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** अमृत भारत योजना के तहत चयनित नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन के सौंदर्यीकरण कार्य का रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा ऑनलाइन शिलान्यास किया गया। शिलान्यास कार्यक्रम के लिए नगर उंटारी स्टेशन पर विधिवत रूप से एलईडी स्क्रीन की व्यवस्था की गई थी। जिस पर स्थानीय लोगों ने प्रधानमंत्री के अभिभाषण एवं ऑनलाइन सुंदरीकरण का शिलान्यास कार्यक्रम को देखा। नगर उंटारी स्टेशन के शिलान्यास कार्यक्रम को लेकर उत्साहित लोगों ने प्रधानमंत्री एवं रेलवे मंत्री को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया है। इस दौरान मुख्य रूप से डीडीसी राजेश कुमार, बीडीओ श्रवण राम, वरिष्ठ भाजपा नेता शारदा महेश प्रताप देव, शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष कमलेश्वर पांडेय, भाजपा नेता अशोक सेठ, कुमार कनिष्क, लक्ष्मण राम, शिवधारी राम, समाजसेवी विजय सिंह, विकास स्वदेशी सहित कई लोग मौजूद थे। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली से सौंदर्यीकरण कार्य का ऑनलाईन शिलान्यास कर श्री बंशीधर नगर वासियों को तोहफा दिया है।

बताते चलें कि नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन को अमृत भारत योजना के तहत विकसित करने के लिये चयनित किया गया है। यहां पर विकास कार्य के लिये 26 करोड़ 30 लाख रुपये खर्च किये जाने हैं। जिससे स्टेशन की खूबसूरती में चार चांद लगने के साथ-साथ श्री बंशीधर नगर की आर्थिक समृद्धि भी होगी।

मौके पर हर्ष व्यक्त करने वालों में गौरव पांडे, अविनाश कुमार, कमलेश्वर पांडे, लव चौबे, टीडीएम कॉलेज के प्रोफेसर वरुण कुमार पांडे, अमरेश यादव, आशीष शुक्ला, रजनीश कुमार, विवेक कुमार सिंह सहित अन्य लोगों के नाम शामिल हैं।

## पंडरिया पंचायत में तस्करी के लिए ले जा रहे 19 मवेशियों को ग्रामीणों ने पकड़ा



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** पंडरिया पंचायत अंतर्गत करमाही जंगल के रास्ते तस्करी के लिए ले जा रहे 19 मवेशियों को ग्रामीणों ने पकड़ा। जिसमें 16 बैल व 3 गाय शामिल हैं। सूचना पर पहुंची भवनाथपुर पुलिस ने उक्त सभी मवेशियों को जब्त करते हुए थाना लायी। हालांकि ग्रामीणों को आते देख इसमें संलिप्त लोग अंधेरे का लाभ उठाकर भाग खड़े हुए। थाने में कागजी प्रक्रिया पूरी करने बाद सभी मवेशियों को ग्रामीणों के बीच वितरण कर दिया गया। पशु तस्करी के खेल में पशु तस्कर खरौंधी व यूपी से सटे गांवों से गाय और बैल खरीद कर घाघरा के जंगलों में एकत्रित करते हैं तथा आसपास के इलाकों के गरीब और मंदबुद्धि लड़कों को पैसे का प्रलोभन देकर उनसे रात के अंधेरे में ही घाघरा, करमाही, कैलान के जंगल के रास्ते बरडीहा सीवान तक इसके बाद यहां से दूसरे लोगों द्वारा मवेशियों को मझिआंव पहुंचाया जाता है। इसके बाद मवेशियों को वहां से कंटेनर या ट्रक के द्वारा भिन्न भिन्न जगह दूसरे राज्यों में ले जाया जाता है।

## मोटरसाइकिल और स्कूटी की टक्कर में दो महिलाओं सहित तीन लोग घायल

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** रेहला मुख्य मार्ग उड़सुगी गांव के पास मोटरसाइकिल व स्कूटी की टक्कर में मोटरसाइकिल पर सवार दो महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। घटना में गढ़वा थाना क्षेत्र के बिरबंधा गांव निवासी अजय मेहता 25 वर्ष, उसकी पत्नी सुनीता देवी 20 वर्ष व शकुंतला देवी 40 वर्ष के नाम शामिल हैं। घटना के संबंध में घायल अजय मेहता ने बताया कि वह परिवार के साथ अपने रिश्तेदार के यहां दाह संस्कार में करकटा गांव गया हुआ था। करकट्ट गांव से वापस लौटने के क्रम में उड़सुग्गी गांव के पास एक स्कूटी सवार ने उसकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद स्थिति बिगड़ने पर आसपास के लोगों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तीनों घायलों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

# राहुल गांधी को न्याय मिलने पर कांग्रेसियों ने आतिशबाजी कर मिठाई बांटी

**नफरत की दुकान में मोहब्बत की जीत हुई है : राज राजेंद्र प्रताप देव**

**भाजपा सरकार में महंगाई, भ्रष्टाचार पर जो भी आवाज उठा रहा है, भाजपा उसकी आवाज दबा रही है : ओमप्रकाश चौबे**

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सर्वोच्च न्यायालय से न्याय मिलने पर युवा कांग्रेस कमेटी के महासचिव रोहित पांडेय के नेतृत्व में रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर व लोगों को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक राज राजेंद्र प्रताप देव, 20 सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे, 20 सूत्री उपाध्यक्ष सह जिला मुख्य संगठक कांग्रेस सेवा दल ईश्वरी चौधरी, जिला महासचिव ओमप्रकाश चौबे, प्रखंड अध्यक्ष संजय प्रसाद, संतोष कुमार, मनदीप प्रसाद, शाहिद अंसारी, शशि भूषण पांडेय, संजीव पांडेय, मोहित पांडेय, शुभम पांडेय, गयासुद्दीन, लियाकत अंसारी, बबलू पांडेय, आलोक कुमार, अनुज पांडेय, उपेंद्र चौधरी तथा बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पूर्व विधायक राज राजेंद्र प्रताप देव ने कहा कि नफरत की दुकान में मोहब्बत की जीत हुई है। लोकसभा 2024 के चुनाव में इंडिया गठबंधन के तत्वावधान में पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी। भारतीय जनता पार्टी की सरकार में प्रतिशोध की राजनीति की जाती है, जो कहीं से ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय से न्याय मिलने पर कहा कि यह असत्य पर सत्य की जीत है। उन्होंने कहा कि सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं हो सकता। जिला महासचिव ओमप्रकाश चौबे ने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई, भ्रष्टाचार पर जो भी आवाज उठा रहा है, भाजपा उसकी आवाज दबा रही है। ईश्वरी चौधरी ने कहा कि भाजपा की दीया अब बुझने वाली है। दीया बुझने से पहले एक बार अपना प्रकाश तेज करती है, उसी प्रकार भाजपा कर रही है। युवा कांग्रेस के रोहित पांडेय ने कहा कि यह जीत राहुल जी का नहीं, भारत के लोकतंत्र की जीत है। बबलू पांडेय ने कहा कि इस न्यायिक जीत से लोगों में न्यायपालिका पर विश्वास बढ़ा है।

# केतार प्रखंड में पंचायती राज पदाधिकारी के आदेशों का किया जा रहा उल्लंघन

आजाद सिपाही संवाददाता

**प्रमुख ने प्रशासनिक स्वीकृति के अनुमोदन के पश्चात योजनाओं को चयनित करने को लेकर बीडीओ को जारी किया पत्र**



**केतार।** प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी ने बीडीओ मुकेश मछुआ को पत्र जारी कर कहा है कि जिला पंचायती राज पदाधिकारी गढ़वा के पत्रांक 355 दिनांक 27 मई 2023 को पत्र के माध्यम से निर्देशित किया गया था। परंतु हमारे केतार प्रखंड में उक्त आदेशों का सरेआम उल्लंघन किया जा रहा है। उन्होंने मनरेगा एवं पंचायती राज विभाग में नियमों का पालन नहीं करने का आरोप लगाया है। प्रमुख ने पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि प्रखंड के सभी ग्राम पंचायतो में मनरेगा योजनाओं की स्वीकृति पंचायतो द्वारा धड़ल्ले से किया जा रहा है। जबकि मनरेगा आयुक्त द्वारा पत्रांक 16-029 दिनांक 22 फरवरी 2019 के तहत सभी उपायुक्तों को पत्र प्रेषित कर साफ निर्देशित किया गया है, कि मनरेगा योजना में पांच लाख तक की मनरेगा योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति ग्राम पंचायत की कार्यकारिणी समिति द्वारा दी जाएगी तथा उक्त सभी योजनाओं को आगामी पंचायत समिति की बैठक में अनुमोदन कराने के पश्चात ही कार्य प्रारंभ किया जाएगा। पत्र के आलोक में योजना स्वीकृत नहीं की गयी, जिसके संबंध में प्रमुख द्वारा बीडीओ को निर्देशित किया गया है कि मनरेगा आयुक्त का पत्र का स्मरण करते हुए पंचायत समिति का अनुमोदन के उपरांत ही योजनाओं को स्वीकृति दें। मनरेगा में फर्जीवाड़ा की शिकायत मिल रही है। विभागीय पत्र में साफ निर्देशित है कि पांच लाख तक की योजनाओं में पंचायत कार्यकारणी की बैठक में प्रशासनिक स्वीकृति कर अनुमोदन करना है। केतार प्रखंड में मनमानी तरीके से नियम के विरुद्ध कार्य किया जा रहा है। पंचायत कार्यकारणी की बैठक में प्रशासनिक स्वीकृति के अनुमोदन के पश्चात योजनाओं को चयनित किया जाना चाहिए।

**कार्यक्रम :** राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रांगण में 74वां वन महोत्सव मनाया गया

# अतिथियों को आंवला और महुगनी का पौधा देकर किया गया सम्मानित

**वन महोत्सव के मौके पर विभिन्न प्रकार के फलदार व इमारती लकड़ियों के सैकड़ों पौधे लगाए गए**

आजाद सिपाही संवाददाता




**भंडरिया।** स्थानीय राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रांगण में रविवार को वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग गढ़वा दक्षिणी वन प्रमंडल पदाधिकारी के आलोक में भंडरिया वन क्षेत्र पदाधिकारी कन्हैया राम की अध्यक्षता में 74वां वन महोत्सव मनाया गया।

वन महोत्सव के मौके पर वन कर्मियों सहित कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों के द्वारा विभिन्न प्रकार के फलदार, इमारती लकड़ियों के सैकड़ों पौधे लगाए गए। मौके पर अमलेश कुमार चौरसिया, जिप सदस्य हिरोपवंती देवी, प्रखंड प्रमुख रुकमणी कुमारी, उप प्रमुख श्रद्धा देवी, विधायक प्रतिनिधि बिरजू सिंह, सांसद प्रतिनिधि रूप निरंजन सिन्हा के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। वन कर्मियों के द्वारा उपस्थित अतिथियों को आंवला का पौधा और महुगनी पौधा देकर सम्मानित किया गया। वहीं राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय के छात्राओं के द्वारा स्वागत गान गाकर अतिथियों का स्वागत किया गया। साथ ही इस कार्यक्रम में सामाजिक वानिकी के मंगल दास तिर्की एवं वक्ताओं ने वन की महत्ता पर प्रकाश डाला तथा वन बचाने का संकल्प लिया। कन्हैया राम ने कहा जितना जरूरत है पौधा लगाना उससे कहीं ज्यादा है वन को सुरक्षा देना। अगर अभी भी वनों का रख रखाव सही तरीके से नहीं किया गया तो आने वाले समय में गर्मी अपना विकराल रूप धारण कर लेगी। वहीं सुखाड़ की स्थिति और भी ज्यादा भयावह हो जाएगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्लस टू उवि के प्रधानाध्यापक शशि कुमार राम, चंदन कुमार, वनरक्षी कमलेश कुमार, वनपाल उपेंद्र कुमार, तुषार कुमार, ललन कुमार, रोशन कुमार, आनन्द कुमार, शुभम तिवारी, शिवबरत सिंह, मंगल दास, अनुपमा सोनी अंकित कुमार आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## महिला ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या करने का किया प्रयास

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिले के मझिआंव गांव निवासी चंद्रिका राम की पत्नी साक्षी कुमारी ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। उसे गंभीरावस्था इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि साक्षी कुमारी की शादी तीन महीने पूर्व हुई थी। इसके बाद से वह ससुराल में रह रही थी। किसी बात को लेकर शनिवार को ननंद के साथ नोकझोंक हो गयी। इसी बात से आक्रोशित होकर साक्षी कुमारी ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने उसे सदर अस्पताल में भर्ती करवाया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### पेयजल स्वच्छता विभाग के प्रधान सचिव पहुंचे बाबा बंशीधर मंदिर, किया दर्शन-पूजन



**श्रीबंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के प्रधान सचिव डॉ मनीष रंजन और गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुवार ने रविवार दोपहर श्री बंशीधर मंदिर में दर्शन पूजन कर झारखंड की खुशहाली की कामना की। श्री रंजन वर्ष 14-15 में तीन महीने गढ़वा के डीसी के पद पर आसीन रह चुके हैं। पूजन अर्चन के बाद श्री रंजन ने बताया कि गढ़वा डीसी बनने के बाद बंशीधर मंदिर से उनका गहरा लगाव रहा है और आज कई वर्षो के बाद फिर ऐसा संयोग बना कि श्री बंशीधर नगर आने का मौका मिला। ऐसी अद्वितीय प्रतिमा विश्व में कही नहीं है। उक्त मौके पर पूर्व विधायक राज राजेंद्र प्रताप देव ने बाबा बंशीधर की तस्वीर देकर श्री रंजन को सम्मानित किया। वहीं श्री बंशीधर नगर बीडीओ ने वर्तमान डीसी शेखर जमुवार को तस्वीर व मंदिर विवरण किताब देकर सम्मानित किया। मौके पर पूर्व विधायक राज राजेंद्र प्रताप देव, बीडीओ श्रावण राम, पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, थाना प्रभारी नीतीश कुमार, अंचलाधिकारी अरुण कुमार मुंडा, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शैलेश चौबे, पंचायती राज समन्वयक कौशल कुमार, हजारी प्रसाद आदि मौजूद थे।

### जन्मदिन पर निदेशक ने पाराडाइज स्कूल परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**मेराल (आजाद सिपाही)।** हम सभी हर साल पौधरोपण करेंगे तभी हरियाली में बढ़ोत्तरी होगी और पर्यावरण में सुधार होगा। इसी उद्देश्य के साथ डंडई रोड मेराल के पाराडाइज पब्लिक स्कूल के निदेशक इंजीनियर इमाम ने स्कूल परिसर में पौधरोपण कर अपना जन्म दिन मनाया। शनिवार को अपने जन्म दिवस पर विद्यालय के सभी शिक्षकों तथा अभिभावकों की मौजूदगी में दर्जनों फलदार तथा छायादार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संक्षण का संदेश दिया। इस मौके पर इंजीनियर इमाम ने कहा कि सभी लोगों को अपने खास तिथि पर कम से कम 5 पौधा जरूर लगाना चाहिए। इससे वह दिन यादगार रहेगा। साथ ही पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। पौधरोपण के दौरान स्कूल के प्राचार्य लाल जी पाल, शिक्षक दीनानाथ चौधरी, सुधीर कुमार, अरविंद कुमार, मधु तिवारी, सरफराज अंसारी, आरती कुमारी, प्रिया कुमारी, हाजरा खातून, प्रतिमा भारती के अलावे अभिभावक तैयब अंसारी, मोहन, सुरेंद्र, फारूक अंसारी, छठन, महेन्द्र, गणेश सहित कई अन्य लोग भी उपस्थित थे।

### केतार प्रखंड की मुकुंदपुर पंचायत में मूसलाधार बारिश से दो घर ध्वस्त



**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुकुंदपुर निवासी दिनेश वर्मा पिता रामचरित्र चंद्रवंशी एवं फूलवंती देवी पति अखिलेश चंद्रवंशी के खपरैल घर विगत शनिवार की रात्रि में जोरदार बारिश की वजह से ध्वस्त हो गये। दिनेश वर्मा ने बताया कि अपने परिवार के साथ इसी खपरैल घर में रहा करते थे। शनिवार की रात्रि मूसलाधार बारिश से पानी घर में घुसने से हमलोगों का घर ध्वस्त हो गया। हमलोगों को अभी तक एससीसी डेटा एवं आवास प्लस में नाम नहीं रहने की वजह से अभी तक कोई भी आवास योजना से लाभ प्राप्त नहीं हुआ है। हमलोगों का परिवार संयुक्त होने की वजह से जीवन बसर करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। भुक्तभोगी ने आवास सबंधित योजना से लाभान्वित करने का आग्रह किया है।

### सूर्य मंदिर भवनाथपुर के समीप बिजली प्रवाहित तार गिरने से मचा हड़कंप



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** सूर्य मंदिर भवनाथपुर के समीप बिजली प्रवाहित तार गिरने से मचा हड़कंप, गनीमत रही की बाजार का दिन होने के बावजूद कोई हताहत नहीं हुई। सूर्य मंदिर के समीप शाम में करीब छह बजे बिजली प्रवाहित तार एकाएक गिर गयी जो दुकान के आगे खड़ी चार पहिया एवं दो पहिया वाहन सहित दुकान के बोर्ड पर अटक गई।अगल बगल के लोगो द्वारा तत्कार बिजली स्टेशन को सूचना दी गयी जिसके बाद विद्युत करंट काटा गया।बता दें कि उक्त क्षेत्र में बिजली तार पूर्व में भी कई बार गिर चुकी है।बारिश के कारण लोगों का आवागमन कम था जिस कारण कोई अनहोनी नहीं हुई अन्यथा बड़ी घटना घट सकती थी।इस संबंध में जेई गुनवन्त कुमार ने कहा जल्द ही पुराने तार को बदल दिया जाएगा।

## मृतक पेशे से रिटायर्ड शिक्षक, घायलों में दो बच्चे भी शामिल

# स्कूटी-बाइक की भिड़ंत में एक की मौत, चार घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के दानाडीह तालाब के मोड़ के समीप स्कूटी और बाइक की भिड़ंत में 63 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान गोपेश्वर महतो के रूप में हुई है। इसी घटना में दो बच्चे समेत कुल चार लोग भी घायल हुए हैं। जानकारी के अनुसार रविवार की शाम चार बजे गोपेश्वर महतो अपने पोता-पोती



को लेकर बाजार गये थे। बाजार से दानाडीह स्थित अपने घर लौट रहे थे। तभी बुंडू की ओर से तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। टक्कर से दोनों गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गयी। वहीं, गोपेश्वर के पोता यश कुमार (4) और पोती लतिका कुमारी (6) गंभीर रूप से घायल हो गयी। दोनों को इलाज के लिये रांची के रिम्स अस्पताल भेजा गया है। इधर, बाइक सवार सोनाहातू गांव का विवेक प्रामाणिक और एक अन्य युवक का इलाज रांची के निजी अस्पताल में किया जा रहा है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस दोनों गाड़ियों को जब्त कर थाने ले गई। साथ ही मामला दर्ज कर जरूरी कार्रवाई शुरू कर दी है। पता चला है कि मृतक गोपेश्वर दानाडीह गांव का रहने वाला था। सोनाहातू के ठुगरूडीह प्राथमिक विद्यालय से रिटायर्ड हुए थे। वे काफी मिलनशार प्रवृति के थे।

# पेड़-पौधे भी हैं हमारे सच्चे मित्र : सकलदीप

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** मुरहू स्थित श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर की ओर से फ्रेंडिशप डे का स्वागत इस साल भी फलदार एवं औषधीय वृक्ष को बढ़ावा देने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पौधरोपण करके किया गया। संस्थान के छात्र छात्राओं ने कोचिंग सेंटर की इस अनूठी परंपरा को टूटने नहीं दिया और सभी ने पौधे लगाकर फ्रेंडशिप डे मनाया। शिक्षक सह निदेशक सकलदीप भगत ने कहा कि पौधो से दोस्ती उस संवदेना को दर्शाता है जहां से जीवन की शुरूआत होती है। बिना ऑक्सीजन के जीवन की कल्पना नहीं की जा




सकती है। आक्सीजन हमें पौधों से ही मिल सकता है। संस्थान के लिए यह पवित्र मांगलिक समारोह की तरह है। संस्थान की ओर से समाज को पेड़-पौधों से लगाव व आत्मीय रिश्ते बनाने की अपील की जा रही है। संस्थान की ओर से सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए यह आह्वान किया गया कि समाज के हरेक लोग यह संकल्प लें कि वे अपने बेटे-बेटी के जन्मदिन पर केक के बजाए पौधे का तोहफा दें। उनके नाम पर पौधरोपण करें। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि अमूमन सरकारें या स्वयंसेवी संस्थाएं जोरशोर से बड़े पैमाने पर पौधारोपण तो करती हैं, लेकिन सब कुछ उनके जिम्मे छोड़ कर खुद शिकायत करना सही नहीं है। इसीलिए यह मोर्चा हम सभी को खुद उठाना है।

# फटा-पुराना कपड़ा पहनें, लेकिन बच्चों को जरूर पढ़ाएं : एएसपी

## उत्क्रमित प्लस-2 हाई स्कूल को दर्जनों गांव के लोगों ने मिलकर उठाया बदलने का बीड़ा

स्वरूप भट्टाचार्य

**अड़की (आजाद सिपाही)।** सात पंचायतों में एकमात्र उत्क्रमित प्लस टू हाई स्कूल को अब दर्जनों गांवों के लोग मिलकर बदलना चाहते हैं। रविवार को ग्रामीणों ने श्रमदान कर पूरे स्कूल परिसर की सफाई की। ग्रामीणों के साथ एएसपी रमेश कुमार, थाना प्रभारी मो इकबाल हुसैन, सब इंस्पेक्टर मनोज तिर्की ने भी स्कूल की सफाई में ग्रामीणों के साथ श्रमदान किया। मदहातु, तिरला, बिरबांकी, तिनतिला, कोचांग और बोहोंडा पंचायतों के विभिन्न गांवों के लगभग 300 ग्रामीण इस दिन तुबिल स्कूल में जुटे और स्कूल को बेहतर बनाकर जंगलों में कायम अशिक्षा के अंधकार को दूर करने का निर्णय लिया। ग्रामीणों ने विद्यालय प्रबंध समिति का पुर्नगठन कर प्रत्येक माह अभिभावक बैठक करने का भी निर्णय लिया। सरकार से छात्रावास को शुरू करने, पुराने अर्द्धनिर्मित भवन को तोड़कर पांच कमरों का क्लास रूम बनाने, स्कूल की चाहरदीवारी का निर्माण कराने, पुराने भवनों की मरम्मत और रंग-रोगन कराने समेत विद्यालय की सभी समस्याओं का निराकरण करने की मांग डीसी लोकेश मिश्र से की। ग्रामीणों ने सभा के माध्यम से डीसी से एक बार स्कूल का निरीक्षण कर समस्याओं को दूर करने का अनुरोध किया है।

दूसरी ओर, ग्रामीण व उनके बच्चों की मदद के इरादे से श्रमदाम करने पहुंचे एएसपी रमेश कुमार ने कहा कि भले ही मां-बाप फटे-पूराने कपड़े पहनें, लेकिन अपने बच्चों को टाईम पर स्कूल जरूर भेजें। उन्होंने कहा कि मैं भी ऐसे ही सरकार स्कूल में पढ़कर आज अधिकारी बना हूं। उन्होंने कहा की धान रोपनी का काम छोड़कर आज सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण शिक्षा के लिए यहां जुटे हैं, तो यह बड़ी बात होने के साथ पहाड़ों में बसे गांव की तस्वीर बदलने का संकेत देता है। सरकार आपके विकास के लिए हाथ आगे बढ़ा चुकी है। अब आप अपना हाथ बढ़ाएं। दोनों, मिलेंगे, तो स्कूल की तस्वीर और क्षेत्र की तकदीर बदल जाएगी। उन्होंने कहा कि तुबिल को शिक्षा का केंद्र बनाना है, इसके लिए छह महीने से साल भर का समय लग सकता है। कहा कि जब तक स्कूल सुधर नहीं जाता, प्रशासन यहां आती रहेगी और अपना प्रयास जारी रखेगी। वे इस संबंध में जिले के वरीय अधिकारियों से भी बात करेंगे।



### सात पंचायतों के एकमात्र तुबिल प्लस टू उच्च विद्यालय की समस्याएं

**1999 में बन रहा भवन अब तक अधूर है। कल्याण विभाग की ओर से संचालित 60 बेड का आदिवासी छात्रावास बंद हो गया है। छात्रावास भवन जर्जर हालत में है। स्कूल में बिजली है, लेकिन वायरिंग टूटे-फुटे हालत में हैं। बरसात के पानी से दीवारों से पानी टपकता रहता है। ऐसे में विद्यार्थियों में करंट फेलने का खतरा बना रहता है। यहां कहने को तो आठ भवन हैं, पर उनमें से कुछ के छत से पानी टपकता है और बच्चे नीचे बैठकर पढ़ते को मजबूर हैं। स्कूल की चाहरदीवारी नहीं है। लगभग आधा दर्जन बोरिंग स्कूल परिसर में हैं, लेकिन एक को छोड़ सभी फेल हैं। शौचालय टूट-फुट चुका है। स्कूल में 3 पारा शिक्षकों समेत कुल 11 शिक्षक हैं। प्रधानाध्यापक 78 किमी दूर रांची से बाईक से स्कूल आते हैं। पांच शिक्षिकाएं एक कार से प्रतिदिन खूंटी से 38 किमी दूर स्कूल जाती-आतीं हैं। विद्यालय प्रबंध समिति काम नहीं करता, कारण है कि अध्यक्ष ऐसे कुटुंब परिवार में शामिल हो गए हैं। ग्रामीण विद्यालय प्रबंध समिति को बदलना चाहते हैं, लेकिन विभागीय कारणों से ऐसा नहीं हो पा रहा है। मध्याह्न भोजन नियमित संचालित नहीं हो रहा।**

### ग्रेस हर्ट स्कूल भी आया मदद को सामने

शिक्षा के विकास के लिए आगे आए ग्रामीणों के लिए खूंटी के अनिगड़ा में स्थित ग्रेस हर्ट स्कूल ने भी मदद का हाथ बढ़ाया है। सभा में आए तमाम ग्रामीणों के भोजन की व्यवस्था ग्रेस हर्ट स्कूल की ओर से की गयी। निदेशक प्रमोद प्रसाद और प्रिंसिपल ममता हंगमा सुब्बा भी रविवार को तुबिल पहुंचे। ममता हंगमार सुब्बा ने बच्चों और अभिभावकों को संबोधित किया। बच्चों से लक्ष्य निर्धारित कर समय-सारणी बनाकर पढ़ाई करने की सलाह दी। कहा कि उनके स्कूल के टीचर व सिनियर छात्र बीच-बीच में स्कूल आकर गांवों के बच्चों को पढ़ायेंगें। साथ ही कैरियर काउंसलिंग और मोटिवेशलन क्लासेस भी आयोजित किए जाएंगे। अड़की थाना प्रभारी मो इकबाल हुसैन और सब इंस्पेक्टर मनोज तिर्की ने अपने-अपने विचार रखे।

### हॉकी, फुटबॉल व जर्सी का वितरण

जिला पुलिस की ओर से सामुदायिक पुलिसिंग के तहत स्कूल के खेल मैदान में छात्रों के लिए हॉकी और छात्राओं के लिए फुटबॉल के प्रदर्शनी मैच का आयोजन किया गया। जिसके बाद विजेता व उपविजेता टीमों के बीच हॉकी, फुटबॉल व जर्सी का वितरण किया गया। प्रदर्शनी मैच के दौरान विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभाएं देखने को मिली। वहीं खेल सामाग्री पाकर विद्यार्थी खुश नजर आये।

## जामडीह गांव से दो सीसीएल कर्मियों की बाइक चोरी

**खलारी (आजाद सिपाही)।** पिपरवार थाना क्षेत्र के जामडीह गांव से दो सीसीएल कर्मी की बाइक चोरी हो गई है। जानकारी के अनुसार जामडीह गांव निवासी सीसीएल कर्मी सुरेश गंझू एवं संदीप कुमार गंझू की बाइक चोरी हुई है। पुरनाडीह परियोजना में कार्यरत सुरेश गंझू अपनी बाइक घर के सामने बाउंड्री के अंदर खड़ा किया था। वहीं, संदीप ने अपनी बाइक आंगन में खड़ी की थी। रविवार की सुबह जब दोनों अपने-अपने घर से बाहर निकले तो उन्हें उनकी बाइक अलग-अलग जगह से गायब थी। उसके बाद काफी खोजबीन शुरू किया लेकिन कुछ पता नहीं चला। इसके बाद सुरेश एवं संदीप ने गाड़ी चोरी होने की सूचना पिपरवार पुलिस को दी है।

## ट्रस्ट के सदस्यों ने किया पिपरवार क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों का भ्रमण



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट एंड रिसर्च फाउंडेशन ट्रस्ट के सदस्यों ने पिपरवार क्षेत्र के बहेरा पंचायत के वार्ड नंबर एक स्थित कंधार गांव का दौरा किया। ट्रस्ट के पिपरवार क्षेत्रिय अध्यक्ष जाहिद अली के नेतृत्व में सदस्यों ने गांव का भ्रमण कर वहां की मूलभूत समस्याओं की जानकारी ली। इस दौरान गांव के वृद्ध बीमार और लाचार लोगों की सूची बनाई गई। वहीं, गांव के बेरोजगार युवाओं की भी सूची तैयार की गयी। इस संबंध में ट्रस्ट के सदस्यों ने बताया कि गांव-गांव घूमकर गांव के बीमार लोगों की सूची बनाई जा रही है, जिसके बाद बीमार लोगों के इलाज के लिए ट्रस्ट की ओर से सहयोग किया जाएगा। इसके अलावा गांव के बेरोजगार युवाओं की भी सूची बनाकर उन्हें क्षेत्र में संचालित कंपनियों में रोजगार दिलाने में मदद की जाएगी। इस मौके पर जाहिद अली, विश्राम टाना भगत, अरविंद कुमार पासवान, राहुल राम, इम्तियाज अंसारी, तस्लीम अहमद, आसिफ अंसारी, दिनेश राम, रविंद्र उरांव, सोनू गुप्ता आदि मौजूद थे।

## यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन की बैठक में कोयला मजदूरों की समस्याओं पर हुई चर्चा

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** क्षेत्र के अशोका भीटीसी सभागार में रविवार को यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन अशोक परियोजना की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता अध्यक्ष धनेश्वर गंझु ने की। बैठक में यूनियन के सचिव सह सीसीएल वेलफेयर बोर्ड सदस्य अरविंद शर्मा द्वारा कार्य रिपोर्ट पेश किया गया। जिस पर चर्चा कर रिपोर्ट को पास किया गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने परियोजना स्तर की समस्याओं को रखा। जिसमें मजदूरों का प्रमोशन, आवास मरम्मत,आवास भत्ते का भुगतान, वेतन पर्ची में पैन नंबर का सुधार, वेतन के साथ कन्वेंस अलाउंस का भुगतान देने, फॉर्म 16 एवं 26 ए में हुए विसंगति को दूर करने, संवेदनशील पदों पर जमे कर्मियों का तबादला करने, कल्याणपुर



विस्थापित कॉलोनी से अशोका ऑफिस तक कर्मियों को आने जाने के लिए बस मुहैया कराने सहित अन्य समस्याएं शामिल थी। अरविंद शर्मा ने कहा कि कोयला मजदूरों की समस्याओं से संबंधित एक ज्ञापन स्थानीय सीसीएल पिपरवार प्रबंधन को सौंपा जाएगा। मांगे पूरी नहीं होने पर यूनियन की ओर से उग्र आंदोलन किया जाएगा। बैठक में आगामी 10 अगस्त को रांची राजभवन के समक्ष संयुक्त ट्रेड यूनियन के आह्वान पर आयोजित विशाल धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में पिपरवार क्षेत्र से सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल होने का निर्णय लिया गया। बैठक में साहिब राम सतनामी, रहमतुल्ला, अनित कुमार, सेवक गंझु, सोमर गंझु, मनोज राम, दिलीप महतो, उस्मान अंसारी, रमेश कुमार, टेश लाल राम, दिनेश दुसाध, कुवंर महतो, भरत नोनिया, पुशनी देवी, गेंदिया देवी, सोनिया देवी, गीता देवी, लाली देवी, राम दयाल उरांव, बंटी मोदी, लालजीत मुंडा, दिलेश्वर महतो, प्रमोद महतो, मोहन पाहन, बबन महतो, भरत गंझु, कोहदा गंझु, राजेश गंझु, एजाज असलम आदि उपस्थित थे।

## साइडिंग के कामगारों ने सीनियर लोडिंग इंस्पेक्टर को दी विदाई



**खलारी (आजाद सिपाही)।** डकरा साइडिंग से सीनियर लोडिंग इंस्पेक्टर के पद से 31 जुलाई को सेवानिवृत्त हुए अरुण कुमार सिंह को कर्मियों ने रविवार को समारोह आयोजित कर विदाई दी। इसका आयोजन डकरा साइडिंग में किया गया। जिसकी अध्यक्षता खान प्रबंधक लोकनाथ राणा और संचालन उदय कुमार सिंह ने किया। सेवानिवृत कामगार अरुण कुमार सिंह को परियोजना के अधिकारियों समेत कई कामगारों ने माला पहनाकर सम्मानित किया। खान प्रबंधक ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। साइडिंग के कामगारों द्वारा कई उपहार दिया गया। खान प्रबंधक लोकनाथ राणा ने अरुण कुमार सिंह के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की। कहा कि सेवानिवृत्ति एक प्रक्रिया है। सभी संस्थानों में कार्य करने वाले कामगारों को एक दिन सेवानिवृत्त होना पड़ता है। वहीं साइडिंग मैनेजर राजीव रंजन, रेलवे के ट्रैफिक इंस्पेक्टर उमेश कुमार, शैलेंद्र कुमार सिंह ने भी अरुण सिंह के कार्यकाल को बेहतर बताते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की। इस मौके पर विक्रांत मिंज, कृष्ण मुरारी तिवारी, देवपाल मुंडा, राकेश पांडे, राकेश रंजन, कमलेश, जावेद खान, केदार यादव, राजेश साहू, सिकंदर, मनीष, महावीर गंझू, देवनाथ, बृहस्पति राम, प्रदीप, कीनू गंझू आदि मौजूद थे।

# राहे में मां जगदम्बे हेल्थ केयर सेंटर का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**राहे।** प्रखंड के मुख्य मार्ग बड़ा तालाब के समीप मां जगदंबे हेल्थ केयर सेंटर का उद्घाटन हुआ। जिसमें हेल्थ केयर सेंटर में जेनरल फिजिशियन, स्त्री रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग, दांत रोग, शिशु चिकित्सा आदि का इलाज विशेषज्ञ चिकित्सक द्वारा किया जायेगा। ग्रामीण क्षेत्र में कम खर्च में बेहतर इलाज की व्यवस्था होगी। लोगों को आयुष्मान कार्ड पंजीकरण करने की सुविधा भी उपलब्ध होगी। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य बादल महतो, उप प्रमुख उमेश महतो, धनंजय महतो, जलेश्वर महतो, जीतलाल महतो, मोहन महतो, सेंटर के राजेश महतो, दिनेश महतो, दामोदर महतो, खगेश्वर महतो, नरेंद्र महतो आदि मौजूद थे।

# बारिश में भी बुंडू नगर पंचायत क्षेत्र में पानी की है घोर किल्लत

**बुंडू (आजाद सिपही)।** बारिश के मौसम में भी नगर पंचायत में पेयजल की घोर किल्लत हो गई है। विगत चार दिनों से पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की ओर से मटमैला पानी आपूर्ति की जा रही है। बुंडू नगर पंचायत में लगभग सात हजार पेयजल कनेक्शन है, जिससे लगभग 20 लाख रुपए वाटर टैक्स नगर पंचायत वसूल करता है। बावजूद इसके लोगों को पानी देने में असमर्थ हो रहा है। इधर लोगों के घरों में मटमैला पानी आने से काफी परेशानी हो रही है। लोग उस पानी को पीने से परहेज कर रहे हैं। अब तक नगर पंचायत के पदाधिकारी इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं कर पाए।

## मणिपुर की घटना के विरोध में मसीही समुदाय के लोगों ने खूंटी में निकाला विशाल मौन जुलूस

# मणिपुर में अविलंब स्थापित की जाए शांति : विशप विनय कंडुलना

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** तीन महीने से जातीय हिंसा में जल रहे मणिपुर की घटना को लेकर खूंटी के अंर्तकलीसिया मैत्री संगठन के तत्वावधान में ऑल चर्चेस कमेटी की ओर से रविवार को जिला मुख्यालय में विशाल मौन जुलूस निकाल कर मणिपुर की घटनाओं का विरोध किया। मुख्य संयोजिका अर्पणा हंस के नेतृत्व में खूंटी कचहरी मैदान से निकाले गए मौन जुलूस में रोमन कैथोलिक चर्च खूंटी धर्म प्रांत के विशप विनय कंडुलना, जीईएल चर्च के विशप जोसेफ सांगा, सीएनआई चर्च के पादरी पतरस हनी पूर्ति, आरसी चर्च के फादर विशु बेंजामिन आईंद, जीईएल चर्च के पादरी सबन सुरीन, कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक कालीचरण मुंडा, दयामनी बारला सहित सभी चर्चों के धर्मगुरु और हजारों की संख्या में मसीही समुदाय के महिला पुरुष एवं युवक युवतियां शामिल थे। मौन जुलूस में



मणिपुर की घटना को लेकर खूंटी में निकाले गये मौन जुलूस में शामिल लोग।

शामिल लोग मणिपुर में हिंसा फैलाने वालों को गिरफ्तार करो, देश को धर्म के आधार पर बांटना बंद करो आदि की तख्तियां लेकर कतारबद्ध होकर चल रहे थे। कचहरी मैदान से प्रारंभ हुआ मौन जुलूस मुख्य पथ से भगत सिंह चौक, डाक बंगला रोड, नेताजी चौक होता हुआ वापस लोयला ग्राउंड में पहुंचकर शांति सभा में तब्दील हो गया। जहां अपने संबोधन में आरसी चर्च के विशप विनय कंडुलना ने मणिपुर की घटना पर दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि अनुच्छेद 25 का अनुपालन करते हुए अविलंब मणिपुर में शांति व्यवस्था लागू की जाए। इनके अतिरिक्त जीईएल चर्च के विशप जोसेफ सांगा, जीईएल चर्च के वाइस प्रेसिडेंट पादरी रॉयन टोपनो, पादरी सबन सुरीन, आरसी चर्च के फादर विशु बेंजामिन आईंद, दुर्गावती ओड़िआ सहित अन्य कई वक्ताओं ने भी मणिपुर की घटना पर दुख व्यक्त करते हुए अविलंब वहां शांति स्थापित करने की मांग की। कार्यक्रम को सफल बनाने में अमर पूर्ती, सामुएल पूर्ती, प्रेमलता केरकेट्टा, किरण कंडुलना, विलसन बोदरा, सुलेमान तिर्की, प्रसन्न कुमार देमता, सुमित भुइयां, आशीष, निकिता सहित अन्य लोगों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## सोनाहातू जलापूर्ति योजना के लिये विधायक सुदेश महतो की पहल पर मिला ट्रांसफॉर्मर

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** विधायक सुदेश महतो ने सोनाहातू जलापूर्ति योजना के लिये नया ट्रांसफार्मर दिया है। सोनाहातू जलापूर्ति केंद्र से सोनाहातू, बारुहातू, नीमडीह, बाजारटांड़, दानाडीह आदि गांव में पेयजल आपूर्ति किया जाता है। ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण जलापूर्ति बाधित था। उपभोक्ताओं ने विधायक के समक्ष ट्रांसफार्मर की मांग रखी थी। पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से चालू रखने को लेकर विधायक ने तत्काल ट्रांसफार्मर में भेज दिया। रविवार को ट्रांसफार्मर का विधिवत उद्घाटन मुखिया बारुहातू सविता देवी ने किया। इस मौके पर जिला परिषद प्रतिनिधि तारणी सिंह मुंडा, वरीय उपाध्यक्ष श्याम महतो, प्रखंड अध्यक्ष सुषेन प्रमाणिक, दिलीप कोईरी, नवीन महतो, बसंत मंडल, हलधर सिंह मुंडा, विपिन पाल, मदन महतो, आदित्य प्रामाणिक, अनिल महतो आदि ने किया।

## केडीएच में 39वां चैलेंजर फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन आज

**खलारी (आजाद सिपाही)।** रैम्बो क्लब के तत्वाधान में सोमवार से केडीएच फुटबॉल मैदान में 39वां चैलेन्जर फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रकाश महतो ने बताया कि चैलेंजर फुटबॉल प्रतियोगिता के उद्घाटन में बतौर मुख्य अतिथि केडीएच पीओ अनिल कुमार सिंह परियोजना पदाधिकारी के अलावा खलारी पूर्वी जिला परिषद सदस्य शाल्या परवीन, प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा, रैयत विस्थापित मोर्चा, एनके एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता, मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी, आजसू नेता नागेश्वर महतो, पंसस अंजु देवी, मुखिया ललिता देवी मुखिया, कांग्रेस नेता राजन सिंह राजा, इंदिरा देवी, सीएमयू एरिया सचिव विनय सिंह मानकी, जनता मजदूर संघ एरिया अध्यक्ष गोल्डेन यादव व भाजपा नेता रमेश विश्वकर्मा आदि को आमंत्रित किया गया है।

# राहुल गांधी की सजा पर सुप्रीम कोर्ट की रोक पर रातू में मना जश्न, बांटी गयी मिठाइयां



आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** मोदी सरनेम केस में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी राहत देते हुए दोषी करार दिए जाने के फैसले पर रोक लगा दी है। इसकी खुशी में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने रविवार की शाम काठीटांड़ चौक में पटाखे फोड़ व मिठाइयां बांटकर खुशी मनाई। प्रखंड अध्यक्ष कुशल उरांव के नेतृत्व में जुलूस भी निकाला गया। वक्ताओं ने कहा कि राहुल गांधी की सजा पर उच्च न्यायालय सुप्रीम कोर्ट की रोक असत्य पर सत्य की जीत है। राहुल गांधी के खिलाफ रचा गया साजिश नाकाम हुआ है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से लक्ष्मी नारायण भगत, मंसूर अंसारी, कुमार अतुल राज, सनी सिंह, सुखमणि उरांव, लगन देवी, पार्वती उरांव, सिंबगी उरांव, खलील अंसारी, चिंतामणि गोप, सोमनाथ और लखन गोप, गोयंदा उरांव, किशोर पोद्दार, अभिराज राय आदि लोग उपस्थित थे।

## टीपीसी का सक्रिय उग्रवादी विकास गंझू उर्फ टुनटुन गिरफ्तार

**बुढ़मू (आजाद सिपाही)।** टीपीसी उग्रवादियों के विरुद्ध लगातार चलाये जा रहे पुलिसिया अभियान में रविवार को पुलिस को बड़ी सफलता मिली। एसएसपी के स्पेशल क्यूआरटी टीम के प्रवीण तिवारी, बुढ़मू थाना प्रभारी कमलेश राय व ठाकुर गांव थानेदार की संयुक्त टीम ने रविवार को चलाये गये विशेष छापामारी अभियान में सक्रिय उग्रवादी विकास गंझू उर्फ टुनटुन को गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। सूत्रों के अनुसार प्रशासन को गुप्त सूचना मिली थी कि मक्का सीरम से सटे जंगल में टीपीसी के बड़े उग्रवादी राहुल गंझू उर्फ प्रधान जी, पहाड़ी और अनीश उर्फ अविनाश उर्फ अरविंद आदि जुटने वाले हैं। इसी सूचना पर टीम गठित कर की गयी छापामारी में विकास उर्फ टुनटुन पुलिस के हत्थे चढ़ गया। यह उग्रवादी हाल के दिनों में ठाकुर गांव थाना क्षेत्र समेत बुढ़मू क्षेत्र में व्यवसाइयों, जमीन कारोबारियों को लेवी के लिये लगातार धमकी दे रहा था। हालांकि समाचार लिखे जाने तक प्रशासन द्वारा उग्रवादी की गिरफ्तारी की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गयी थी, परंतु उसे गिरफ्तारी के बाद अज्ञात थाना में रखकर पूछताछ किये जाने की सूचना है।

## नकल विधेयक के विरोध में अभाविप रांची ग्रामीण ने राज्य सरकार का पुतला फूंका



**मांडर (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रांची ग्रामीण ने रविवार को सदस्यता कार्यशाला के निमित्त एक विशेष बैठक आयोजित की। जिसमें पूरे रांची ग्रामीण के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित हुए। बैठक में हेमंत सरकार द्वारा सदन में पारित नकल विधेयक को पूर्ण रूप से छात्र विरोधी विधेयक बताया। इसको लेकर अभाविप ने हेमंत सरकार का पुतला फूंका एवं इस कानून को वापस लेने की मांग की। मौके पर मुख्य रूप से रांची विभाग संयोजक प्रेम प्रतीक, विभाग सह संयोजक आकाश रक्षित, जिला संयोजक उत्कर्ष तिवारी, सोनम कुमारी, रोहन सेठ, दिवाकर महतो, रोहन कुमार, गौतम कुमार, लक्ष्मण कुमार, अर्जुन कुमार, अनूप, श्रवण, नितेश, संकेत पाठक, राहुल कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## झारखंड विकलांग संघ की ऑनलाइन बैठक में मांगों को लेकर आंदोलन का निर्णय

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड विकलांग संघ की बैठक रविवार को गूगल मिट के माध्यम से आयोजित की गयी। उपरोक्त बैठक की अध्यक्षता झारखंड विकलांग संघ के संस्थापक सुरेंद्र कुमार कुशवाहा उर्फ कोरिल कुमार ने की। बैठक में पूरे झारखंड राज्य के 100 दिव्यांगजनों ने भाग लिया। बैठक में पूर्व दिसंबर माह में संपन्न हुए धरना प्रदर्शन में राज्य सरकार के मंत्रियों एवं विधायकों द्वारा आश्वासन दिया गया था। राज्य सरकार द्वारा तीन माह के अंदर झारखंड विकलांग संघ की मांगों को पूरा करने के लिए बोला गया था, परंतु राज्य सरकार द्वारा अभी तक एक भी मांगों को पूरा नहीं किया गया है। बैठक में पूरे राज्य के मुख्य प्रवक्ताओं में सुषेण दत्ता, अनन्य अग्रवाल, सचिन सोनी, अजीत कुमार, कंचन कुमारी, संजू कुमारी, ओम प्रकाश चौहान इत्यादि ने पुनः आंदोलन करने का निर्णय लिया। उपरोक्त बैठक में यशवंत कुमार, सुमित कुमार, अजय कुमार पासवान, सुनीता कुमारी, सरोज कुमार इत्यादि मौजूद थे। उपरोक्त जानकारी झारखण्ड विकलांग मंच के कोरील कुमार ने दी।

## जशपुरिया पब्लिक स्कूल, बीसा के संचालन समिति की बैठक आज

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** जशपुरिया पब्लिक स्कूल बीसा के संचालन समिति की एक आवश्यक बैठक 7 अगस्त को स्कूल परिसर में पूर्वाह्न 11 बजे से रखी गई है। बैठक में आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की जाएगी। इसमें सभी सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य है। उक्त जानकारी प्रिंसिपल शालिनी प्रिया ने दी।

## बाइक की टक्कर से महिला गंभीर रूप से घायल, रिम्स रेफर

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बेड़ो सांई मंदिर मार्ग पर हरिहरपुर जामटोली गांव में रविवार की अपराह्न लगभग तीन बजे एक बाइक सवार ने पैदल जा रही महिला को टक्कर मार दी। घटना में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे समाजसेवी चरवा उरांव व 12 पड़हा राजा विशाल उरांव ने स्वजनों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। यहां डा. काजल सिंह प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। जामटोली निवासी विशेश्वर हज्जाम ने बताया कि उसकी पत्नी 45 वर्षीय कमला देवी चापाकल से पानी लेकर घर आ रही थी। इसी दौरान एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी।

**कार्यक्रम :** पिस्का नगड़ी स्टेशन के विकास कार्यों का पीएम नरेंद्र मोदी ने किया ऑनलाइन शिलान्यास

# 27 करोड़ रुपये की लागत से पिस्का नगड़ी स्टेशन में होंगे विकास कार्य

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता और विलक्षण प्रतिभा के कारण देश का चहुंमुखी विकास दृश्यमान हो रहा है : नवीन जयसवाल**




आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा रविवार को पिस्का नगड़ी स्टेशन का पुनर्विकास का ऑनलाइन शिलान्यास बटन दबाकर किया।

मौके पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हटिया विधायक नवीन जयसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शिता और विलक्षण प्रतिभा के कारण देश का चहुंमुखी विकास दृश्यमान हो रहा है। इसी कड़ी में नगड़ी के पिस्का स्टेशन को जोड़ा गया है, जो क्षेत्र के लिये गौरव करने वाली बात है। पीएम की सोच है कि रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट में कोई अंतर न रहे। यात्रियों को स्टेशन में हरेक सुविधा उपलब्ध हो। सरकार की यही मंशा है। विशिष्ट अतिथि जिप सदस्य पूनम देवी ने कहा कि आज का दिन नगड़ी के लिये ऐतिहासिक है कि नगड़ी के विकास कार्यों का शिलान्यास प्रधानमंत्री के हाथों हो रहा है। अपर मंडल प्रबंधक रांची मनीष कुमार ने उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए बताया कि 27 करोड़ रुपये की लागत से स्टेशन बिल्डिंग के साथ साथ टिकट काउंटर, प्लेटफार्म, पार्किंग, प्रतीक्षालय, 10 मीटर का अप्रोच रोड, साथ ही सीसीटीवी कैमरा लगाया जाएगा। मौके पर नगड़ी के डब्लू जॉन मल्टीपर्पज स्कूल और रॉकफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों के बीच निबंध, हस्तकला और क्विज प्रतियोगिता करायी गयी, जिसमें सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो, केदार महतो, बजरंग महतो, राकेश केशरी, शिला देवी, कुणाल शाहदेव, संजीव तिवारी, हेमंत केशरी, दौलतराम केशरी, मनीष केशरी, कामेश्वर महतो, दीपक केशरी, मुखिया मंजू लिंडा, आशा किस्पोट्टा, मंजीत उरांव, संजय लिंडा सहित भाजपा के नगड़ी रातू प्रखंड के दर्जनों नेता एवं कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे।

# झारखंडी मुद्दों पर दो दिवसीय झारखंडी संगोष्ठी का समापन

**तमाम छोटे-बड़े संगठनों को एक मंच पर लाकर सरकार पर दबाने का निर्णय**



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** झारखंडी मुद्दों को लेकर रीताश्री बैंक्विट हॉल बूटी मोड़ बरियातू रांची में आयोजित दो दिवसीय संगोष्ठी रविवार को संपन्न हो गया। इस दो दिवसीय झारखंडी संगोष्ठी में तमाम झारखंडी मुद्दों पर प्रकाश डाला गया एवं चर्चाएं की गईं। कार्यक्रम में तमाम संगठन के अगुवा, राजी पड़हा, सरना प्रार्थना सभा भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मगुरु बंधन तिग्गा, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, झारखंडी खतियान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष और पूर्व विधायक सूर्य सिंह बेसरा, पत्रकार तीर्थ नाथ आकाश, आदिवासी मूलवासी जन अधिकार मंच के अध्यक्ष राजू महतो, राष्ट्रीय तेली साहु महासंगठन के हरिनाथ साहू, राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सह एलएपी, प्रदेश उपाध्यक्ष, टाना परिषद के अध्यक्ष जनार्दन भगत, माटी का स्वाभिमान अध्यक्ष संजय मेहता, जयस के अध्यक्ष संजय पाहन, आदिवासी जन परिषद के अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा, अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के महासचिव राकेश मेहता, झारखंडी युवा सेना के अध्यक्ष परवेज अंसारी, जन जागृति मंच के महासचिव असरफ अंसारी, झारखंड किसान मजदूर महासंघ के अध्यक्ष शिव उरांव, राजेश महतो आदि शामिल होकर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जितेन्द्र महतो एवं माय माटी 1932 खतियान के अध्यक्ष संजय कुमार महतो ने किया।

संगोष्ठी में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि तमाम छोटे-बड़े संगठनों को एक मंच पर लाकर झारखंड में चल रहे झारखंडी हक अधिकार के लिए सरकार को दबाव बनाते हुए जनता को अधिकारों को सरकार तक जोरदार तरीके से पहुंचाना है तथा तमाम मुद्दों को झारखंडी हित में लागू करने के लिए दबाव बनाया जाए, इसके लिए आज एक कमेटी बनी है और तमाम छोटे-बड़े जितने भी झारखंड में संगठन बन हुए हैं उनसे अपने स्तर पर संपर्क कर 19 अगस्त 2023 को रांची बुलाया जाए जहां

इस कमेटी का नामकरण और तमाम अधिकारियों का चुनाव किया जाएगा तथा जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। आहवान किया गया की तमाम संगठन के अगुवा अपने स्तर से सभी जिलों से जितने भी छोटे-बड़े संगठन हैं उनके अगुवा को आमंत्रित करेंगे।

# पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक भिक्षाटन आंदोलन की तैयारी को लेकर विचार-विमर्श

**पंचायत स्वयं सेवक अपनी पांच सूत्री मांगो को लेकर राजभवन के समक्ष पिछले 29 दिनों से धरना-प्रदर्शन में हैं**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ की बैठक प्रखंड प्रमुख विनीता कच्छप की अध्यक्षता में रविवार को महादानी मैदान स्थित स्टेडियम में बैठक की गयी। बैठक में राज्य स्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ के द्वारा 12 अगस्त को आहुत भिक्षाटन आंदोलन की तैयारी पर विचार विर्मश किया गया। ज्ञात हो कि पंचायत स्वयं सेवक अपने पांच सूत्री मांगों को लेकर राजभवन के समक्ष पिछले 29 दिनों से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में हैं। बैठक में प्रखंड के सभी सक्रिय स्वयं सेवकों की सूची तैयार कर जिला भेजा गया। पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक पंचायत सचिव स्तर पर सरकार द्वारा संचालित योजना पीएमवाईजी, समाजिक सुरक्षा, मनरेगा, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, कल्याण, आईसीडीएस का डाटाबेस तैयार कर संबंधित विभागों को उपलब्ध कराना है। भिक्षाटन आंदोलन में कृषि विभाग की विभिन्न गतिविधियां, समाजिक सुरक्षा के कार्यक्रमों की जानकारी देना व पंचायत से गांव स्तर पर संचालित सभी योजनाओं के क्रियान्वयन और जानकारी देना है।

बैठक में रामदयाल प्रजापति, तबरेज अंसारी, दिलीप लोहरा, प्रदीप उरांव, बोलवा उरांव, खालिद अंसारी, बुधवीर उरांव, मतिया महतो, मो नसिम, चमरा उरांव, दिलीप तिर्की, मंजु कुमारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

**बैठक :** अनगड़ा प्रखंड मुख्यालय मैदान में 9 अगस्त को आजसू पार्टी मनायेगी विश्व आदिवासी दिवस

# मैराथन दौड़, फुटबॉल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का होगा आयोजन

**कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो होंगे**




आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** डाक बंगला अनगड़ा में रविवार को आजसू की एक तैयारी बैठक प्रखंड अध्यक्ष जगरनाथ महतो की अध्यक्षता में हुई। मुख्य अतिथि खिजरी विस के पूर्व आजसू प्रत्याशी पारसनाथ उरांव थे। बैठक में विश्व आदिवासी दिवस एवं शहीद निर्मल महतो के शहादत दिवस के अवसर पर 9 अगस्त को प्रखंड मुख्यालय मैदान में बालक-बालिका खेल-कूद, सांस्कृतिक सहित कई अन्य कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो होंगे।

मौके पर पारसनाथ उरांव ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि इस अवसर पर मैराथन दौड़, फुटबॉल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रतियोगिता के मैराथन दौड़ के पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को पुरस्कार के तौर एंड्रोएड मोबाइल फोन, द्वितीय को साईकिल एवं तृतीय को पंखा दिया जाएगा। वहीं महिला वर्ग में प्रथम स्थान हासिल करने वाले को साइकिल, द्वितीय को पंखा एवं तृतीय को इलेक्ट्रीक आयरन से पुरस्कृत किया जाएगा। इसके अलावा फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी 10 टीमों के बीच फुटबॉल एवं जर्सी का वितरण होगा तथा सांस्कृतिक प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी समूह भी पुरस्कृत किए जाएंगे। बताया गया कि सोमवार को डाक बंगला में ही आजसू की एक बैठक रखी गई है, जिसमें संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा करते हुए आजसू छात्र संगठन का विस्तार किया जायेगा।

बैठक में सचिव धर्मेन्द्र सिंह, आशाराम महतो, प्रदीप पहान, सोहन मुंडा, कमलेश महतो, सायनाथ महतो, अघनू पहान, अनूज महतो, अंकित प्रमाणिक, सूरज करमाली, केशव करमाली, सुर्दशन मुण्डा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने दो फर्जी नंबर कंक्रीट मिक्सर ट्रक के साथ दो लोगों को पकड़ा



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** टाटीसिलवे पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान दो फर्जी नंबर कंक्रीट मिक्सर ट्रक के साथ दो लोगों को पकड़ा है। जानकारी देते हुए टाटीसिलवे थाना प्रभारी महेंद्र करमाली ने बताया कि रविवार दोपहर टाटीसिलवे स्थित एसआरएस पार्क के समीप रांची-रामगढ़ रोड पर उनकी टीम द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान टीम द्वारा ट्रक को रुकवा कर कागजात की मांग की गयी। बताया कि दोनों ड्राइवरों द्वारा दिये कागजात की जांच की गयी। जहां जांच के दौरान गाड़ी का नंबर फर्जी पाया गया। दोनों वाहन और चालकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। चालकों में हजारीबाग चौबे गांव निवासी महादेव पासवान का पुत्र कामदेव पासवान (30) और कोडरमा गांव चिगलाबर निवासी लालो यादव का पुत्र राजेश कुमार यादव (28) शामिल हैं। इधर गिरफ्तार किये गये युवकों ने बताया कि वे जमशेदपुर से ट्रक को लेकर (बिहार) गया जा रहे थे।

## कुटियातू पंचायत के पिंडारकोम गांव में सावन सप्तमी पूजा का आयोजन

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** कुटियातू पंचायत अंतर्गत पिण्डारकोम गांव में रविवार को सावन सप्तमी पूजा का आयोजन किया गया। गांव के पहान शिवा मुंडा के द्वारा देवी मंडप में विधिवत पूजा-अर्चना की गयी। यह पूजा हर साल सावन महीने में गांव की सुख समृद्धि तथा खेत में अच्छी फसल के लिये की जाती है। प्रसाद के तौर पर ग्रामीणों के बीच खिचड़ी का वितरण किया गया। मौके पर पहान कोटवार, सोहराई महली, मुन्ना बड़ाईक, जतरु मुंडा, रोहित मुंडा, संजीत बड़ाईक, राजु बड़ाईक, मोहित बड़ाईक के अलावा आसपास के ग्रामीण उपस्थित थे।

## मारुति मंगल परिवार ने सामाजिक कुरीतियों के प्रति ग्रामीणों को किया जागरूक



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** मारुति मंगल परिवार के सदस्यों ने रविवार को प्रखंड के करंज टोली, कटहर टोली, पुरियो, फादिलमर्चा, चचकोपी, पाकलमेघड़ी, डुरू, सेमरा व चनगनी गांव में समाज में फैली नशा, जुआ, अंधविश्वास जैसी कुरीतियों के प्रति जागरूक किया। वहीं शिक्षा, खेलकूद व समाज में एकजुट होने से निजात मिल सकती है। परिवार के सदस्यों ने कहा कि मारुति मंगल परिवार का प्रयास समाज में फैली बुराईयों को खत्म कर स्वच्छ समाज की रचना करना है। मौके पर नितीश कुमार, जितवाहन कुमार, दुर्गा महतो, तपेश्वर महतो, पिंकू कुमार मौजूद थे।

## 108 एंबुलेंस चालकों की हड़ताल से गरीब मरीजों को करना पड़ रहा है परेशानियों का सामना

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ग्रामीण इलाके के लोगों के लिए लाइफ लाइन 108 एंबुलेंस चालकों की हड़ताल से गरीब मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बीमार लोग समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पा रहे हैं। सबसे अधिक परेशानी उन गरीब मरीजों को हो रही है, जिनके पास अस्पताल तक जाने के लिए साधन नहीं हैं। हड़ताल के चलते स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों में 108 एंबुलेंस खड़ी कर दी गई है। जिससे मरीज निजी वाहनों से भाड़े पर अस्पताल पहुंच रहे हैं। कई ऐसे मरीज भी हैं जिनको चिकित्सकों ने रिम्स रेफर कर दिया गया है, लेकिन एंबुलेंस नहीं मिलने के चलते वे अस्पताल नहीं जा पा रहे हैं। इधर स्वजनों ने 108 एंबुलेंस में फोन लगाया तो पता चला कि चालक हड़ताल पर हैं। जिसके कारण गरीब घायलों व बीमार लोगों को निजी वाहन से रिम्स ले जाना पड़ रहा है। वहीं ग्रामीण क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने में भारी परेशानी हो रही है।

## लापुंग के दौलैचा गांव में कीचड़ भरे रास्ते से गुजरने को मजबूर हैं लोग



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** लापुंग प्रखंड के दौलैचा गांव के साहू टोली में रास्ता कीचड़ में तब्दील हो गई है। इस रास्ते से दर्जनों लोगों का प्रतिदिन आना-जाना लगा रहता है। वहीं रास्ते में कीचड़ के कारण लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों को कीचड़ से होकर आवागमन करना पड़ रहा है। आम रास्ते पर कीचड़ होने के कारण लोग अपने घरों से भी डर- डर के बाहर निकलते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि रास्ते में कीचड़ की वजह से सबसे ज्यादा परेशानी स्कूल जाने वाले छोटे-छोटे बच्चों को उठानी पड़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस समस्या के बारे में कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधि, विधायक, सांसद व प्रखंड प्रशासन को अगवत करा चुके हैं लेकिन अभी तक कोई ध्यान नहीं दिया गया। वहीं चुनाव के समय वोट मांगने सब पहुंच जाते हैं। ग्रामीणों ने उक्त रास्ते को जनप्रतिनिधियों व प्रशासन से बनाये जाने की मांग की है।

## पांकी विधायक ने पलामू सांसद के प्रयासों को सराहा, प्रधानमंत्री और रेल मंत्री का जताया आभार

# अमृतकाल वर्ष में रेल विश्वस्तरीय सुविधाओं से हो रहा लैस : सांसद

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 508 रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास के शिलान्यास में डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि आजादी के इस अमृतकाल वर्ष में भारतीय रेल विश्वस्तरीय तकनीक एवं जन सुविधाओं से लैस हो रही है। नई-नई रेल लाइनों का निर्माण, इलेक्ट्रिफिकेशन और अनगिनत कार्य तो चल ही रहे हैं। अब रेलवे स्टेशनों का भी नए सिरे से कायाकल्प होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में पहले फेज में देश के 508 रेलवे स्टेशन के पुनः विकास का शिलान्यास हो रहा है, जिसमें पलामू जिले के डालटनगंज, गढ़वा रोड, गढ़वा शहर एवं बंशीधर नगर उंटारी रेलवे स्टेशन का पुनः विकास का कार्य प्रारंभ होने जा रहा है। स्टेशनों पर नागरिकों के सुविधा के लिए एक्सीलेटर सीढ़ी, लिफ्ट, प्रतिक्षालय, शौचालय, लंबी चौड़ी प्लेटफार्म, लाइट एवं अन्य सुविधाएं बढ़ाना है। बीते कुछ वर्षों में इस क्षेत्र में रांची-सासाराम, चोपन-रांची एवं अन्य ट्रेनों का परिचालन शुरू हुआ है। कई ट्रेनों के फेरों में भी बढ़ोतरी की गई है आगे आने वाले दिनों में इस रेलवे मंडल से और कई ट्रेनों का परिचालन इस क्षेत्र से होगा। जिससे आवागमन में लोगों को सुविधा मिलेगी। दूसरे फेज में मुगलसराय डिवीजन का क्षेत्र जपला, हैदरनगर, मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की योजना स्वीकृत हुई है जिसका शिलान्यास प्रधानमंत्री जी आगामी महीनों में करेंगे। वहीं, पांकी विधायक शशिभूषण मेहता ने पलामू सांसद के प्रयासों को सराहाते हुए रेलवे क्षेत्र में पुनविकास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं रेलवे मंत्री का आभार व्यक्त किया। चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर (गति शक्ति) राम मूरत सिंह वरीय मंडल संरक्षा अधिकारी मनीष सौरव, सहायक मंडल अभियंता अर्जुन सिंह ने मंचासीन सांसद, विधायक एवं अतिथियों को शाल एवं बुके देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के शुरूआत में रोटरी स्कूल एवं एमकेडीएवी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत एवं नृत्य से सभी का मन मोह लिया। देश और रेलवे में क्या अच्छा हो रहा है भाषण प्रतियोगिता एवं निबंध लेखन में निष्ठा लाठ, त्रिशिका सहदेव, स्वाति रानी, समर तिवारी, अर्पित,अनुराग, आदित्य कुमार तिवारी,चित्रांकन प्रतियोगिता में कृष्लय सिंह, कौस्तुभ कुमार दूबे, आर्या सिंह, रोटरी स्कूल के नैना सिंह, प्रियांशु सिंह, उज्जवल राज, अंकित शुक्ला, हर्ष आर्यन एवं निधि कुमारी को पलामू सांसद वीडी राम एवं अतिथियों ने सर्टिफिकेट एवं गिफ्ट देकर पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का संचालन अरविंद सिन्हा एवं धन्यवाद ज्ञापन मनीष सौरभ ने किया। इस मौके पर छतरपुर विधायक पुष्पा देवी, पलामू भाजपा अध्यक्ष विजयानंद पाठक, श्याम नारायण दूबे, विनोद कुमार सिंह, परशुराम ओझा, मंगल सिंह, नरेंद्र पांडे, विभाकर नारायण पांडे, मुरारी पांडे, श्याम बाबू, सुरेंद्र विश्वकर्मा, विजय ओझा, शिव कुमार मिश्रा, ईश्वरी पांडे, सोमेश सिंह, संजय कुमार, नंदलाल गुप्ता, कृष्णा गुप्ता, लुडू खान, अमित आनंद, राघवेंद्र तिवारी, छोटू सिन्हा, शशि भूषण पांडे, संजय गुप्ता, आनंद सिंह, किशोर पांडे, मनोरंजन दूबे, रेणुका पांडे, रूपा सिंह, रीना किशोर, किरण अग्रवाल, रेलवे के टीआई अनिल तिवारी, स्टेशन अधीक्षक शशांक शेखर, सीटीआई विकास कुमार, वाणिज्य अधीक्षक मनीषा कुमारी, सीआईटी बीएम पांडे, आईओ अनिल कुमार आदि थे।



ऑनलाइन उद्घाटन के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में सांसद वीडी राम व अन्य।

# छत्तीसगढ़ से विवाहिता को भगाने और धर्म परिवर्तन करा कर निकाह करने का आरोप

**लड़की की बरामदगी के लिए उसके पिता-पति ने पांकी विधायक से लगायी मदद की गुहार**

आजाद सिपाही संवाददाता



**नीलांबर पीतांबरपुर/पलामू)।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा निवासी जितेंद्र मिश्रा की बेटी आकांक्षा मिश्रा को कथित रूप से तरहसी प्रखंड के गुरहा गांव निवासी मोहम्मद साजिद भगाकर अपने घर ले आया और धर्म परिवर्तन कराकर उससे निकाह कर लिया है। जबकि लड़की पहले से ही शादीशुदा है। अब लड़की के पिता जितेंद्र मिश्रा और पति नितिन गुप्ता रविवार को पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशि भूषण मेहता के नीलांबर पीतांबरपुर स्थित आवास पहुंचे। उन्होंने विधायक को गुरहा पंचायत के मुखिया द्वारा भेजे गए नोटिस की कॉपी देते हुए लड़की की बरामदगी की गुहार लगायी है। इस पर पांकी विधायक ने 24 घंटे के अंदर आकांक्षा मिश्रा को बरामद कर उसे लड़की के पिता को सौंपने का प्रशासन को अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने कहा कि यदि लड़की की वापसी नहीं होती है तो वे प्रखंड का घेराव करेंगे। मामले पर सनातन धर्म सभा के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत तिवारी ने भी लड़की को बरामद करने की मांग प्रशासन से की है। वहीं, लड़की के पिता जितेंद्र मिश्रा ने बताया कि उनकी बेटी बीएड की परीक्षा देने भीलाई गई थी। इधर, दो अगस्त को गुरहा के मुखिया द्वारा भेजा गया नोटिस प्राप्त हुआ। जिसमें लिखा गया था कि उनकी लड़की ने धर्म परिवर्तन कर मोहम्मद साजिद से निकाह कर लिया है। एक महीने के समय अवधि के अंदर अपना पक्ष रखने का नोटिस दिया गया था। चिट्ठी 5 जुलाई को साइन की गयी है। जबकि चिट्ठी को 25 जुलाई को स्पीड पोस्ट किया गया है। इससे जाहिर होता है कि चिट्ठी में बैक डेट डालकर धर्म परिवर्तन एवं निकाह कराने की साजिश रची गई थी।

### साजिद के संपर्क में कैसे आयी आकांक्षा

आकांक्षा के पिता की मानें तो छत्तीसगढ़ के सरगुजा में ही साजिद मैकेनिक का काम करता था। जबकि उनकी लड़की सूरजपुर में एक निजी विद्यालय में पढ़ायी थी। उसी विद्यालय में आकांक्षा के पति नितिन भी पढ़ाते है। वहां कैसे संपर्क में आइ उन्हें नहीं पता। जितेंद्र मिश्रा के अनुसार साजिद लड़की को भगा कर या अपहरण करक ले आया है।

इस बाबत सूरजपुर थाना में गुमशुदगी कसाना दर्ज किया था पर दो अगस्त को नोटिस मिलने के बाद सच्चाई का पता चला।

# राजद को बूथ स्तर पर मजबूत करने की जरूरत: संजय यादव



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** राजद के प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक संजय सिंह यादव के पुरंदर बीघा स्थित आवासीय परिसर में रविवार को पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसमें संगठन की मजबूती को लेकर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता व संचालन अनुमंडलीय अध्यक्ष खुर्शीद खान ने किया। प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने कहा कि राजद कार्यकर्ताओं का बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए काम करने की आवश्यकता है। बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाकर ही कोई भी चुनाव जीता जा सकता है। उन्होंने कहा कि राजद के सभी कार्यकर्ता एकजुटता के साथ अपने-अपने क्षेत्र में पार्टी को विस्तार देने के लिए कार्य करें। वहीं प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने कहा कि वर्तमान समय में पूरे क्षेत्र में राजद के प्रति लोगों का रुझान देखने को मिल रहा है। इसलिए सभी कार्यकर्ता बूथ स्तर पर लोगों से जुड़कर संगठन को धारदार बनाए। निवर्तमान नगर अध्यक्ष सह राजद नेता शशि कुमार ने कहा कि पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की कार्यशैली को देखते हुए जनता में राजद के प्रति जबरदस्त उत्साह बना हुआ है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर अधिक से अधिक संख्या में लोगों को पार्टी से जोड़कर संगठन को मजबूत बनाने की अपील की। इस मौके पर राजद के प्रदेश महासचिव रवि यादव, मदन पासवान, प्रदेश सचिव जाकिर अली, गंगा यादव, कमाख्या नारायण सिंह, मुखिया श्रवण राम, बिमलेश पासवान, सुदेश्वर राम, अशोक यादव, कलामुदिन खान, रामजनम सिंह, भरत पासवान, देव कुमार बोस आदि मौजूद थे।

## गढ़वा रोड रेलवे स्टेशन के सौंदर्यीकरण का प्रधानमंत्री ने किया ऑनलाइन शिलान्यास

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गढ़वा रोड रेलवे स्टेशन के सौंदर्यीकरण का ऑनलाइन शिलान्यास किया। मौके पर पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर कुशवाहा, वरिष्ठ भाजपा नेता सुशील कुमार चौबे उर्फ टिकैत चौबे, सांसद प्रतिनिधि अनुज कुमार पांडेय, विधायक प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, वेदप्रकाश शर्मा, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, बीडीओ प्रशांत कुमार हेम्ब्रम, सीओ विक्रम आनंद, इंस्पेक्टर अजय कुमार, रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक, धनबाद रेल मंडल के वरीय मंडल विद्युत परिचालन पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी संजीव कुमार, एडीएमई विकास शुक्ला,मुख्य लोको इंस्पेक्टर एचके सिंह,एसएस सतीश कुमार सहित कई अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## सड़क हादसे में बछड़े की मौत से नाराज पशुपालक ने की 12 घंटे सड़क जाम

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। पीपरा थाना क्षेत्र के बरदाग क्रेशर प्लांट के समीप रविवार अहले सुबह अज्ञात वाहन के धक्के से गाय के बछड़े की मौत हो गई। इससे नाराज बरदाग गांव निवासी पशुपालक कृष्णा यादव ने मुआवजे की मांग को लेकर दुबटिया-जपला मुख्य मार्ग को करीब 12 घंटे तक जाम कर दिया। इससे वाहनों की आवाजाही ठप हो गई।**

# पांच सूत्री मांगों को लेकर पूर्व विधायक शिवपूजन ने शुरू किया आमरण अनशन



आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** पांच सूत्री मांगों को लेकर हुसैनाबाद विस क्षेत्र के पूर्व विधायक सह आजसू के केंद्रीय उपाध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता के नेतृत्व में रविवार से हरिहरगंज पुरानी बस स्टैंड एनएच 98 किनारे आमरण अनशन शुरू कर दिया है। इस दौरान कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने हरिहरगंज, पिपरा प्रखंड सहित पलामू प्रमंडल में उत्पन्न बिजली की मुख्य समस्या और बटाने डेम के गेट को दुरुस्त कर जल संचय व्यवस्था सुनिचित करने सहित पांच सूत्री मांगों को गंभीरता पूर्वक लेते हुए ग्रामीण व शहरवासियों को बेमियादी आमरण अनशन में शामिल हो कर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पलामू प्रमंडल की जनता बिजली की समस्या से जूझ रही है। बिजली के बिना जिले कि संपूर्ण आबादी सुखाड़ की मार झेल रही है और स्थानीय जन प्रतिनिधि विभाग के साथ कुंभकरणी निद्रा में सोई हुई है। इस दौरान उन्होंने मांग पूरी नहीं होने तक आमरण अनशन जारी रखने का अह्वान किया। आमरण अनशन में आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी, उपाध्यक्ष विशाल वर्मा, प्रखंड अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह, मुखिया जितेंद्र पासवान, गणेश शौंडीक, सोनू जायसवाल, रविंद्र मेहता, नौशाद आलम, राणा पासवान, मृत्युंजय मेहता, रामराज सिंह, रंजीत मेहता, मुकेश मेहता, पंकज मौर्या, शिवनंदन यादव, सनोज साव, राजेंद्र यादव, सुनील मेहता, संजय मेहता आदि शामिल हैं।

# मेधा शिविर से झारखंड के दिव्यांगों में जागृत होगी आशा की एक नयी किरण: अशोक

आजाद सिपाही संवाददाता




**विश्रामपुर/पलामू।** रेहला ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड, महिला मंडल व उदयपुर नारायण सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को शल्य चिकित्सार्थ जांच -चयन व लिंब माप शिविर आयोजित किया गया। आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल परिसर में आयोजित इस शिविर में कुल 351 दिव्यांगों का मेजरमेंट लिया गया। शिविर का उद्घाटन ग्रासिम इंडस्ट्रीज के इकाई प्रमुख अशोक गुप्ता, महिला मंडल अध्यक्षा मंजू गुप्ता, एचआर हेड अजीत तिवारी व नारायण सेवा संस्थान के जनसंपर्क प्रमुख भगवान प्रसाद गौड़ ने किया। समारोह की अध्यक्षता महिला मंडल अध्यक्षा मंजू गुप्ता व संचालन डॉ सुदापा बोस ने किया। संस्थान प्रमुख अशोक गुप्ता ने कहा कि आदित्य बिरला ग्रुप की चेयरपर्सन राजश्री बिरला की प्रेरणा से आयोजित यह शिविर झारखंड के दिव्यांगों मे आशा की एक नई किरण जागृत करेगा। हमारा प्रयास है कि दिव्यांगो के चेहरों पर मुस्कान ला सकें। कहा कि ग्रासिम के अलावा महिला मंडल और नारायण सेवा संस्थान की कर्मठ टीम द्वारा समाज कल्याण व दिव्यांगों की सेवा का यह पुनीत कार्य संभव और सफल हो पाया। हम भविष्य में भी झारखंड के दिव्यांगों को हर संभव मदद पहुंचाने का प्रयास करते रहेंगे। मंजू गुप्ता ने शिविर आयोजन में सहयोग के लिए नारायण सेवा संस्थान के संस्थापक कैलाश मानव और अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल के प्रति आभार प्रकट किया। एचआर हेड अजीत तिवारी ने कहा कि मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। इससे पहले नारायण सेवा संस्थान के प्रवक्ता एवं जनसंपर्क प्रमुख भगवान प्रसाद गौड़, शिविर प्रभारी लाल सिंह भाटी ने अशोक गुप्ता, मंजू गुप्ता, त्रिवेणी देवी गुप्ता, अजीत तिवारी, फाइनेंस हेड शिवम पाठक, तकनीकी हेड हरदीप कोहली, पावरप्लांट हेड दीपक शर्मा, सीएसआर के अनिल गिरी व प्राचार्य संजय खन्ना का मेवाड़ी पगड़ी पहनाते हुए प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। शिविर में कुल 351 दिव्यांग आए। जिसमें 45 को शल्य चिकित्सा के लिए वहीं दुर्घटना के शिकार हुए अंग विहीन 250 दिव्यांगों का कृत्रिम अंग के लिए व 30 दिब्यांगों का केलीपर्स के लिए माप लिया गया। शल्य चिकित्सा के लिए चिंहित रोगियों को राजस्थान उदयपुर भिजवाकर निःशुल्क ऑपरेशन कराया जायेगा।

## जनहित के मुद्दों के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं मुमताज खान



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांकी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी मुमताज अहमद खान सामाजिक कार्य और जनहित मुद्दा में हमेशा बढ़ चढ़कर भाग लेते है। विधानसभा अंतर्गत लोगों के यहां चाहे किसी भी तरह का कार्यक्रम हो वह जरूर भाग लेते हैं। क्षेत्र वासियों की किसी भी तरह की परेशानी होने की सूचना मिलने पर समस्या का हल करने के लिए हमेशा तत्पर रहते है। इसी कड़ी में मेदिनीनगर के विष्णु मंदिर के बगल में थोक सब्जी विक्रेता अपना दुकान लगाया करता था। जिससे यातायात में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। सब्जी विक्रेताओ को भी रोजी रोटी की समस्या थी। मुमताज खान ने कहा कि मुझे सूचना मिला कि सब्जी विक्रेताओ की दुकान को हटाया जा रहा है। मैंने जिला के आला अधिकारी से मिलकर साथ ही सभी वर्ग समुदाय और लोगों के आपसी सहमति से तत्काल विकल्प के रूप में सरकारी बस डिपो परिसर में व्यवस्था की गई। सब्जी विक्रेताओ में खुशी का माहौल देखा गया।

## हुसैनाबाद में पंचायत स्वयंसेवकों की बैठक

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पंचायत स्वयंसेवको की बैठक सरोवर पार्क के ब्लॉक रोड स्थित पंच मंदिर में हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष राहुल कुमार सिंह ने की। राज्य पंचायत स्वयंसेवक संघ के आह्वान पर आयोजित इस बैठक में संगठन की ओर से जारी निर्देश से अवगत कराया गया। अध्यक्ष राहुल कुमार सिंह ने बताया कि यह बैठक कार्यरत सक्रिय पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक की सूची राज्य संघ को उपलब्ध कराना है। स्वयंसेवको की मांग को लेकर संघ सक्रिय है। कहा कि सरकार अपने वादों से मुकर रही है। जबतक हमारी मांगे पूरी नहीं होती तबतक आंदोलन जारी रहेगा। इस मौके पर राहुल प्रजापति, पम्मी कुमारी, इंद्रमणि कुमार, प्रकाश कुमार वर्मा, विजय रंजन, ममता कुमारी, जितेंद्र कुमार, अनिता कुमारी, बबन कुमार, सुधीर शर्मा, जितेंद्र पासवान, संजीव सिंह और सुधा कुमारी आदि मौजूद थे।

# स्पोर्ट्स



**2003 के उपविजेता स्वीडन ने रविवार को फीमा महिला विश्वकप के प्री क्वार्टर फाइनल में बड़ा उलटफेर करते हुए चार बार के विजेता अमेरिका को पेनाल्टी शूटआउट में 5-4 से हराकर बाहर कर दिया।**

## फीफा महिला वर्ल्ड कप : स्वीडन-नीदरलैंड क्वार्टर-फाइनल में

# चार बार के विजेता अमेरिका शूटआउट में हारकर टूर्नामेंट से बाहर

एजेंसी

**मेलबर्न।** 2003 की उपविजेता स्वीडन ने रविवार को प्री-क्वार्टर फाइनल में बड़ा उलटफेर करते हुए चार बार के विजेता अमेरिका को पेनाल्टी शूटआउट में 5-4 से हराकर महिला फुटबाल विश्वकप से उसे बाहर कर दिया। मौजूदा विजेता अमेरिका लगातार खिताबी हैट्रिक लगाने की कोशिश में था, लेकिन स्वीडन ने उसे ऐसा करने से रोक दिया। दोनों टीमों के बीच निर्धारित और फिर अतिरिक्त समय (30 मिनट) तक मुकाबला गोलरहित (0-0) रहा था, जिसके बाद मैच का नतीजा



निकालने के लिए पेनाल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया जहां स्वीडन ने बाजी मारी। अब स्वीडन क्वार्टर फाइनल में साल 2011 विश्व कप के विजेता जापान से भिड़ेगा।

### अमेरिका का सबसे खराब प्रदर्शन

अमेरिका का यह सबसे खराब प्रदर्शन है। टीम पहली बार टूर्नामेंट के प्री-क्वार्टर फाइनल से आगे बढ़ने में नाकाम रही है। इस विश्वकप में यह पहला मुकाबला है जो अतिरिक्त समय तक गया है।

### हर्टिग के गोल से जीता स्वीडन

पेनाल्टी शूटआउट में छह प्रयास के बाद दोनों टीमें 4-4 की बराबरी पर थी। इसके बाद अमेरिका की ओहारा गोल नहीं कर पाईं, जबकि लिना हटिग ने गोल कर स्वीडन को क्वार्टर फाइनल में पहुंचा दिया। अमेरिका की गोलकीपर एलिसा नैहर ने कहा कि उन्होंने हर्टिग के गोल को बचा लिया था, लेकिन रेफरी ने वार की मदद से इसे गोल पोस्ट में लाइन के अंदर करार दिया जिसके बाद स्वीडन के खिलाड़ी और समर्थक जश्न मनाने लगे।

वहीं, मैच के नियमित और अतिरिक्त समय में अमेरिका का दबदबा रहा था, लेकिन स्वीडन की गोलकीपर और रक्षापंक्ति ने उसके प्रयासों को विफल कर दिया। स्वीडन की गोलकीपर जेसीरा मुसोविच ने 11 बार गोल नहीं होने दिए।

# आचार्यकुलम के प्रिंस महतो का झारखंड जूनियर वुशु टीम में चयन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रविवार से 11 अगस्त तक पटना में आयोजित 22वीं जूनियर नेशनल वुशू प्रतियोगिता के लिए आचार्य कुमल स्कूल के प्रिन्स कुमार महतो का चयन झारखण्ड टीम में किया गया है। प्रिन्स ने धनबाद में हुए राज्यस्तरीय वुशू प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता था। जिससे उसका चयन झारखण्ड टीम में हुआ। इसके चयन पर प्रिंसपल सुजाता कौरा, स्वामी दिव्यादेव, कोच दीपक गोप ने शुभकामनाएं दी है।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 07 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in



## झरिया के बस्ताकोला में विस्फोटक फैक्ट्री खोलने का शुरू हुआ विरोध



**धनसार (आजाद सिपाही)।** बीसीसीएल सीएमडी समीरन दत्ता ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन कर झरिया के बस्ताकोला में विस्फोटक फैक्ट्री खोले जाने की जानकारी दी थी। अखबारों में खबर प्रकाशित होने के बाद झरिया में इसका विरोध शुरू हो गया है। रविवार को धनबाद निर्माण संस्था की झरिया इकाई की ओर से बैठक कर इसका विरोध किया गया। निर्णय लिया गया कि इस मामले में धनबाद डीसी को ज्ञापन देकर विरोध किया जाएगा। वक्ताओं ने कहा कि बीसीसीएल द्वारा एक सुनोयोजीत तरीके से पूर्व में रेल यातायात बंद करा दिया गया। फिर आग और भू-धंसान का भय दिखाकर आरएसपी कॉलेज को उजाड़ दिया गया। अब बारुद फैक्ट्री खोलने की तैयारी की जा रही है। बीसीसीएल अब बारुद फैक्ट्री लगा कर कोयलांचल को ब्लास्ट करने का ही नहीं, बल्कि तबाही मचाने की तैयारी कर रहा है। कहा कि बीसीसीएल मौत के मुहाने पर बैठे रजवार बस्ती के रैयत को विस्थापित कर पाने में असफल रहा है इस लिए षड्यंत्र रच रहा। बैठक में उपेंद्र गुप्ता, उमा चरण रजवार, शिव चरण शर्मा, श्रीकांत अम्बष्ट, नरेन्द्र छावड़ा, मनोहर अग्रवाल, विकास अग्रवाल, उमेश तिवारी, प्रदीप तुलसियान, संजय गुप्ता, सुरेन्द्र गुप्ता आदि मौजूद थे।

### अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कतरासगढ़, गोमो और कुमारधुबी रेलवे स्टेशन में आयोजित हुए शिलान्यास समारोह के कार्यक्रम

# धनबाद रेल मंडल के 15 स्टेशनों का होगा कायाकल्प, इलाके में तेज होगा विकास

आजाद सिपाही टीम

**धनबाद/कतरास/चिरकुंडा।** अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत देशभर के 508 स्टेशनों के पुनर्विकास के शिलान्यास में पूर्व मध्य रेल, धनबाद मंडल के कुल 15 स्टेशन भी शामिल हैं। रविवार को जिनका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑनलाइन शिलान्यास किया गया। इन स्टेशनों में अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ पुनर्विकास की योजना है। प्रारंभिक तौर पर धनबाद मंडल मंडल अंतर्गत चयनित चंद्रपुरा, गोमो, कतरास, नगर उंटारी, गढ़वा टाउन, पहारपुर, पारसनाथ, हजारीबाग रोड, कोडरमा, लातेहार, डालटनगंज, गढ़वा रोड, बरकाकाना, रेनुकूट और चोपन स्टेशनों पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकास कार्य होगा। यात्रियों की सुचारू आवाजाही के लिए लिफ्ट और एस्कलेटर के अलावा आधुनिक सुविधाओं से युक्त कॉनकोर्स, प्रतिक्षा गृह, और रिटेल क्षेत्र विकसित किए जा रहे हैं। यात्रियों के आगमन-प्रस्थान व वाहन पार्किंग की भी व्यवस्था की जाएगी।








### इन स्टेशनों के होना है पुनर्विकास

योजना के तहत धनबाद रेल मंडल अंतर्गत पड़ने वाले चंद्रपुरा स्टेशन 26.50 करोड़, गोमो स्टेशन 32.40 करोड़, कतरास स्टेशन 26.90 करोड़, नगर उंटारी स्टेशन 26.30 करोड़, गढ़वा टाउन स्टेशन 25.50 करोड़, पहाड़पुर स्टेशन 28.10 करोड़, पारसनाथ स्टेशन 30.40 करोड़, हजारीबाग रोड स्टेशन 28.10 करोड़, कोडरमा स्टेशन 30.30 करोड़, लातेहार स्टेशन 24.50 करोड़, डालटनगंज स्टेशन 29.20 करोड़, गढ़वा रोड स्टेशन 24.50 करोड़, बरकाकाना स्टेशन 32.60 करोड़, रेनुकूट स्टेशन 31.70 करोड़, चोपन स्टेशन 30.90 करोड़ रुपये की लागत से विकास कार्य किया जाना प्रस्तावित है।




### कतरासगढ़ और गोमो स्टेशन में भी कार्यक्रम आयोजित

कतरास। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रविवार को 26.9 करोड़ रुपये की लागत से कतरासगढ स्टेशन के सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास प्रधानमंत्री ने ऑनलाइन किया। प्लेटफार्म नंबर एक पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि और रेल अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में बतौर अतिथि बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो और भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह मौजूद रहे। अपने संबोधन में विधायक ढुल्लू महतो ने कतरासगढ स्टेशन का आधुनिकीकरण किए जाने को लेकर प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। कहा कि यह विकास कार्य सीधे तौर पर आम लोगों को लाभावित करेगा। कहा कि वे और सांसद सीपी चौधरी पूर्व में कतरासगढ़ स्टेशन के विकास को लेकर रेल मंत्री से मिले थे। आज वह मांग पूरी हो गई है। विरोधियों की जुबान बंद हो गई है। कार्यक्रम में डीइएन आरके सिंह, डीइएन टू अजित सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष के प्रतिनिधी शेखर सिंह, शत्रुघ्न महतो, प्रिंस शर्मा, महेश पासवान, सुरेश साव आदि उपस्थित थे। वहीं नेता जी सुभाषचंद्र बोस (गोमो) स्टेशन का भी 32.40 करोड़ रुपए की लागत से होने वाले सौंदर्यीकरण का शिलान्यास हुआ। प्लेटफार्म संख्या एक और दो पर आयोजित कार्यक्रम में काफी संख्या में रेल अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे। इस दौरान नेताजी सुभाषचंद्र बोस को श्रधांजलि भी दी गई। कार्यक्रम में मौजूद विधायक मथुरा महतो ने गोमो सहित धनबाद रेल मंडल अंतर्गत कुल 15 स्टेशनों का आधुनिकीकरण किए जाने के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया।

### आसनसोल रेल मंडल के कुमारधुबी स्टेशन का भी होगा पुनर्विकास, हुआ शिलान्यास

प्रधानमंत्री ने आसनसोल रेल मंडल अंतर्गत कुमारधुबी रेलवे स्टेशन का 17 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले पुनर्विकास कार्य का भी शिलान्यास ऑनलाइन हुआ। ईस्टर्न रेलवे के आसनसोल डिवीजन के सीनियर डीईएमएस के तिवारी, निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता, चिरकुंडा नगर परिषद के निवर्तमान अध्यक्ष डब्ल्यू बाउरी, निवर्तमान उपाध्यक्ष जय प्रकाश सिंह, एग्यारकुंड बीडीओ विनोद कुमार कर्मकार, रेलवे के कई अधिकारी के अलावे स्कूली बच्चे भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चो ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। निरसा विधायक ने स्कूली बच्चों को पुरस्कार दिया। अपने संबोधन में विधायक अपर्णा सेन ने कहा कि जब से हमारे देश में नरेंद्र मोदी की सरकार आई है तब से विकास कार्यों में निरंतर बढ़ोतरी होती रही है। कुमारधुबी स्टेशन के अमृत स्टेशन के श्रेणी में रखा जाना निरसा विधानसभा के लिए सौभाग्य की बात है। पुनर्विकास कार्य के तहत कुमारधुबी स्टेशन में दक्षिण छोर पर नए स्टेशन भवन का निर्माण, यातायात संचालन, सौंदर्यीकरण, प्रतीक्षालय, टिकट काउंटरों में सुधार, शौचालयों में सुधार, फर्नीचर, लिफ्ट, वेटिंग हॉल, एक्सलेटर, स्वच्छता, मुफ्त वाईफाई, प्रकाश की व्यवस्था इत्यादि जैसी सुविधा उपलब्ध कराया जाएगा। कार्य पूर्ण करने की तिथि अगले वर्ष 2024 के मार्च माह तक निश्चित की गई है।

## उत्पाद मंत्री बेबी देवी ने नावाडीह प्रखंड में किया विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास



**नवाडीह (आजाद सिपाही)।** राज्य की उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री बेबी देवी ने नावाडीह प्रखंड में झारखंड कल्याण विभाग से स्वीकृत विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया। नावाडीह प्रखंड अंतर्गत चपरी पंचायत के ढोंगा पानी गांव, कंजकिरो के अंधुवा गांव व गोनियाटो पंचायत के परसाबेड़ा में मांझी हाउस और भलमारा पंचायत के बारीडीह गांव में चहारदीवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मंत्री बेबी देवी ने कहा कि मेरे पति दिवंगत मंत्री जगरनाथ महतो हमेशा आदिवासियों के कल्याण के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। अब उनके अधूरे कार्य को आगे ले जाना ही उनका उद्देश्य है। साथ ही कहा कि आदिवासी समाज को बैठक के लिए पेड़ के नीचे बैठना पड़ता था। अब मांझी हाउस निर्माण होने से सुविधा होगी। इस मौके पर प्रमुख पूनम देवी, उप प्रमुख हरिलाल महतो, जिला परिषद सदस्य फूलमती देवी, चपरी मुखिया आरती देवी, पंसस ममता देवी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष गणेश महतो, सचिव सोनाराम हेंब्रम, तापेश्वर महतो, तारो महतो मनोज मुर्मू, विनोद महतो, वीरेंद्र महतो आदि उपस्थित थे।

# सभी को अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का एहसास होना बेहद जरूरी है : न्यायाधीश अहसानुद्दीन अमानुल्लाह

**रिमांड और जमानत न्यायशास्त्र के प्रमुख मुद्दे विषय पर क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन**
**- शामिल हुए सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश अहसानुद्दीन अमानुल्लाह, झारखंड हाई कोर्ट के न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा व अन्य**
**- बेल इज रूल, जेल इज एक्सेप्शन पर विस्तार से चर्चा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** न्यायिक अकादमी, झारखंड के सहयोग से बोकारो जजशिप एवं बोकारो जिला प्रशासन की ओर से रिमांड और जमानत न्यायशास्त्र के प्रमुख मुद्दे विषय पर रविवार को क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन बोकारो स्टील सिटी के एचआरडी ऑडिटोरियम में हुआ। उक्त सम्मेलन में सुप्रीम कोर्ट और झारखंड हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति/न्यायाधीश, राज्य के विभिन्न जिलों से माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, न्यायिक पदाधिकारीग/पुलिस पदाधिकारी जिलों के वरीय पदाधिकारीगण, अधिवक्तागण आदि शामिल हुए। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह ने अपने संबोधन में बेल इज रूल, जेल इज एक्सेप्शन पर विस्तार से जानकारी दी। न्यायमूर्ति ने धारा 41 एवं 41अ दप्रस के तहत पुलिस द्वारा मुजरिमों को गिरफ्तार करने के दौरान पुलिस के कर्तव्य एवं जिम्मेदारियों को विस्तार से बताया गया। वहीं, उच्चतम न्यायालय के जजमेंट सतेन्द्र कुमार अनटील बनाम सीबीआइ 2023 एवं अरनेस कुमार बनाम बिहार राज्य में पुलिस और न्यायिक दण्डाधिकारी को दिये गये दिशा-निर्देश का पालन करने पर चर्चा किया गया। कार्यक्रम के सम्मानित अतिथि मुख्य न्यायाधीश झारखंड उच्च न्यायालय-सह- संरक्षक-प्रमुख न्यायिक अकादमी झारखंड न्यायमूर्ति संजय कुमार मिश्रा ने वादों के निष्पादन से संबंधित अपने अनुभवों को साझा किया। इंटरेक्शन सेशन में पुलिस पदाधिकारियों/पब्लिक प्रोसिक्यूटर आदि के कई वादों पर कानून सम्मत प्रकाश डाला। न्यायाधीश आनंदा सेन ने बेल जमानत और अपराधिक जमानत से संबंधित नए पहलुओं के संबंध में विस्तार से चर्चा किया। वहीं, डीजी सीआइडी अनुराग गुप्ता ने अपने संबोधन में डिजिटल साक्ष्य को कैसे प्राप्त किये जाये और कैसे न्यायालय में प्रस्तुत किये जाये उसे सरल एवं रोचक तरीके से विस्तार से बताया। अधिवक्ता आनंदवर्धन ने अनुसंधान एवं त्वरित वाद निष्पादन और न्यायपालिका में तेजी से न्याय करने की चुनौतियों के बारे मे ज्ञानवर्धन प्रदान की। इसके अलावा सम्मेलन में झारखंड उच्च न्यायालय के अधिवक्ता ने खादान एवं खनिज अधिनियम के तहत होने वाले अपराधों एवं प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इससे पूर्व कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे सुप्रीमो कोर्ट और हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा, न्यायाधीश एस चन्द्रशेखर, न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद, न्यायाधीश आनंदा सेन, न्यायाधीश आर मुखोपाध्याय, प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, न्यायाधीश राजेश शंकर, न्यायाधीश दीपक रौशन, न्यायाधीश संजय प्रसाद आदि को पुष्प गुच्छ देकर एवं आदिवासी परंपरा के अनुसार ढ़ोल-नगारों के साथ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुमारी रंजना अस्थाना, डीसी कुलदीप चौधरी, एसपी प्रियदर्शी आलोक, डीडीसी कीर्तीश्री जी आदि पदाधिकारियों ने स्वागत किया।

## कतरास भाजपा महिला मोर्चा ने मनायी स्व सुषमा स्वराज की पुण्यतिथि



**कतरास (आजाद सिपाही)।** कतरास भाजपा महिला मोर्चा ने रविवार को पार्टी कार्यालय में पूर्व विदेश मंत्री स्व सुषमा स्वराज की पुण्यतिथि मनायी। भाजपा जिला मंत्री कंचन चौरसिया ने कहा कि स्वर्गीय सुषमा स्वराज भारतीय संस्कृति की पर्याय, मृदु भाषी एवं ओजस्वी वक्ता थी। सुषमा स्वराज के भाषण में ऐसा जादू था की विपक्षी भी मुरीद हो जाते थे। वे मिलनसार व अत्यंत प्रभावशाली व्यक्तित्व की धनी और एक सक्षम राजनेता थी। आज समाज के महिलाओं और बेटियों को इनके जीवन से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। मौके पर जानकी देवी, आरती देवी, उषा पटवा, सत्या देवी, सपना सिंह उपस्थित थी।

## प्रत्यारोपण के लिए बनाये जा रहे कृत्रिम अंगों को नशे में धुत युवकों ने तोड़ा, तलाश में जुटी पुलिस



**धनसार/झरिया (आजाद सिपाही)।** नशे में धुत दो-तीन युवकों ने शनिवार देर रात श्री श्याम प्रभु भवन में चल रहे अंग प्रत्यारोपण शिविर के लिए बनाए जा रहे कृत्रिम पांव और हाथ समेत कई उपकरणों को तोड़ दिया। जानकारी के मुताबिक झरिया मारवाड़ी युवा मंच एवं समृद्धि शाखा की ओर से दो दिवसीय कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आरंभ शनिवार को श्री श्याम प्रभु भवन में किया गया था। शिविर में आये लोगों की जांच के उपरांत कृत्रिम हाथ पैर लगाने वालों का नाप लिया गया था। सभी के लिए उपकरण बनाये जा रहे थे। इसी बीच देर रात श्याम प्रभु ग्राउंड में नशे में धुत होकर जन्मदिन मना रहे 2-3 युवकों ने जमकर उत्पात मचाया। युवकों ने उपकरण बना रहे कर्मियों को धमकियां देते हुए कृत्रिम अंग और लाभार्थियों के नाप को तोड़ दिया। इसकी सूचना मिलते ही मौके पर मारवाड़ी युवा मोर्चा व मारवाड़ी समाज के लोग काफी संख्या में जुट गए। इसकी जानकारी लिखित शिकायत कर झरिया पुलिस को दी। शिकायत मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपित युवकों की तलाश में उनके घर पर छापामारी की, लेकिन सभी युवक अपने घर से फरार थे। नशेड़ी युवकों की करतूत मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर भी आरोपियों की तलाश कर रही है। वहीं, स्थानीय लोगों ने बताया कि मंदिर के बाहर प्रतिदिन सुबह शाम असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। असामाजिक तत्व पूजा के लिए मंदिर आने वाली महिलाओं से बदतमीजी व फब्तियां कसते हैं। कई बार मंदिर कमेटी के लोगों ने झरिया पुलिस से शिकायत भी की है लेकिन पुलिस भी कुछ नहीं करती।

### ढुल्लू महतो के गांव चिटाही में जमकर दहाड़े जयराम महतो

# बाघमारा विधायक ने भ्रष्टाचार कर अर्जित की 16 हजार करोड़ की संपत्ति : जयराम

**कहा : सांसद और विधायक मिलकर कर रहे हैं व्यापार**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कतरास।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के अध्यक्ष जयराम महतो शनिवार की देर शाम चिटाही में टुंडू पंचायत में आयोजित सभा में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए झारखंड सरकार और बाघमारा विधायक पर जमकर निशाना साधा। कहा कि हम बदला लेना नहीं, बल्कि बदलाव में विश्वास रखते हैं। जयराम महतो ने स्थानीय सांसद और विधायक पर जमकर भड़ास निकाली। कहा कि दोनों पार्टनर बनकर व्यापार कर रहे हैं। भ्रष्टाचार से ढुल्लू महतो ने 16 हजार करोड़ रुपये की संपत्ति अर्जित की है। कहा कि चिटाही की इस धरती से बाघमारा विधायक को आगाह करता हूं कि गरीब, असहाय परिवारों का शोषण करना बंद करें। जयराम ने कहा कि झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में सभी सीटों पर अपनी दावेदारी अकेले करेगी और जब तक 1932 के रूप में स्थानीय नीति लागू नहीं होती तब तक सड़क से सदन तक आंदोलन करते रहेंगे। इस दौरान मुखिया ने बाघ की आकृति का स्मृति चिन्ह जयराम को भेंट किया। मौके पर मुखिया बिनोद नापित, किरण महतो, रतन नापित आदि थे।

## प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने लगाया बदसलूकी का आरोप, थाने में दर्ज करायी शिकायत

**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** कनकनी कोलियरी अंतर्गत संचालित रामअवतार आउटसोर्सिंग कंपनी में चक्का जाम आंदोलन कर रही रैयत महिलाओं ने रविवार को कोलियरी व आउटसोर्सिंग प्रबंधन पर बदसलूकी करने का आरोप लगाते हुए लोयाबाद थाने में लिखित शिकायत दर्ज करायी है। रैयत तारिणी देवी ने बताया कि रविवार की सुबह 11 बजे अन्य ग्रामीण महिलाओं के साथ वो भी धरने पर बैठी थी। तभी कनकनी कोलियरी परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह, प्रबंधक गोपाल सिंह एवं राम अवतार आउटसोर्सिंग कंपनी के साईट इंचार्ज सुनील सिंह अन्य तीन चार लोगों के साथ धरनास्थल पर आए और महिलाओं को गाली गलौज करते हुए वहां से हट जाने को कहा। जब ग्रामीण महिलाओं ने तालाब में गिराए ओबी को नहीं हटाने तक धरना समाप्त नहीं करने की बात कही तो तीनों गंदी नियत से महिलाओं का हाथ पकड़कर खिंचने लगे।

## विकास की ऊंचाई पर चढ़ने से पहले एक अच्छा इंसान बनें : दीप नारायण



आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** श्यामडीह सरस्वती शिशु मंदिर में यूथ फोर्स की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें 2022-2023 सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्रों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित जदयू के प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने कहा कि यूथ फोर्स एक सामाजिक संगठन है जो छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रति वर्ष प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन करता आ रहा है। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं को जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में सफलता मिले, इसकी कामना यूथ फोर्स करती है। कहा कि आप जीवन में कितना भी सफल हो जाएं पर सबसे पहले एक अच्छा इंसान जरुर बनें, क्योंकि एक अच्छे इंसान से ही हम एक अच्छे समाज का निर्माण कर सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन यूथ फोर्स के केंद्रीय सचिव सूरज कुमार सिंह व धन्यवाद ज्ञापन गोपाल चंद्र गोप ने किया। इस मौके पर सरस्वती शिशु मंदिर श्यामडीह के प्रधानाचार्य अभिमन्यु सिंह, सपन दूबे, बिंदु देवी, जरिया देवी, माला चौहान, गुलशन प्रवीण, जितेंद्र कुमार पांडेय, फुलचंद दास, कमलेश मंडल, अजमत अंसारी, गौतम कुमार पांडेय आदि उपस्थित थे।

# आपदा प्रबंधन और वामपंथी उग्रवाद नियंत्रण में ओड़िशा का काम सराहनीय : अमित शाह

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर/नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने भुवनेश्वर में एक बैठक में ओड़िशा में आपदा प्रबंधन और वामपंथी उग्रवाद (LWE) की समीक्षा की। बैठक में ओड़िशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक, केंद्रीय गृह सचिव और गृह मंत्रालय एवं राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। गृह मंत्री ने राज्य द्वारा आपदा प्रतिक्रिया से आपदा न्यूनीकरण की दिशा में की गयी पहल का स्वागत किया, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत को आपदा प्रतिरोधी बनाने के विजन के अनुरूप है। अमित शाह ने ओड़िशा को आपदा प्रतिरोधी बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा किये जा रहे न्यूनीकरण प्रयासों में



केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया।

अमित शाह ने आपदा प्रबंधन के लिए राज्य द्वारा की गयी तैयारियों की सराहना की, जिसमें 1999 में आये भीषण चक्रवाती तूफान के बाद से काफी प्रगति हुई है। उन्होंने सलाह दी कि राज्य में आपदा मित्रों और आपदा वॉरियर्स को बहु-आपदा ट्रेनिंग दी जानी चाहिए। विशेष रूप से रासायनिक एवं परमाणु आपदाओं और ऐसी आपदाओं से निपटने के लिए जो कि बिना किसी चेतावनी के घटित होती हैं। गृह मंत्री ने यह सुझाव भी दिया कि होम गार्ड स्वयंसेवकों को मजबूत किया जाना चाहिए और उन्हें आपदा प्रतिक्रिया संबंधी प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। इसके अलावा राज्य में स्थापित बहुउद्देश्यीय चक्रवात आश्रयों के रखरखाव को सुनिश्चित करने के लिए बजट मद में से नियमित रुप से धन उपलब्ध कराया जाना चाहिए। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने राज्य प्रशासन को SoPs (मानक संचालन प्रक्रियाएं) अपनाने और बिजली, लू एवं जंगल की आग से लोगों की जान बचाने के लिए उचित तैयारी और शमन के प्रयास करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने आपदाओं के दौरान जानवरों की सुरक्षा पर भी ध्यान देने पर जोर दिया। केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री ने बालेश्वर ट्रेन दुर्घटना के दौरान उत्कृष्ट सहयोग के लिए राज्य सरकार को धन्यवाद दिया और ग्राम स्तर के स्वयंसेवकों एवं पूरे राज्य के प्रशासन तंत्र के प्रयासों की सराहना की।

केंद्रीय गृह मंत्री ने वामपंथी उग्रवाद को लेकर राज्य सरकार के प्रयासों की सराहना की और केंद्र सरकार के प्रयासों में सहयोग करने के लिए वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास में निवेश करने की सलाह दी।

श्री अमित शाह ने राज्य सरकार को वामपंथी उग्रवाद समाप्त करने के लिए केंद्रीय बलों के समर्थन का आश्वासन दिया। उन्होंने वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में सड़क और संचार नेटवर्क को मजबूत करने, विशेष रूप से सभी गांवों को इंटरनेट से जोड़ने में, हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि हमें कनेक्टिविटी, शिक्षा और रोजगार की कमी समेत वामपंथी उग्रवाद को बढ़ाने में योगदान करने वाले सभी मुद्दों का समाधान करना चाहिए।

## न्यूज रील्स

### अमित शाह-अजित पवार पहली बार मंच पर साथ आये

पुणे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो दिन के महाराष्ट्र दौरे पर हैं। शाह ने रविवार को पुणे में सेंट्रल रजिस्ट्रार को-ऑपरेटिव सोसाइटी का पोर्टल लांच किया। इस दौरान उन्होंने महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार के साथ पहली बार मंच साझा किया। शाह ने भाषण में कहा, अजित दादा उप मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार आये हैं और मैं पहली बार इनके साथ मंच साझा कर रहा हूं। मैं दादा को एक बात कहना चाहता हूं। दादा आप बहुत समय के बाद सही जगह पर बैठे हो। यही जगह सही थी, मगर बहुत देर कर दी आपने। अमित शाह के पास गृह मंत्री के अलावा सहकारिता मंत्री का पद भी है। अमित शाह ने सीआरसीएस डिजिटल पोर्टल लांच करते हुए कहा, मैं घोषणा करना चाहता हूं कि आज सारा सहकारिता का क्षेत्र डिजिटल हो गया है। अब इस पोर्टल से सारे काम होंगे।

### पुलिस पर गांजा तस्करी के आरोप के बाद कार्रवाई

# फिरिंगिया आइआइसी का तबादला

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर/फूलबानी।** पुलिस पर गांजे का कारोबार करने के आरोप में फिरिंगिया पुलिस थाना में हुई मुठभेड़ के बाद पुलिस थाने के आइआइसी का तबादला कर दिया गया है। आइआइसी तपन नाहक को कंधमाल जिला मुख्यालय में स्थानांतरित किया गया है। साथ ही दो आरोपी हवलदारों के खिलाफ भी कार्रवाई की गयी है। दो होमगार्डों को निलंबित कर दिया गया है। इसकी जानकारी जिले के एसपी शूभेंदु पात्र ने दी।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि थाना आइआइसी और होमगार्ड गांजा कारोबार में शामिल हैं। उसने पुलिस वाहन में गांजा लेकर बेचते हुए का वीडियो भी एसपी को भेजा था, लेकिन आरोपी आइआइसी और उसके साथियों पर कोई कार्रवाई नहीं होने पर लोगों ने थाना में तोड़फोड़ और गाड़ी में आग लगा दी।

उधर, फिरिंगिया थाना जलाने और पुलिसवालों की पिटाई के बाद पुलिस एक्शन मोड में है। इस घटना के बाद हमला करने के आरोप में 30 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने 19 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस वीडियो फुटेज के आधार पर गिरफ्तारियां कर रही है। घटनास्थल पर 12 प्लाटून पुलिस बल तैनात किया गया है। कंधमाल के एसपी शुधेंदु पात्र और दक्षिणाचंल आईजी सत्यब्रत भोई मौके पर हैं। इलाके में धारा 144 लगा दी गयी है।

# सरिया स्टेशन के पुनर्विकास कार्य का पीएम के हाथों हुआ शिलान्यास



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**राजधनवार।** अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 508 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया, जिसमें हजारीबाग रोड स्थित सरिया स्टेशन का शिलान्यास भी प्रधानमंत्री मोदी ने वर्चुअल रूप से किया। कार्यक्रम में कोडरमा की सांसद एवं शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी, पूर्व आइजी एवं विधायक दल के नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह, बगोदर के पूर्व भाजपा विधायक नागेंद्र महतो तथा रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# सम अल्टीमेट मेडिकेयर ने साझा किया जागरूकता संदेश



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** एक व्यक्ति की मौत के बाद भी वह 8 और लोगों की जान बचा सकता है। स्थानीय सम अल्टीमेट मेडिकेयर ने मृत्यु परे बि जीवन नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता का संदेश साझा किया है। यह कार्यक्रम जनता के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए शनिवार को सम द्वारा अंग दान महोत्सव के उत्सव को सचेतन किया गया है। सम द्वारा आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन टूइनीसिटी के पुलिस आयुक्त सौमेंद्र प्रियदर्शी ने किया। श्री प्रियदर्शी ने सम के प्रयासों की सराहना की और अस्पताल के प्रति आभार व्यक्त किया कि कैसे 24 जून को अस्पताल में एक व्यक्ति की मृत्यु के बाद उसके 5 अंग को दान कर के 4 लोगों की जान बचाया गया।

# बीएसएफ जवानों ने 1.10 करोड़ के सोने के बिस्कुट पकड़े

### पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में बाइक से ला रहा था तस्कर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में बीएसएफ के जवानों ने रविवार को सोने के 15 बिस्कुटों के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। बिस्कुटों का कुल वजन 1831.95 ग्राम है। इंटरनेशनल मार्केट में इनकी कीमत करीब एक करोड़ दस लाख रुपये है।



बीएसएफ के अनुसार खुफिया विभाग से जवानों सूचना मिली थी कि उनके इलाके से सोने कि तस्करी होने वाली है। सूचना के आधार पर जवानों ने फिरोजपुर गांव की ओर से एक संदिग्ध व्यक्ति को बाइक चलाकर आते हुए देखा। बोयराघाट सीमा चौकी पर जवानों ने उसे रोका। उससे सोने कि तस्करी के बारे में पूछताछ की। वह घबरा गया और और उसने अपनी मोटरसाइकिल के निचले हिस्से (चैन कवर के पास बनी कैविटी) में सोना छुपाने की बात स्वीकार की। बीएसएफ के जवानों ने तस्कर को मौके पर ही उसे अरेस्ट कर लिया। सीमा चौकी में आकर जवानों ने बाइक के उक्त पार्ट्स को खोला, जहां तस्कर ने सोना छुपा रखा था। उसके बाद तस्कर को भेद खुल गया और सोना सामने आ गया।

**डिलिवरी पर 30 हजार रुपये मिलने थे :** बाइक के पुर्जे खोलने पर जवानों को सोने के 15 बिस्किट मिले। तस्कर इन सभी बिस्किटों को बांग्लादेश से भारत ला रहा था। पकड़े गये तस्कर की पहचान जयरूल शेख, पिता आमिर हुसैन, गांव फिरोजपुर, जिला मुर्शिदाबाद के रूप में हुई है। पूछताछ में उसने बताया कि उसने 4 अगस्त को फिरोजपुर गांव के बाबू शेख (28 साल) से ये सोना प्राप्त किया था। इसके बाद, बाबु शेख के बताये बीएसएफ के ड्यूटी पॉइंट को पार करके यह सोना वह सैयदापुर बाजार में एक अज्ञात व्यक्ति को सौंपने वाला था। उसने बताया कि सोने की सफलतापूर्वक डिलीवरी होने पर उसे बाबू शेख से 30 हजार रुपये मिलने थे। उसने आगे बताया कि वह राज मिस्त्री का काम करता है। बाबू शेख ने उसे पैसों का लालच दिया और वो सोने की तस्करी मे शामिल हो गया। बीएसएफ दक्षिण बंगाल के जनसंपर्क अधिकारी एके आर्य ने बताया कि सोने के तस्कर रोज नये हथकंडे अपनाते और भोले भाले ग्रामीणों को पैसों का लालच देकर ये काम करवाते है।

# ग्लेनमार्क फार्मा और ओमरॉन हेल्थकेयर इंडिया ने मिलाया हाथ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मुंबई।** रिसर्च में अग्रणी एक इंटीग्रेटेड ग्लोबल फार्मास्युटिकल कंपनी ग्लेनमार्क फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड (ग्लेनमार्क) ने होम ब्लडप्रेशर मॉनिटरिंग और हृदय रोग प्रबंधन के लिए सॉल्यूशन उपलब्ध कराने वाली ग्लोबल जापानी कंपनी की भारतीय इकाई ओमरॉन हेल्थकेयर इंडिया के साथ हाथ मिलाया है। यह साझेदारी घर पर रक्तचाप की निगरानी के लिए सही उम्र (18 वर्ष) पर जागरूकता पैदा करने के लिए की गयी है। ग्लेनमार्क और ओमरॉन हेल्थकेयर इंडिया की इस पहल को "Take Charge @18" नाम दिया गया है। इसमें भारत में बेचे जाने वाले प्रत्येक ओमरॉन




ब्लड प्रेशर मॉनिटर में एक इनले कार्ड को शामिल करके इस मुद्दे के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रभावी कम्युनिकेशन शामिल किया गया है। इस जागरूकता अभियान को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने के लिए लगभग 92,000 हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स (एचसीपी) तक पहुंचने का प्रयास किया जायेगा।

ग्लेनमार्क फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड के एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट और हैड ऑफ इंडिया फॉर्मूलेशन आलोक मलिक ने कहा।' उच्च रक्तचाप चिकित्सा में अग्रणी होने के नाते हम सार्वजनिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए समर्पित होकर काम कर रहे हैं। ओमरॉन हेल्थकेयर इंडिया के साथ हमारा सहयोग उच्च रक्तचाप और प्रारंभिक रक्तचाप जांच के बारे में जागरूकता बढ़ाने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। भारत में युवा वयस्कों में उच्च रक्तचाप की घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि हुई है। देश में लगभग 10-30 प्रतिशत युवा वयस्क (40 वर्ष की आयु से कम) उच्च रक्तचाप से पीड़ित हैं। साथ मिलकर, हमारा लक्ष्य है कि हम लोगों को कम उम्र से ही अपने स्वास्थ्य की सक्रिय रूप से रक्षा करने के लिए सशक्त बना सकें। ओमरॉन हेल्थकेयर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर तेत्सुया यामादा ने कहा कि हमने ग्लेनमार्क फार्मास्यूटिकल्स के "Take Charge @18" अभियान के साथ इसलिए साझेदारी की है।































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**